शुक्लयजुर्वेद-माध्यन्दिनसंहिता

वेदार्थपारिजातभाष्यसमन्विता

भाष्यप्रणेतारः

अनन्तश्रीविभूषिताः स्वामिकरपात्रमहाराजाः

७—१० अध्यायात्मको भागः

प्रकाशकः

श्रीराधाकृष्ण धानुका प्रकाशन संस्थानम्

कलकत्ता * वृन्दावनम्

शुक्लयजुर्वेद-माध्यन्दिनसंहिता

वेदार्थपारिजातभाष्यसमन्विता

[७–१० अध्यायात्मको भागः]

भाष्यप्रणेतारः

अनन्तश्रीविभूषिताः स्वामिकरपात्रमहाराजाः

सम्पादको भाष्यनिष्कर्षलेखकश्च

पं० व्रजवल्लभद्विवेदो दर्शनाचार्यः

राष्ट्रपतिपुरस्कृतो राष्ट्रियपण्डितः

सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालये

सांख्ययोगतन्त्रागमविभागाध्यक्षचर आचार्यश्च

भाष्यसार-निबन्धकः

श्री श्रीकिशोरमिश्रो वेदाचार्यः

काशीहिन्दूविश्वविद्यालये संस्कृतविभागे उपाचार्यः

प्रकाशकः

श्रीराधाकृष्णधानुका-प्रकाशनसंस्थानम्

कलकत्ता ० वृन्दावन

श्रीवृन्दावनम् प्रथमसंस्करणम् संवत् २०४१

प्रकाशक :—
श्रीराधाकृष्णधानुका-प्रकाशनसंस्थानम्
कलकत्ता ● वृन्दावन

●

मूल्य : १३०.०० रूप्यकाणि
एक सौ तीस रुपया

●

●

पुस्तकप्राप्तिस्थानम्—

१. श्री राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन सस्थान
C/o मैसूर पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड
११३ पार्क स्ट्रीट, पोद्दार पोइन्ट, कलकत्ता—७०००१६

२. श्री राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन संस्थान
ब्रह्मकुटीर, डी० २५/१८ नारद घाट
वाराणसी (उ० प्र०)

३. श्री राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन संस्थान
धर्मसंघ विद्यालय रमणरेती, वृन्दावन
मथुरा (उ० प्र०)

४. श्री राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन संस्थान
C/o मैसूर पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड
४०१/४०४ राहेजा सेन्टर
२१४, नारीमन पोइन्ट, बम्बई ४०००२१

५. श्री राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन संस्थान
C/o मैसूर पेट्रो केमिकल्स लिमिटेड
ई० ४/२४, ईस्ट पटेल नगर
दिल्ली—८1/1008

मुद्रक—
केशव मुद्रणालय
खजुरी, वाराणसी

परब्रह्मस्वरूप
धर्मसम्राट् पूज्यपाद स्वामी श्री करपात्री जी महाराज

॥ श्री हरिः ॥

प्रकाशकीय वक्तव्य

अनन्तश्रीविभूषित पूज्यपाद प्रातःस्मरणीय स्वामी श्री करपात्रीजी महाराज द्वारा विरचित यजुर्वेदसंहिता के ७–१० अध्यायों के भाष्य को मन्त्रार्थ, मन्त्रसार और भाष्यनिष्कर्ष के साथ प्रकाशित करते हुए हमें अपार हर्ष का अनुभव हो रहा है। इससे पूर्व सबसे पहले पहिले और चालीसवें अध्याय (ईशावास्योपनिषद्) को भाषानुवाद के साथ हमने प्रकाशित कराया है, यह आप लोगों को विदित ही है।

प्रकाशन कार्य विस्तृत है। कई कठिनाइयों के कारण प्रकाशन का कार्य त्वरित गति से नहीं हो पा रहा था। भगवत्कृपा से अब द्वितीय-तृतीय और चतुर्थ-षष्ठ अध्याय वाले भाग भाष्यसार के साथ तथा ११–१५ अध्याय, १६–२० अध्याय और २१–३० एवं ३१–३९ अध्याय वाले भाग भी भाष्यनिष्कर्ष के साथ प्रकाशित हो चुके हैं। इस प्रकार आठ जिल्दों में प्रकाशित हुए इस पूरे भाष्य को विज्ञ पाठकों के शुभ करकमलों में समर्पित कर रहे हैं। सौभाग्य से पूर्व पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी निरंजनदेव तीर्थजी महाराज ने भाष्य के इस भाग पर सिंहावलोकन लिख कर प्रस्तुत भाष्य के गरिमामय अंशों की ओर विज्ञ पाठकों का ध्यान आकृष्ट किया है।

विदित हो, पूज्यपाद श्री स्वामीजी महाराज की अद्वितीय कृति देश के जिन सन्तों, विद्वानों उच्च शिक्षाविदों और अधिकारियों के पास पहुँचती है, वे अत्यन्त प्रभावित होकर हम लोगों को शेष भाग शीघ्र प्रकाशित करने की सत्प्रेरणा सदा देते रहे हैं, आज हम इस पुण्यपावन कार्य को पूरा कर अपने आपको कृतकृत्य समझ रहे हैं। यह सब अनन्तश्री परमश्रद्धास्पद स्वामी जी महाराज के शुभाशीर्वादों का फल है।

भाष्यभूमिका के लेखक, अनुवादक, समय-समय पर उचित परामर्शदाता, प्रूफ पुनरीक्षक, प्रेसकापी साधक, अनुच्छेद (पैराग्राफ) के निर्धारक के रूप में और प्रकाशन सम्बन्धी सभी साज-सज्जा को तैयार कर इस अमूल्य ग्रन्थरत्न को सबके सम्मुख प्रस्तुत करने वालों के रूप में जिन-जिन महानुभावों ने अपनी अहैतुकी कृपा से इस कार्य को सम्पन्न किया है, उन सभी परम सम्माननीय, आत्मीय, पूज्य आचार्य, विद्वन्मूर्धन्यों के चरणकमलों में धन्यवाद और अभिनन्दनस्वरूप नतमस्तक होकर हम सदा ही कृपा की आशा रखते हैं। जिनके चरणों में धन्यवाद प्रस्तुत करते हैं, वे हैं —

(१) अनन्तश्री जगद्गुरु शङ्कराचार्य पूर्व पुरीपीठाधीश्वर स्वामी निरञ्जनदेव तीर्थजी महाराज
(२) स्वामी श्री निश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज वर्तमान जगद्गुरु शङ्कराचार्य पुरी पीठाधीश्वर
(३) पण्डित श्री मार्कण्डेय ब्रह्मचारीजी
(४) पण्डित श्री व्रजवल्लभ द्विवेदीजी
(५) पण्डित श्री जनार्दन चतुर्वेदीजी
(६) पण्डित श्री राजवंशीजी
(७) पण्डित श्री श्रीकिशोर मिश्रजी

केशव मुद्रणालय के सुयोग्य प्रबन्धक श्री मोहनलाल जी के तथा सहृदयकर्मचारियों के स्नेहपूर्ण सौजन्यभरे मुद्रणादि कार्यों के सम्पादन को स्मरण कर इन्हें बहुत धन्यवाद देते हैं।

निवेदक
हनुमानप्रसाद धानुका
अध्यक्ष

वृन्दावन धाम
शिवरात्रि
२०४९ वि० सं०

सिंहावलोकन

अनन्तश्रीविभूषित-जगद्गुरुशङ्कराचार्य-पूर्वाम्नायश्रीगोवर्धनमठपुरी-पूर्वपीठाधीश्वर

स्वामी श्री निरञ्जन देवजी तीर्थ महाराज

अनन्तश्री परमश्रद्धास्पद स्वामी करपात्रीजी महाराज ने संस्कृत और हिन्दी में अनेक ग्रन्थ-रत्नों की रचना की है। उनमें अतिविस्तृत भूमिका के साथ अब सम्पूर्ण रूप से प्रकाशित शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन शाखा की संहिता के वेदार्थपारिजात नामक भाष्य का अपना महत्त्वपूर्ण स्थान है। इसका भूमिका भाग दो जिल्दों (लगभग २३०० पृष्ठों) में हिन्दी भाषान्तर के साथ संवत् २०३६ और २०३७ में वाराणसी से मुद्रित हो प्रकाशित हुआ था। बाद में पहला और ४० वाँ अध्याय भी भाषान्तर के साथ संवत् २०४३ में वृन्दावन से मुद्रित और प्रकाशित हुआ। पुनः इस कार्य को मुद्रण की सुविधा की दृष्टि से वाराणसी ले आया गया और सर्वप्रथम द्वितीय-तृतीय अध्याय वाला भाग हिन्दी भाष्यसार के साथ प्रकाशित हुआ। भाष्य के इन तीनों खण्डों पर हमारी संक्षिप्त भूमिका प्रकाशित हो चुकी है।

इस महनीय और विशाल ग्रन्थ के प्रकाशन के लिये कटिबद्ध दानवीर सेठ श्रीमान् हनुमानप्रसाद जी धानुका का विचार इस पूरे भाष्य को भाषान्तर अथवा भाष्यसार के साथ प्रकाशित कराने का था, किन्तु ऐसा प्रतीत हुआ कि इस तरह से तो इस विशाल ग्रन्थ के प्रकाशन में अत्यधिक विलम्ब हो जायगा। भाष्य-सार लिखवाने का उपक्रम भी किया गया, किन्तु वह १० अध्याय से आगे न बढ़ सका। अन्ततः भगवान् काल की गति का स्मरण करते हुए, कालघुण से ग्रन्थ को बचाने के लिये, आगे के ११ से ३९ अध्याय तक के भाष्य को, हिन्दी पाठकों को भी भाष्य का किंचित् रसास्वादन कराने के लिये, भाष्यनिष्कर्ष के साथ निकालने का निर्णय लिया गया। इसको भी काल की महिमा ही कहा जायगा कि भाष्यनिष्कर्ष के साथ ये अध्याय (११-३९) पहले मुद्रित हो गये और ४ से १० अध्याय तक का भाष्य भाष्यसार के साथ सबके अन्त में प्रकाशित हो रहा है। ७ से १० अध्याय तक के इस अन्तिम खण्ड में संक्षेप में हम पूरे भाष्य का सामान्य परिचय देते हुए इसके महत्त्वपूर्ण अंशों पर प्रकाश डालना चाहते हैं।

आजकल शुक्ल यजुर्वेद की माध्यन्दिन संहिता को वाजसनेय संहिता का नाम दे दिया जाता है, किन्तु यह नाम अतिव्याप्त है। यहीं प्रथम अध्याय के भाष्य (पृ० ४-५) में वाजसनेय याज्ञवल्क्य के द्वारा अपने शिष्यों को उपदिष्ट १५ संहिताओं की नामावली मिलती है। इनमें से महर्षि मध्यन्दिन को उपदिष्ट शाखा उन्हीं के नाम से प्रसिद्ध होकर माध्यन्दिन कहलाती है। कण्व आदि की संहिताएँ इससे भिन्न हैं। इस प्रकार भगवान् वाजसनेय याज्ञवल्क्य द्वारा उपदिष्ट सारी संहिताएँ वाजसनेय कहलाती हैं, किन्तु माध्यन्दिन संहिता तो इस नाम के महर्षि के द्वारा अधिगत संहिता ही मानी जायगी। वेदार्थपारिजातभाष्य इसी संहिता पर किया गया है। उव्वट और महीधर का भाष्य भी इसी संहिता पर है, जब कि सायण का भाष्य काण्व संहिता पर किया गया है।

भाष्यरचना की सामान्य पद्धति पर भाष्यनिष्कर्ष के लेखक ने ११-१५ अध्याय के प्रारम्भ में पर्याप्त प्रकाश डाल दिया है। पूरी संहिता के प्रतिपाद्य विषयों की सूचना भाष्यकार ने स्वयं प्रारम्भ में दे दी है (पृ० १२-१३)। दर्शपूर्णमास आदि सभी प्रकृति और विकृति यागों के अनुष्ठान का मुख्य आधार यजुर्वेद को ही माना जाता है। इसी लिये स्वामी जी ने भाष्यरचना के लिये सर्वप्रथम इसी संहिता को चुना

और इन सब यागों का विस्तृत और प्रामाणिक स्वरूप दिखाने के लिये कात्यायन श्रौतसूत्र और शतपथ ब्राह्मण के सभी सम्बद्ध प्रकरणों को उद्धृत कर उनकी भी स्पष्ट व्याख्या प्रस्तुत की। अभी ऊपर उव्वट, महीधर और सायण के भाष्यों की चर्चा की गई है, किन्तु उनमें इतने विस्तार से ये सब विषय निर्दिष्ट नहीं हो पाये हैं।

प्रस्तुत भाष्य में उक्त तीनों भाष्यों के पर्यवेक्षण के साथ यथास्थान तैत्तिरीय संहिता, तैत्तिरीय ब्राह्मण, ताण्ड्य महाब्राह्मण, आपस्तम्ब श्रौतसूत्र, सत्याषाढ श्रौतसूत्र, निरुक्त-निघण्टु एवं उनके भाष्यों और हरिस्वामी, स्कन्दस्वामी, दुर्गाचार्य, भट्ट भास्कर आदि प्राचीन भाष्यकारों को अपने मत के समर्थन में उद्धृत किया है। आवश्यकता के अनुसार इनकी समालोचना करने में भी हमारे भाष्यकार ने कोई संकोच नहीं किया है, जो कि भारतीय भाष्यकारों की परम्परा के अनुकूल ही है।

वेदार्थपारिजातभाष्य केवल मन्त्रों की व्याख्या ही नहीं है, किन्तु एक विस्तृत प्रयोग-पद्धति भी है, जिसमें कि विस्तार से संहिता में प्रतिपादित सभी प्रकार के अनुष्ठानों का क्रम भी निर्दिष्ट है। भाष्यनिष्कर्ष में इन सब विषयों पर यथास्थान प्रकाश डाल दिया गया है।

वैदिक मन्त्रों के विनियोग के लिये ऋषि, देवता और छन्द का ज्ञान आवश्यक है। यहाँ कात्यायन की सर्वानुक्रमणी के आधार पर प्रत्येक मन्त्र के ऋषि, देवता, छन्द और विनियोग का भी उल्लेख किया गया है और उसके लिये आवश्यकता के अनुसार षड्गुरुशिष्य आदि के व्याख्यानों का भी सहारा लिया गया है। छन्दों के लक्षणों के प्रसंग में पिंगलाचार्य के छन्दःशास्त्र के अतिरिक्त प्रातिशाख्य ग्रन्थों में निर्दिष्ट लक्षणों को भी प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। महीधर द्वारा प्रदत्त लक्षणों की कहीं-कहीं स्वामी दयानन्द ने आलोचना की है। प्रस्तुत भाष्य में ऐसे सभी स्थलों पर शास्त्रीय प्रमाणों की झड़ी लगा कर प्रौढ युक्तियों के सहारे महीधर के पक्ष को प्रबल समर्थन दिया गया है।

प्रत्येक मन्त्र का आध्यात्मिक अर्थ देना, इस भाष्य की अपनी विशेषता है। इस आध्यात्मिक अर्थ में मन्त्रगत पदों की संगति के अनुसार साकार अथवा निराकार रूप में उपास्य देवता को संबोधित कर मन्त्र की संगति बैठाई गई है, जिससे कि मन्त्र के पदों के साथ पूरा सामंजस्य बैठाया जा सके। अन्य कुछ आधुनिक आचार्यों ने भी इस तरह के प्रयत्न किये हैं, किन्तु वे इस कार्य में सफल नहीं हो पाये हैं, यह बात इस भाष्य के तृतीय अध्याय में उद्धृत मत-मतान्तरों से स्पष्ट हो जाती है। इन सबकी एक बड़ी कमी यह भी है कि ये सारे प्रयत्न पूरी संहिता पर न होकर उसके कुछ अंशों तक ही सीमित रह गये हैं।

आध्यात्मिक अर्थ के प्रसंग में उपनिषदों, भगवद्गीता, बादरायण ब्रह्मसूत्र और श्रीमद्भागवत की प्रस्थानचतुष्ट्यी के अतिरिक्त श्रौत, स्मार्त और आगम साहित्य के महनीय ग्रन्थों को प्रमाण के रूप में प्रस्तुत किया गया है। शुद्धाद्वैत सम्प्रदाय के प्रवर्तक आचार्य वल्लभ को यहाँ (१७।४४) आदर के साथ याद किया गया है और इस सम्प्रदाय में प्रचलित छप्पन भोग की भी चर्चा भाष्यकार ने की है (११।७५)। आचार्य नरहरि के अनेक वचन यहाँ उद्धृत हैं। इनकी रामणीयकता अतीव मनोहारिणी है। उनके इस श्लोक को देखा जाय—

द्वैतं मोहाय बोधात् प्राग् जाते बोधे मनीषया।
भक्त्यर्थं भावितं द्वैतमद्वैतादतिसुन्दरम्॥

इसका अभिप्राय यह है कि द्वैत दृष्टि तभी तक मोह को पैदा करती है, जब तक कि मनुष्य को अद्वैत ब्रह्म का बोध नहीं होता। एक बार अद्वैत का बोध हो जाने पर तो द्वैत दृष्टि के भी भक्ति में पर्यवसित हो

जाने के कारण वह अद्वैत दृष्टि से भी बढ़ कर फलदायिनी हो उठती है। इस प्रकार यहाँ भक्तियोग की सविशेष महिमा वर्णित है। इस भक्तियोग के महत्त्व को काश्मीर के आचार्य उत्पलदेव ने अपनी शिव-स्तोत्रावली में अनोखी भंगिमा से इस प्रकार दर्शाया है—

निजनिजेषु पदेषु पतन्त्विमाः करणवृत्तय उल्लसिता मम।
क्षणमपीश मनागपि मैव भूत् त्वदविभेदरसक्षतिसाहसम्॥

अर्थात् हे भगवन्! ये मेरी उल्लास और आनन्द से भरी हुई इन्द्रियों की सारी वृत्तियाँ अपने-अपने विषयों में भले ही लगी रहें, किन्तु मुझे आपके अद्वयानन्द रस से वंचित होने का साहस क्षण भर के लिये भी और जरा सा भी न हो। इसका अभिप्राय यह है कि भक्त द्वैत दशा में भी भगवान् से कभी अलग होना नहीं चाहता, वह उनके वियोग को कभी सहन नहीं कर सकता।

इस भाष्य की दूसरी बड़ी विशेषता स्वामी दयानन्द के प्रत्येक मन्त्र के भाष्य को उद्धृत कर उसका तिलशः खण्डन करना है। विदेशी एकेश्वरवाद और उनकी सभ्यता एवं संस्कृति से प्रभावित स्वामी दयानन्द ने बहुदेववाद को अस्वीकार करते हुए और लोकायत (चार्वाक) दृष्टि का अनुसरण करते हुए इन्द्र, वरुण आदि देवताओं की, पितृगणों की तथा स्वर्ग आदि की सत्ता को ही नकार दिया है। श्रौत-सूत्रों को वे प्रमाण नहीं मानते, तब स्मृति, पुराण और आगम वाङ्मय की कथा ही कैसे की जा सकती है। शतपथ ब्राह्मण, मनुस्मृति आदि को प्रमाण मानते हुए भी वे या तो अपने मत के विरोधी अंशों की विचित्र व्याख्या करते हैं अथवा उन्हें प्रक्षिप्त मान लेते हैं। इस प्रकार वे भारतीय साहित्य और संस्कृति की एक लम्बी परम्परा को आँखों से ओझल कर डालना चाहते हैं। इसीलिये इनके भाष्य में अनेक प्रकार की विसंगतियाँ आ गई हैं। ऊपर से तुर्रा यह है कि वे वायुयान की निर्माणविधि से लेकर दुनिया के सारे ज्ञान-विज्ञान को वेदों से निकालने का हास्यास्पद प्रयत्न करने में किसी प्रकार के संकोच का अनुभव नहीं करते।

इस प्रकार स्वामी दयानन्द ने विकल्प के सहारे एक लम्बी भारतीय परम्परा के प्रति उपेक्षा भाव को जगा कर भारतीय समाज में नास्तिकता के ही नहीं, विभेद के बीज भी बोये हैं। हमें बताया गया है कि पंजाब में दो सम्प्रदायों में अलगाव को बढाने के लिये सर्वप्रथम सत्यार्थप्रकाश के उस अंश की लाखों प्रतियाँ वितरित की गईं, जिसमें सिख सम्प्रदाय की अनावश्यक आलोचना की गई थी।

स्वामी करपात्री जी महाराज ने भाष्य में दयानन्दीय भाष्य की अनेक त्रुटियों का उल्लेख किया हैं। बिना प्रयोजन के मुख्यार्थ का [1]बाध, मुख्यार्थ से सम्बन्ध और रूढि अथवा प्रयोजन के न होते हुए भी गौणार्थ का आश्रयण घोर अन्याय और समस्त दार्शनिक एवं साहित्यिक आचार्यों की परम्परा के विरुद्ध है। मुख्यार्थ का बाध होने पर ही लक्षणा वृत्ति का सहारा लिया जा सकता है, इस विषय पर भाष्यकार ने आगे (१५।४२) सप्रमाण विचार प्रस्तुत किया है। वहाँ बताया गया है कि शाब्दनय में मुख्यार्थ और गौणार्थ का विचार अतीव महत्त्वपूर्ण माना जाता है। उत्तरमीमांसा (ब्रह्मसूत्र) के आनन्दमयाधिकरण के पूर्व पक्ष और सिद्धान्त पक्ष को दिखाते हुए वहाँ स्पष्ट रूप से बताया गया है कि यहाँ किस प्रकार मुख्यार्थ का बाध होने पर ही गौणार्थ का ग्रहण किया गया है। मुख्यार्थ को छोड़कर गौणार्थ का ग्रहण किन-किन परिस्थितियों

---

१. मुख्यार्थबाधे तद्योगे रूढितोऽथ प्रयोजनात्।
अन्योऽर्थो लक्ष्यते यत्सा लक्षणारोपितक्रिया॥

में किया जाता है, इस विषय का विशद विवेचन भाष्यकार ने आगे भी ३१-३९ अध्याय वाले भाग में अनेक स्थलों पर (पृ० १३४, १८७-१८८, १९१-१९२, १९३) किया है। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि दयानन्दीय अर्थ का खण्डन करते समय भाष्यकार ने स्थान-स्थान पर मुख्यार्थ और गौणार्थ की समस्या पर बड़ा गम्भीर दार्शनिक विचार प्रस्तुत किया है।

विभक्ति-वचन आदि का व्यत्यय, निष्प्रयोजन अध्याहार जैसे दोष यहाँ प्रायः दिखाई पड़ते हैं। वेद का लोकायतीकरण, लोक का प्रतारण, आत्मप्रवंचना, 'दशहस्ता हरीतकी' जैसे आभाणकों को चरितार्थ करने वाले बढ-चढ कर कहे गये वायुयान-निर्माण आदि के प्रतिपादक व्याख्यान, अपनी पूरी परम्परा को छोड़ कर देवलोक, पितृलोक, देवगण, पितृगण आदि की अस्वीकृति इनकी प्रमुख विसंगतियाँ हैं। परम्परा से च्युत होने के कारण ही साम, स्तोम, न्यूंख, निधन, प्रगाथ जैसे वैदिक पदों का अर्थ इनकी समझ में नहीं आया है और बिना प्रमाण के ऐसे पदों का इन्होंने मनमाना अर्थ किया है। त्वष्टा, सविता, अर्यमा, भग आदि शब्द वैदिक देवताओं के बोधक हैं। एकेश्वरवाद के व्यामोह ने इनको इन सब शब्दों का अर्थ मनुष्य-परक करने के लिये बाध्य कर दिया है। देवतापरक मित्र शब्द का पुल्लिग में और सुहृत् के वाचक मित्र शब्द का नपुंसक लिंग में प्रयोग किया जाता है। इस परम्परा को तिलांजलि देकर इन्होंने पुल्लिग में प्रयुक्त मित्र शब्द को भी सुहृत् अर्थ में प्रयुक्त माना है। अग्नि, वायु, सूर्य, वरुण, रुद्र, विष्णु आदि प्रसिद्ध देवताओं के बोधक पदों का भी इन्होंने सेनापति, सभाध्यक्ष आदि के रूप में मनुष्यपरक अर्थ किया है। ऐसे सब प्रसंगों में वे "एकं सद् विप्रा बहुधा वदन्ति" (१।१६४।४६) इस प्रसिद्ध ऋग्वेदीय मन्त्र को भी भुला बैठे हैं। व्याकरण, काव्य, कोश, आप्तवाक्य आदि के द्वारा निश्चित अर्थ में ही शब्दों का प्रयोग किया जाता है। इस विषय की स्वामी दयानन्द ने पूरी तरह से उपेक्षा कर दी है। अनेक स्थानों पर तो इन्होंने मन्त्र के पदों को ही बदल दिया है।

नवें अध्याय के ३४ वें मन्त्र की व्याख्या में ये सप्तदश स्तोम के विवरण में चार वर्ण, चार आश्रम, श्रवण आदि कर्म, चार पुरुषार्थ और मोक्ष की गणना करते हैं। चार पुरुषार्थों में ये अलब्ध की लिप्सा, लब्ध की रक्षा, रक्षित की वृद्धि और रक्षित द्रव्य का सत्कर्म में व्यय—इनकी गणना करते हैं। शास्त्रों में योगक्षेम के अन्तर्गत इनका अन्तर्भाव कर लिया गया है। चार पुरुषार्थ के रूप में तो धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की ही सर्वत्र गणना की जाती है।

स्वामी दयानन्द ने बिना प्रसंग के अलंकारों की चर्चा की है। छन्दःशास्त्र, निरुक्त, व्याकरण और वैदिक स्वरप्रक्रिया के प्रसंग में अपने को अति विशेषज्ञ मानते हुए इन्होंने और इनके अनुयायियों ने सायण, महीधर आदि के भाष्यों के अनेक स्थलों पर व्यर्थ के आक्षेप किये हैं। वेदार्थपारिजातकार ने इनकी सारी युक्तियों का खण्डन करते हुए सायण और महीधर की प्रक्रिया का जिस प्रकार समर्थन किया है, उससे उनको इन सब विषयों का कितना ज्ञान है, इसकी कलई खुल जाती है। पूरे भाष्य में इस तरह के अनेक प्रसंग देखे जा सकते हैं। यहाँ स्पष्ट रूप से बताया गया है कि मन्त्रगत पदों से कोई समझदार व्यक्ति भी वायुयान का निर्माण नहीं कर सकता और न बिजली ही पैदा कर सकता है।

भाष्य के पहले अध्याय (पहली जिल्द) में दर्शपूर्णमास की पूरी पद्धति को समझाने के अतिरिक्त अन्य भी अनेक महत्त्वपूर्ण विषय प्रतिपादित हैं। इनको प्रबुद्ध पाठक विस्तृत भाषानुवाद की सहायता से जान सकते हैं।

द्वितीय-तृतीय अध्याय वाले भाग (जिल्द) में (पृ० १३३-१३४) विधानपारिजात के प्रमाण से अग्नि के पावक, मारुत (मरुत्त), चमस, शोभन, अनल आदि २७ नाम बताये गये हैं। यहाँ ये पर्यायवाची शब्द नहीं हैं, किन्तु विभिन्न कर्मों के सम्पादक होने से इसके ये नाम शास्त्रों में विहित हैं। जैसे कि लौकिक कार्यों का सम्पादन पावक नाम के अग्नि में करना चाहिये। गर्भाधान संस्कार के लिये मारुत (मरुत्त) अग्नि का आवाहन करना चाहिये। पुंसवन के लिये चमस तथा शुभ कर्म में शोभन अग्नि का आवाहन किया जाता है। यहाँ इस तरह से सत्ताईस अग्नियों के नाम बता कर कहा गया है कि जिस कर्म के लिये जिस अग्नि का विधान है, उसी का आवाहन कर अग्नि में आहुति देनी चाहिये। इसके बाद यहाँ आदित्य आदि नवग्रहों की अग्नियों के भी नाम गिनाये गये हैं। त्रिवेन्द्रं संस्कृत सिरीज से ईशानशिवगुरुदेवपद्धति ४ भागों में प्रकाशित हुई है। अग्नि के बत्तीस नाम कुछ पाठभेदों के साथ वहाँ (१।१४।६-१४) उपलब्ध हैं। इस ग्रन्थ की रचना में भगवान् आद्य शंकराचार्य के स्मार्त धर्म के प्रतिष्ठापक ग्रन्थ प्रपंचसार से भी सहायता ली गई है। यह एक प्राचीन ग्रन्थ है।

इसी भाग (पृ० २०४-२०६) में वैश्वदेवाख्य चातुर्मास्य के चार मासों में सम्पन्न होने वाले वैश्वदेव, वरुणप्रघास, साकमेध और शुनासीरीय नामक चार पर्वों के अनुष्ठान की विधि भी विस्तार से वर्णित है। अन्त में (पृ० २४०-२४२) मनुस्मृति आदि ग्रन्थों के आधार पर कालविभाग की गणनापद्धति पर प्रकाश डाला गया है। महाभारत के प्रमाण से १४।२३ में तथा वाल्मीकि रामायण के आधार पर १७।२ के भाष्य में भी यह विषय संक्षेप में चर्चित है।

४–६ अध्याय वाले भाष्य के तीसरे भाग (जिल्द) में सर्वप्रथम सोम याग की पद्धति पर प्रकाश डाला गया है (पृ० १-३)। वैदिक अनुष्ठान में, विशेष कर सोम याग और उसके विकृति यागों में सोलह प्रकार के ऋत्विजों की आवश्यकता पड़ती है। इन सबका परिचय देने के बाद यहाँ बताया गया है कि किसको कितनी दक्षिणा दी जाय। तदनुसार ही इनकी संज्ञा अर्धिनः, तृतीयिनः और पादिनः होती है (पृ० १)। सोम याग के अनुष्ठान के लिये सर्वप्रथम सोमलता को खरीदना पड़ता है। गाय के रूप में उसका मूल्य चुकाया जाता है। गाय के महत्त्व को दिखाते हुए यहाँ कहा गया है कि गाय से हमें प्रतिधुक्, शृत, शर, दधि, मस्तु, आतंचन, नवनीत, घृत, आमिक्षा और वाजिन की प्राप्ति होती है (पृ० ७९)। ये सब दूध की ही विभिन्न अवस्थाएँ हैं। भाष्यकार ने इन सब शब्दों का अर्थ स्पष्ट किया है।

पाँचवें अध्याय में ज्योतिष्टोम की पद्धति को बताते हुए सोम राजा के अग्नि, सोम, अतिथि, श्येन और रायस्पोषद अग्नि नाम के पाँच अनुचरों का वर्णन किया गया है। अग्नि और रायस्पोषद अग्नि में क्या अन्तर है? इसको भी भाष्यकार ने स्पष्ट किया है (पृ० १११)। वैदिक यज्ञ के लिये अरणि का मन्थन कर अग्नि प्राप्त की जाती है। अग्निमन्थन के समय अनुष्ठेय षट्कर्मों का निरूपण यहाँ पृ० ११५ पर किया गया है।

७–१० अध्याय वाले भाष्य के चौथे भाग (जिल्द) में धाराग्रह और अधाराग्रह का उल्लेख कर बताया गया है कि ग्रह उस दारुमय पात्र को कहते हैं, जिसमें कि सोम रस का ग्रहण किया जाता है (पृ० १-२)। षोडशी ग्रह की व्याख्या करते समय प्रश्नोपनिषत् के प्रमाण पर षोडशकल पुरुष की १६ कलाओं को गिनाया गया है (पृ० १८४)। आठवें अध्याय के ५४-५९ मन्त्रों में सोम रस की विभिन्न ३४ अवस्थाओं के अनुसार उसके ३४ नाम देकर उनके लिये आहुतियों का विधान है। घर्मभेदजन्य प्रायश्चित्ताहुतियों का विधान आगे ३९ वें अध्याय में भी है।

नवें अध्याय की ३४ वीं कण्डिका तक वाजपेय याग का विधान है। अन्न की समृद्धि के लिये इसका अनुष्ठान किया जाता है। आपस्तम्ब श्रौतसूत्र और व्याकरण महाभाष्य को उद्धृत कर यहाँ (पृ० २६५) भाष्यकार ने सत्रह प्रकार के अन्नों के नाम गिनाये हैं।

इस अध्याय की ३५ वीं कण्डिका से राजसूय का प्रकरण प्रारम्भ होता है। प्रारम्भ में भाष्यकार ने आपस्तम्ब श्रौतसूत्र, मीमांसा सूत्र, पाणिनि स्मृति (अष्टाध्यायी), भामती, कल्पतरु आदि ग्रन्थों के आधार पर 'राजन्' शब्द के अर्थ पर विस्तार से शास्त्रीय पद्धति से प्रकाश डाला है (पृ० २८३-२८४)। यह प्रकरण और आगे के भी कुछ प्रकरण विद्वानों के लिये एक मननीय ज्ञानवर्धक सामग्री प्रस्तुत करते हैं।

राजसूय याग की सारी प्रक्रिया को स्पष्ट करते हुए और इष्टि, पशु, सोम, दर्वीहोम आदि पदों का अर्थ स्पष्ट करते हुए यहाँ पंचवातीय होम और प्रतिसर, अर्थात् शत्रुओं के द्वारा प्रयुक्त आभिचारिक क्रियाओं से अपनी रक्षा के लिये अपामार्ग होम का विधान है। प्रतिसर मन्त्रों का आगे (१३।९) भी विधान है। वहाँ भाष्य में बताया गया है कि अग्नि देवता वाले रक्षोघ्न मन्त्र प्रतिसर के नाम से प्रसिद्ध हैं। इस शब्द का प्रयोग आत्मरक्षा के लिये बाँधे जाने वाले ताबीज, रक्षासूत्र, कंकण और औषधियों के लिये भी होता है। अश्व की रक्षा के लिये भी प्रतिसर कर्म का विधान शास्त्रों में बताया गया है।

राजसूय प्रकरण दसवें अध्याय में भी चलता है। यहाँ प्रारम्भ की चार कण्डिकाओं में राजा के अभिषेक के लिये सत्रह प्रकार के जलों के पालाश, औदुम्बर, नैयग्रोध (वाट) और आश्वत्थ पात्रों में संभरण की प्रक्रिया वर्णित है। इनमें से एक जल का नाम आतपवर्ष्य है, अर्थात् आतप (धूप) के रहते वर्षा हुआ पानी। आज भी यह जल अतिपवित्र माना जाता है। अभिषेक के समय तत्काल इस जल की उपलब्धि नहीं हो सकती। अतः यहाँ बताया गया है कि जब भी ऐसी वृष्टि हो, उसके जल को लेकर भविष्य में होने वाले अभिषेक के लिये इसे सुरक्षित कर लेना चाहिये।

अभिषेक के समय राजा की प्राची, दक्षिणा, प्रतीची, उदीची और ऊर्ध्वा दिशाओं से रक्षा की जाती है। इस कार्य के लिये यहाँ क्रमशः रथन्तर, बृहत्, वैरूप, वैराज और शाक्वर-रैवत सामों का तथा त्रिवृत्, पंचदश, सप्तदश, एकविंश और त्रिणव-त्रयस्त्रिंश स्तोमों का पाठ किया जाता है। यहाँ (पृ० ३२२-३२५) भाष्यकार ने इन सामों और स्तोमों का विशद स्वरूप शतपथ ब्राह्मण, ताण्ड्य महाब्राह्मण और साम ब्राह्मण के वचनों को उद्धृत करते हुए प्रस्तुत किया है। जिज्ञासुजन इस विषय को वहीं देख सकते हैं। स्तोमों की चर्चा आगे (१४।२३; पृ० ३८०) भी आई है। वहाँ एकादशाध्याय के स्थान पर दशमाध्याय पढा जाना चाहिये। सृष्टिप्रक्रिया के प्रसंग में पुराणों में भी यह विषय वर्णित है, जैसा कि इस भाष्य में आये (३१।८) विष्णु पुराण के प्रमाण से दिखाया गया है, किन्तु आधुनिक समाज में यह एक दम से उपेक्षित होता जा रहा है। हमारा अज्ञान कहाँ तक बढ गया है, इसको स्वामी दयानन्द के भाष्य में देखा जा सकता है। इस तरह के अनेक अपरिचित विषयों पर स्पष्ट प्रकाश डाल कर भाष्यकार ने आधुनिक विद्वत्समाज का बड़ा उपकार किया है।

राजसूय याग के अन्त में सम्पन्न होने वाले सौत्रामणी कर्म को चरक सौत्रामणी कहते हैं। दसवें अध्याय के अन्तिम चार मन्त्रों में इसका संक्षिप्त स्वरूप दिया गया है। सौत्रामणी याग का विस्तार आगे १९-२१ अध्यायों में देखा जा सकता है।

संहिता के ११ से १८ तक के अध्यायों में अग्निचयन के मन्त्र वर्णित हैं। ११ वें अध्याय के प्रारम्भ में भाष्य में शतपथ ब्राह्मण के षष्ठ काण्ड के तीन अध्यायों में निर्दिष्ट सारे विषयों का संक्षेप में परिचय दिया

गया है, जिससे कि इस पूरे प्रकरण की पृष्ठभूमि समझ में आ सके। इष्टकाओं के विषय में अक्ताक्ष्य और ताण्ड्य नामक आचार्यों का मत भी यहाँ उद्धृत है।

यज्ञीय समिधाओं का वर्णन करते समय संहिता (११।७०-७६) और भाष्य (पृ० ९५-१०३) में क्रमुक (धमन), विकंकत (कठेर), उदुम्बर (गूलर) और पलाश की समिधा के अतिरिक्त उपजिह्विका (दीमक) और वम्र (चींटी) के द्वारा भक्षित निःसत्त्व वृक्ष की समिधा के साथ अपरशुवृक्ण समिधा की भी गणना है। अपरशुवृक्ण का अर्थ है, जो कुल्हाड़ी से नहीं काटी गई है। इस प्रकार यहाँ स्पष्ट निर्दिष्ट है कि हरे-भरे वृक्ष की और कुल्हाड़ी से काटे गये वृक्ष की लकड़ी का समिधा के लिये उपयोग नहीं किया जा सकता। यह है हमारी समृद्ध वैदिक यज्ञीय संस्कृति। इसके सामने आज की अर्थप्रधान (अर्थदास) संस्कृति कितनी बौनी लगती है।

अग्निचयन के लिये बनाई जाने वाली विविध इष्टकाओं की स्पष्ट जानकारी के लिये महाराजा संस्कृत कालेज, जयपुर के प्रिंसिपल के रूप में पूर्वाश्रम के अपने कार्यकाल में हमने इष्टकाओं के पीतल के साँचे बना कर रखवाये थे, जिनकी सहायता से आवश्यकता के अनुसार कोई भी इष्टका बनाई जा सकती है। श्रौत-स्मार्त यज्ञशाला भी वहाँ बनवाई गई थी।

वेदों में अनेक प्रकार की इष्टकाओं से बनाई जाने वाली विविध चितियों की निर्माणविधि प्रदर्शित है। इनमें रेखागणित के अतिसूक्ष्म सूत्रों का हमें दर्शन होता है। शुल्बसूत्रों में इस विद्या का विश्लेषण आश्चर्यचकित करने वाला है। इससे यह बात भी स्पष्ट हो जाती है कि भारतीय विद्वान् किसी भी विषय का कितना समृद्ध अध्ययन कर उसकी तह तक पहुँचने का प्रयत्न करते थे। शुक्ल यजुर्वेद की प्रस्तुत माध्यन्दिन संहिता के ११-१८ अध्यायों में अग्निचयन के प्रसंग में मुख्य रूप से सुपर्ण चिति का विस्तार मिलता है। 'सुपर्णोऽसि गरुत्मान्' मन्त्र के भाष्य में रूपकालंकार के माध्यम से अग्नि की सुपर्ण (गरुड़) से समानता दिखाई गई है। अभी-अभी हरिद्वार-देहरादून के बीच के जंगल में प्राचीन काल की सुपर्ण चिति उसी रूप में प्राप्त हुई है।

११।२५ पर उद्धृत शतपथ ब्राह्मण में अभ्रि द्वारा परिलिखित तीन रेखाओं की त्रिपुर से तुलना की गई है और ५।८ पर उद्धृत शतपथ में स्पष्ट रूप से लोह, रजत और सुवर्ण से निर्मित पुरियों का वर्णन मिलता है। पुराणों में असुरों द्वारा निर्मित इन तीन पुरियों की और भगवान् शिव के द्वारा इनके विध्वंस की कथा विस्तार से मिलती है। यहाँ अतिसंक्षेप में उसी का उल्लेख है। अभ्रि द्वारा उल्लिखित इन तीन रेखाओं का प्रयोजन यह है कि इन तीन रेखाओं के रूप में त्रिपुरसंहार की घटना का स्मरण कर भयभीत असुरगण इस चितिस्थान में आने का दुःसाहस नहीं करेंगे। इसी तरह से यहाँ १२।५ पर विष्णु के तीन क्रमों का वर्णन है और कूर्म पुरुष (१२।३०-३३) का भी। इन मन्त्रों में हमें भगवान् विष्णु के त्रिविक्रम (वामन) और कूर्म अवतारों की सूचना मिलती है।

यहीं १२ वें अध्याय के २७ मन्त्रों (१२।७५-१०१) में औषधियों की स्तुति की गई है। यह प्रकरण ओषधिविज्ञान से परिपूर्ण है। १२।६५ के भाष्य में शतपथ ब्राह्मण और कात्यायन श्रौतसूत्र में प्रयुक्त 'इण्ड्वे' पद की व्याख्या दी गई। 'इण्ड्वा' पद का यहाँ द्विवचन में प्रयोग हुआ है। इसका यहाँ जो अर्थ दिया गया है, तदनुसार यह इण्ड्वा पद ही विकृत होकर राजस्थानी भाषा में 'ईडूंणी' हो गया है।

१६ से २० अध्याय तक के छठे भाग (जिल्द) में १६ वाँ अध्याय शतरुद्रियाध्याय के नाम से प्रसिद्ध है। इस अध्याय के भाष्य का भाषानुवाद भी साथ में दिया गया है, जिससे कि हिन्दीभाषाभाषी जिज्ञासु भी भगवान् रुद्र की महिमा से परिचित हो सकें। यहाँ प्रारम्भ के दो मन्त्रों में अनेक ग्रन्थों की सहायता से भगवान् के निर्गुण और निराकार स्वरूप के साथ सगुण और साकार स्वरूप का भी संक्षेप में विवेचन किया है और बताया है कि इस विषय के जिज्ञासुओं को हमारी 'रामायण मीमांसा' देखनी चाहिये।

इसी अध्याय के १७ वें मन्त्र में अर्चिरादि और धूमादि मार्ग की तथा सद्योमुक्ति और क्रममुक्ति की चर्चा कर बृहदारण्यक के प्रमाण से तृतीय गति का भी उल्लेख किया है। इसी भाष्य में अन्यत्र दयानन्दीय मत की समीक्षा करते हुए कहा गया है कि मुक्ति के दो ही मार्ग हैं। इन दोनों उक्तियों में परस्पर कोई विरोध इस लिये नहीं है कि बृहदारण्यक में जिस तृतीय गति का उल्लेख है, वह निरय गति है। मुक्ति मार्ग से इसका कोई सम्बन्ध नहीं है। १७ वें अध्याय के १७ वें मन्त्र में भी धूमादि मार्ग और अर्चिरादि मार्ग की चर्चा है। यहाँ (पृ० २६७-२६९) ब्रह्मसूत्र और उसके शांकर भाष्य के आधार पर इस विषय पर विस्तार से चर्चा की गई है। साथ ही आतिवाहिक मार्ग का भी उल्लेख है। भाष्य में विवेचित प्रमुख दार्शनिक प्रसंगों में इस प्रकरण का भी अत्यन्त महत्त्व है।

१७ वें अध्याय के अनेक मन्त्रों का उनमें ब्रह्मविषयक प्रश्न-प्रतिवचनों के कारण दार्शनिक महत्त्व है। १७।१७ की व्याख्या में उव्वट इस मन्त्र से ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद को समर्थन देते हैं। पुराणों में ज्ञानकर्मसमुच्चयवाद अति विस्तार से प्रतिपादित है। अनेक प्राचीन आचार्य भी इस वाद के समर्थक रहे हैं। ७० वें मन्त्र में सात छन्दों, सात धामों (अग्नियों), सात होताओं और सात संस्थाओं का विवेचन अतीव ज्ञानवर्धक है। 'य इमा विश्वा' (१७।१७), 'किं स्विद्वनम्' (१७।२०), 'चत्वारि शृङ्गा' (१७।९१) जैसे मन्त्र भारतीय दर्शन के मौलिक स्वरूप को प्रस्तुत करते हैं। इनमें से अन्तिम मन्त्र (१७।९१) में परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी वाणियों की विवेचना निरुक्त और महाभाष्य की सहायता से की गई है। हम जानते हैं कि इन चार वाणियों का तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थों में सविशेष वर्णन मिलता है। १७।६८ में आहुति, दक्षिणा और अन्न को यज्ञ की धारा बताया गया है। मतान्तर से वैश्वानर, मारुत, पूर्णाहुति, वसोर्धारा और वाजप्रसवीय आहुतियों को यज्ञ की धारा कहा जाता है।

१८ वें अध्याय के ३९ वें मन्त्र में स्वामी करपात्री जी महाराज ने निरुक्त के प्राचीन व्याख्याकार स्कन्द-स्वामी के मत की समालोचना की है। इस प्रसंग में निरुक्त और व्याकरण की अलग-अलग भूमिकाओं का उल्लेख करते हुए स्वामी जी ने शाकटायन व्याकरण के दृष्टिकोण को रखा है। यह प्रसंग भी विद्वानों के लिये विशेष रूप से अवधेय है।

"प्रत्यक्षमप्यर्थमनुमानेन बुभुत्सन्ते तर्करसिकाः" यहाँ कहा गया है कि तार्किक जन प्रत्यक्ष अर्थ को भी अनुमान से सिद्ध करने में विशेष रुचि रखते हैं। यहाँ तार्किक दृष्टि से प्रत्यक्ष की अपेक्षा अनुमान को वरीयता दी गई है। हमारे भाष्यकार ने १७।९५ में इसके विपरीत एक दूसरा न्याय उद्धृत किया है—"नहि प्रत्यक्षे करिणि चीत्कारेण हस्तिनमनुमिमतेऽनुमातारः"। अर्थात् हाथी को सामने खड़ा देख लेने के बाद कोई चीत्कार से उसका अनुमान नहीं करता।

१९ वें अध्याय के २५ वें मन्त्र में न्यूंख पद पर विचार किया गया है और उसके उच्चारण के क्रम की शास्त्रीय पद्धति दिखाई गई है। पाणिनि सूत्र (१।२।३४), काशिका, पदमंजरी, सायण आदि के मत को भी यहाँ दिखाया गया है।

हम पहले बता चुके हैं कि १९–२१ अध्यायों में **सौत्रामणी याग** का विशेष रूप से वर्णन है। यहाँ प्रारम्भ (१९।१) में ही इसकी पूरी प्रक्रिया पर शतपथ ब्राह्मण और कात्यायन श्रौतसूत्र के आधार पर विस्तार (पृ० २२१–२३१) से प्रकाश डाला गया है।

सातवें भाग (जिल्द) में २१ से ३० और ३१ से ३९ अध्यायों का भाष्य संमिलित है। इनकी पृष्ठसंख्या अलग-अलग है। यहाँ के कुछ विशेष अंशों की ओर हम विज्ञ पाठकों का ध्यान आकृष्ट करना चाहते हैं। २१।१७ के भाष्य में यह्व शब्द की व्युत्पत्ति पर विचार किया गया है। निघण्टु में यह्व और यह्वा दोनों ही शब्द मिलते हैं। निरुक्तकार यास्क यह्व शब्द की व्युत्पत्ति देते हैं, जब कि दशपादी उणादि-वृत्ति में स्त्रीलिंग यह्वा शब्द निष्पादित है। भट्टोजी दीक्षित पुंल्लिग यह्व शब्द को मान्यता देते हैं। २२।५ के भाष्य में चतुरक्ष शब्द पर विचार किया गया है। पुराण, आगम और तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थों में यमराज के दो श्वानों का वर्णन मिलता है। "द्वौ श्वानौ श्यावशबलौ" यह श्लोक पितृक्रिया की पद्धतियों में प्रसिद्ध है। चतुरक्ष शब्द से हम इनका भी ग्रहण कर सकते हैं। इनसे प्राण और अपान का भी अर्थ गृहीत होता है। इसी अध्याय की ७–८ कण्डिकाओं में अश्व के निमित्त दक्षिणाग्नि में दी जाने वाली प्रक्रम संज्ञक ४९ आहुतियों का विधान है। यहाँ अश्व की ४९ प्रकार की चेष्टाओं का नामोल्लेख किया है और प्रत्येक चेष्टा के लिये आहुति दी जाती है। यह प्रकरण अपने आप में इसलिये महत्त्वपूर्ण है कि अश्व की चेष्टाओं का यहाँ अतिसूक्ष्म विश्लेषण मिलता है।

स्वामी दयानन्द ने तथा अन्य कुछ विद्वानों ने भी "गणानां त्वा" से लेकर "यद्धरिणो यवमत्ति" पर्यन्त अभिमेथन मन्त्रों की उव्वट, सायण और महीधर द्वारा की गई व्याख्या में अश्लीलता का आरोप लगाया है। इस पूरे प्रसंग पर पारिजातकार ने यहाँ (पृ० १०१-१०३) अच्छा विचार किया है। "उषा वा अश्वस्य मेध्यस्य शिरः" इस बृहदारण्यक वाक्य की भी यहाँ चर्चा है और आगे (पृ० १८१-१८२) इस वचन की विशद दार्शनिक व्याख्या प्रस्तुत की गई है। रूपकालंकार की पद्धति से यहाँ बताया गया है कि कैसे यह अश्व सर्वत्र व्याप्त है, उसके अंग-प्रत्यंग में यह पूरा विश्व कैसे समाया हुआ है। यह प्रकरण भी विद्वानों के लिये गम्भीर अध्ययन-मनन की सामग्री प्रस्तुत करता है। छान्दोग्य में वर्णित 'पञ्चाहुति' पद की व्याख्या (पृ० १९७) भी हमारे लिये अवलोकनीय है कि ये पाँच आहुतियाँ किस प्रकार सम्पादित होती हैं। पृ० २४९ पर 'त्र्यवि' शब्द का प्रयोग डेढ़ वर्ष की गाय के लिये किया गया है। इस विषय को स्पष्ट करते हुए यहाँ कहा गया है कि अजा (बकरी) और अवि (भेड़) छः महीने में बच्चा जनती है, अतः लक्षणा वृत्ति के सहारे इस शब्द से छः मास का काल लक्षित होता है। इस तरह से त्र्यवि का अर्थ तीन छः महीने, अर्थात् डेढ वर्ष हुआ। संवत्सर, परिवत्सर, इदावत्सर, अनुवत्सर और इद्वत्सर नामक पाँच संवत्सरों का स्वरूप यहाँ (पृ० ३१३) वराहमिहिर की बृहत्संहिता और उसकी भट्टोत्पल की व्याख्या के आधार पर दिया गया है। चरकाचार्यों के विषय में पाश्चात्त्य विद्वानों के द्वारा व्यक्त किये गये अप्रामाणिक विचारों की समालोचना भी यहाँ (पृ० ३१६) दी गई है। एक स्थान पर (पृ० ३१७) मण्डल आयोग की भी चर्चा आई है। आज यह बात पूरी तरह से स्पष्ट हो गई है कि इस आयोग की संस्तुति इस राष्ट्र के विघटन में कितना योगदान कर रही है।

उव्वट के भाष्य से ज्ञात होता है कि इस संहिता के ३१ वें अध्याय (पुरुष सूक्त) का शौनक ऋषि ने भाष्य किया था। इस पूरे भाष्य को उव्वट ने उद्धृत किया है। उव्वट की पद्धति से ही उसे यहाँ भी दे दिया गया है। सात छन्दों, सात धामों (अग्नियों), सात होताओं, सात संस्थाओं और सात परिधियों की

चर्चा पहले की जा चुकी है। सात परिधियों और २१ समिधाओं का स्वरूप ३१।१५ में भी देखा जा सकता है। ३१।२२ के भाष्य में "न मे भक्तः प्रणश्यति" इस गीतावाक्य की हृदयाभिराम व्याख्या की गई है। "यत्र विश्वं भवत्येकनीडम्" (३२।८) यह इस संहिता का विश्वजनीन संदेश है। कवीन्द्र रवीन्द्र इससे इतने प्रभावित हुए थे कि उन्होंने अपनी संस्था विश्वभारती का आदर्शवाक्य इसे ही बनाया था। "ईशावास्यमिदं सर्वम्" का उपदेश भी यही संहिता देनी है। ऐसे ही स्थलों से इस संहिता की दार्शनिक गरिमा का भी पता चलता है। इस तरह के विश्वजनीन उपदेशों से भरे वाक्यों से प्रेरणा लेकर हम द्वेष और कलह से ग्रस्त पूरे आधुनिक विश्व को मानव जाति का एक पवित्र मन्दिर बना सकते हैं।

नासदीय सूक्त (ऋ० १०।१२९।५) के प्रसिद्ध "तिरश्चीनो विततो रश्मिरेषाम्" (३३।७४) की प्रस्तुत भाष्य में की गई अधियज्ञ व्याख्या अतीव महत्त्वपूर्ण है। यहाँ बताया गया है कि अध्वर्यु उत्तर हविर्धान के नीड पर एक अंभ्रण की स्थापना करता है। उसे आधवनीय कहा जाता है। प्रउग स्थान पर द्वितीय अंभ्रण की स्थापना की जाती है। उसे पूतभृत् कहते हैं। हविर्धान शकट का नाम है। बड़े मुँह वाले मिट्टी के घड़े को अंभ्रण कहा जाता है। शकट पर बैठने की जगह नीड कहलाती है। इस नीड के बाहर के भाग को प्रउग कहते हैं। मन्त्र से संस्कृत प्रादेशप्रमाण के नीचे से ऊपर तक बिना टूटे हुए दो दर्भों को मिलाकर प्रोक्षण के निमित्त पवित्र बनाया जाता है। उद्गाता (सामगान करने वाला) आदि के द्वारा सोम के ऋजीष, कल्क आदि को छानने के उपयोग में आने वाला वस्त्र दशापवित्र कहलाता है। ग्रह, चमस, आधवनीय आदि पात्रों में छने हुए सोम रस को स्थापित किया जाता है। कितनी मार्मिक व्याख्या है ? याज्ञिक पारिभाषिक शब्दावली को समझाने की मानों झड़ी लगा दी है। हम पूरे भाष्य में इस तरह के पारिभाषिक शब्दों की व्युत्पत्तियों, प्रयोगों और उनके अर्थों को देख सकते हैं। पाणिनि के धातुपाठ में लगभग दो हजार धातुओं का निर्देश है। इन सबका प्रयोग लौकिक संस्कृत में नहीं मिलता। प्रस्तुत महनीय भाष्य के सहारे हम इन धातुओं के प्रयोग-स्थलों और उनके अर्थों पर गहन विचार कर सकते हैं। इस भाष्य के व्याकरण-प्रधान अंश इस कार्य में हमारे सहायक हो सकते हैं।

'पङ्क्तिराधसम्' पद यहाँ अनेक स्थानों पर (३३।८९; ३७।७, ९) आया है। हविष्पंक्ति, नाराशंस पंक्ति और सवन पंक्ति का स्वरूप एवं व्याख्या इन स्थलों पर देखी जा सकती है। यहाँ एक स्थान पर बताया गया है कि इन पंक्तियों का निरूपण ऐतरेय ब्राह्मण में विस्तार से किया गया है। ३३।९१ के आध्यात्मिक अर्थ में "देवास्तं परादुर्योऽन्यत्रात्मनो देवान् वेद" (२।४।६) इस बृहदारण्यक श्रुति को उद्धृत किया है। इसका अभिप्राय यह है कि देवता उसकी सहायता नहीं करते, जो व्यक्ति देवताओं को अपने से भिन्न मानता है। भूतशुद्धि और प्राणप्रतिष्ठा के आधार पर आराधक स्वयं देवस्वरूप बनकर आराध्य देवता की उपासना करता है। "शिवो भूत्वा शिवं यजेत्", "देवो भूत्वा यजेद् देवान्" जैसे वाक्य इसी सिद्धान्त को उजागर करते हैं। यहीं (५।६) के भाष्य में उद्धृत—"त्वं वै भगवो देवते ! अहमस्मि, अहं वै भगवो देवते ! त्वमसि" इस श्रुति का भी यही तात्पर्य है।

३३।९३ के भाष्य में प्रदर्शित है कि मूलाधार से उठ कर वाणी तीस अंगुल का मार्ग पूरा कर मुख तक पहुँचती है। त्रिंशत्पदा शब्द के यहाँ अन्य भी अर्थ किये गये हैं। पहले १३।३९ के भाष्य में भी शतपथ का यह वचन उद्धृत है—"तस्यैष घोषो भवति यमेतत् कर्णावपिधाय शृणोति" (१४।८।१०।१)। स्पष्ट है कि योगशास्त्र में वर्णित नादानुसन्धान की प्रक्रिया का यहाँ स्मरण कराया गया है।

३४ वें अध्याय के छः शिवसंकल्प मन्त्रों की व्याख्या करते समय पृ० ९५ पर प्रथम मन्त्र में मन की अतीत, अनागत, वर्तमान, संनिकृष्ट, विप्रकृष्ट, व्यवहित पदार्थों को भी देख सकने की शक्ति की औपचारिकता का उपनिषदों के प्रमाण से वर्णन किया है। यहाँ बताया गया है कि गान्धर्व शास्त्र के अभ्यास से उत्पन्न षड्ज आदि स्वरों की पहचान की तरह प्रत्यगभिन्न ब्रह्मरूप का महावाक्यजन्य प्रमात्मक मानस साक्षात्कार हो सकता है। महावाक्यजन्य प्रमा और सांख्य, वेदान्त, न्यायशास्त्र आदि दर्शनों एवं विभिन्न ग्रन्थों के प्रमाण से मन की शक्ति एवं जागरण, स्वप्न, प्रस्वाप आदि दशाओं का यहाँ सप्रमाण विवरण दिया गया है। दार्शनिकों को इस प्रसंग का अवलोकन अवश्य करना चाहिये। पृ० ९८-९९ पर इस मत का उल्लेख किया गया है कि मस्तक में मस्तिष्क का जो स्थान है, वहीं मन का भी निवास है। बाद में इस मत का यहाँ खण्डन कर दिया गया है और हृदय-पुण्डरीक में ही मन की स्थिति मानी गई है।

पितृमेध की प्रक्रिया का यहाँ (पृ० १३०-१३१) विस्तार से वर्णन है। इसी तरह से महावीर के संभरण की प्रक्रिया को भी यहाँ (पृ० १५६-१६१) विशद रूप से देखा जा सकता है।

भाष्य की महत्ता को दिखलाने के लिये उदाहरण के रूप में ये कुछ प्रसंग हमने यहाँ प्रस्तुत किये हैं। यह पूरा भाष्य इस तरह के प्रसंगों से भरा हुआ है। मनु आदि स्मृतिकारों के अनुसार लौकिक और आध्यात्मिक सर्वविध ज्ञान वेद से ही प्राप्त होता है। ऊपर वर्णित सारे प्रकरण स्मृतिकारों की और हमारी इस आस्था को दृढ करने वाले हैं।

संवत् २०३० तक स्वामी करपात्री जी महाराज की भाष्यभूमिका का दार्शनिक भाग पूरा हो चुका था। इसको भाषानुवाद के साथ प्रकाशित कराने का जब विचार हुआ, उस समय इस कार्य के लिये हमने पं० व्रजवल्लभ द्विवेदी का नाम प्रस्तुत किया था। स्वामी जी ने एक प्रतिबन्ध के साथ इस प्रस्ताव को स्वीकार किया कि इस दार्शनिक भाग के पूरे अनुवाद को सुनकर आवश्यकता के अनुसार उसमें संशोधन करना होगा। हमने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया और संवत् २०३२ में पटना में आपातकाल के एकान्तवास के दो मासों में इस कार्य को सम्पन्न कर ग्रन्थ के मुद्रण की अनुमति दे दी। एक लम्बी अवधि के बाद ही सही, आज इस पूरे भाष्य को विद्वानों के समक्ष प्रस्तुत होते देख हमें एक अलौकिक सन्तोष की अनुभूति हो रही है।

इस बृहत् कार्य को पूरा करने के लिये स्वामी जी ने चार विद्वानों को नियुक्त किया था और उनके नामों का उल्लेख भी अपनी भाष्यभूमिका के प्रारम्भ में कर दिया था। पद्मभूषण पण्डित पट्टाभिराम शास्त्री जी ने भाषानुवाद करना प्रारम्भ किया, किन्तु बाद में वे इस कार्य से विरत हो गये। भूमिका भाग के प्रथम खण्ड की उन्होंने हिन्दी और अंग्रेजी में विद्वत्तापूर्ण प्रस्तावना लिखी। पं० गजानन शास्त्री मुसलगांवकर ने भूमिका भाग के द्वितीय खण्ड के पृ० १९७६-२०९४ तक का भाषानुवाद किया। इसके अतिरिक्त इन्होंने पहले, सोलहवें और चालीसवें अध्याय का भाषानुवाद और २-३ अध्यायों का भाष्यसार भी लिखा। भाष्यभूमिका और पूरे भाष्य की शुद्ध और स्वच्छ प्रेस कापी तैयार करने में तथा उद्धरणों के स्थान-निर्देश में भी यथाशक्ति पं० मार्कण्डेय ब्रह्मचारी जी का सराहनीय सहयोग रहा है। अन्तिम कुछ अध्यायों की प्रेस कापी तैयार करने में एक अन्य व्यक्ति को लगाया गया था, किन्तु वे सज्जन इस कार्य को सही ढंग से कर न सके और अन्ततः उन अध्यायों की भी प्रेस कापी पं० मार्कण्डेय ब्रह्मचारी जी से ही करवानी पड़ी। भाष्य के भाषानुवाद में होते विलम्ब को देखकर अन्ततः भाष्यसार के साथ पूरी संहिता को छपाने का

संकल्प लिया गया और इसके लिये काशीस्थ वैदिक विद्वानों से प्रार्थना की गई। डॉ० श्रीकिशोर मिश्र वेदाचार्य के अतिरिक्त किसी अन्य वैदिक विद्वान् ने इसमें विशेष रुचि नहीं दिखाई। श्री मिश्र ने ४-१० अध्यायों का भाष्यसार लिखा है। आगे के ११ से ३९ अध्यायों को केवल भाष्यनिष्कर्ष के साथ निकालना पड़ा है, ताकि भाष्य के प्रकाशन में अनपेक्षित विलम्ब न हो। ऊपर निर्दिष्ट कार्यों के अतिरिक्त भाष्य-निष्कर्ष के लेखन के साथ अन्य सारा कार्य पं० श्री व्रजवल्लभ द्विवेदी ने किया है। हमें सन्तोष है कि हमारे द्वारा निर्दिष्ट व्यक्ति ने इस विशाल कार्य को पूरा कर दिखाया है। हम इनके सर्वविध कल्याण की कामना करते हैं। हमारे लिये यह सन्तोष का विषय है कि इनको इस वर्ष राष्ट्रपति पुरस्कार से संमानित किया गया है।

इस प्रसंग में हमें एक विसंगति देखने को मिली कि स्वामी करपात्री जी महाराज के यहाँ धर्म की रक्षा के नाम पर आने वाले अनेक व्यक्तियों की दृष्टि अर्थ के प्रति अधिक सजग रही है। पं० व्रजवल्लभ द्विवेदी स्वामी जी के निकट अर्थ के लिये आये थे, जिसकी कि उन दिनों अपना परिवार चलाने के लिये उनको आवश्यकता थी, किन्तु इन्होंने उस समय भी धार्मिक दृष्टि को प्रधान रखा। यही कारण है कि इस कार्य से जुड़े अनेक व्यक्ति धीरे-धीरे हटते गये और इनको जब भी इस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई, उससे कभी पीछे नहीं हटे। आज भारत को चरित्रसम्पन्न अर्थनिरपेक्ष व्यक्तियों की आवश्यकता है। तभी यह राष्ट्र प्रगतिपथ पर आरूढ होगा और स्वामी करपात्री जी महाराज की कल्पना साकार हो सकेगी।

इस महान् कार्य में आर्थिक सहयोग देने वाले श्री हनुमानप्रसाद धानुका का उल्लेख किये बिना यह वक्तव्य अधूरा रहेगा। "सर्वारम्भास्तण्डुलप्रस्थमूलाः" इस सुभाषित से हम सब कोई परिचित हैं। स्वामी करपात्री जी महाराज के परम श्रद्धालु भक्त वृन्दावनवासी अपने पिता श्री राधाकृष्ण धानुका की स्मृति में श्री राधाकृष्ण धानुका प्रकाशन संस्थान की स्थापना कर इन्होंने सर्वात्मना आर्थिक सहयोग न दिया होता, इस कार्य में लगे हुए विद्वानों के योगक्षेम का यथाशक्ति प्रबन्ध न किया होता, तो इस महान् प्रकाशन कार्य के सम्पन्न होने में अभी और भी विलम्ब होता। श्रेष्ठिजनों की रुचियाँ आजकल बदल रही हैं। पारिवारिक विग्रह, पत्नीवियोग जैसी आपदाओं को सहते हुए भी इन्होंने अपने दृढ संकल्प को नहीं छोड़ा और इस पावन कार्य को पूरा करा कर के ही रहे। हम इनके परिवार के सर्वविध कल्याण की कामना करते हैं। इधर इन्होंने मुद्रण कार्य की देख-रेख के लिये वृन्दावन के अपने मुनीम श्री गिरिराज प्रसाद अग्रवाल को नियुक्त किया था। उनके उचित सहयोग से ही यह कार्य अनेकविध विघ्नबाधाओं को पार कर आज पूरा हो रहा है। हम इनके लिये भी अपनी शुभ कामना व्यक्त करते हैं।

॥ शम् ॥

शिवरात्रि, संवत् २०४९   **श्री निरंजनदेव तीर्थ**
वाराणसी।

दशाध्यायी (१-१०) -भाष्यनिष्कर्ष

करपात्रमहाभागान् पुरीपीठाधिपांस्तथा ।
नमस्कृत्य विचारोऽयं प्रस्तुतो भाष्यसंश्रयः ॥

यह संयोग की ही बात है कि शुक्ल यजुर्वेद माध्यन्दिन संहिता के स्वामी करपात्री जी महाराज के द्वारा विरचित वेदार्थपारिजातभाष्य के प्रथम दस अध्यायों का भाष्यनिष्कर्ष लिखने से पहले अगले अध्यायों का भाष्यनिष्कर्ष लिखना पड़ा है। अब तक ११ से १५ अध्याय तक का, १६ से २० अ० तक का, २१ से ३० अ० तक का और ३१ से ३९ अध्याय तक का भाष्यनिष्कर्ष तीन जिल्दों में प्रस्तुत किया जा चुका है। भाष्य के प्रकाशन में कालातिपात से बचने के लिये ११ से ३९ अध्याय तक के भाष्य पर हिन्दी में भाष्यसार नहीं लिखवाया जा सका और उसकी पूर्ति के लिये भाष्यनिष्कर्ष में अतिसंक्षेप से भाष्य की विशिष्ट सामग्री का परिचय दे दिया है, जिससे कि हिन्दी भाषा के अभिज्ञ जिज्ञासु भी इस भाष्य से कतिपय विशेष अंशों से लाभान्वित हो सकें।

इसके लिये पूरे भाष्य के प्रतिपाद्य विषयों को हमने चार विभागों में बाँट दिया था। अ० ११-१५ के भाष्य-निष्कर्ष के प्रारम्भ में "भाष्यरचना की सामान्य पद्धति" शीर्षक से इसका परिचय दिया जा चुका है। श्रद्धेय स्वामीजी महाराज ने पूरे भाष्य में सामान्यतः इसी पद्धति का अनुसरण किया है, किन्तु प्रथम अध्याय में तथा अन्यत्र भी कहीं-कहीं याज्ञिक पद्धतिपरक मन्त्रार्थ को बताने के बाद स्वामी दयानन्द जी के मत के खण्डन में प्रवृत्ति देखी गई है। ऐसा प्रायः उन स्थलों पर हुआ है, जहाँ स्वामी दयानन्द जी अपने भाष्य को शतपथब्राह्मण-संमत बताने का प्रयत्न करते हैं। ऐसे स्थलों पर उनके भाष्य को पहले उद्धृत कर बाद में उन शतपथ वचनों की समीक्षा की गई है, जिनको कि वे अपने भाष्य के अनुकूल मानते हैं। पहले यहाँ शतपथ श्रुति की शास्त्रसंमत व्याख्या प्रस्तुत कर, तब दयानन्दीय भाष्य की निःसारता प्रदर्शित कर दी गई है। स्वामी जी का अभिमत है कि मन्त्रों के श्रुति-सूत्र अविरोधी अनेक अर्थ किये जा सकते हैं (८९, १२९)। इसके उदाहरण के रूप में प्रथम अध्याय के ९-११, १३-१४, १७ संख्या के मन्त्र देखे जा सकते हैं, जहाँ इस तरह के अर्थ दिये गये हैं। स्वामी जी ने एक स्थान पर (१ अध्याय, पृ० ४४) लिखा है कि इसी पद्धति से किसी विद्वान् ने श्रीमद्भागवत के प्रथम श्लोक के १०८ अर्थ किये हैं। कहीं-कहीं अन्यत्र भी इस क्रम में विपर्यय देखा गया है। लेखक अपने लेखन-व्यापार में स्वयं वेधा (ब्रह्मा) है। अतः जो विषय भाष्य में जिस तरह से भाष्यकार द्वारा उपस्थापित किया गया है, उस क्रम को बिना बदले उसी तरह से बनाये रखा गया है। किन्तु ऐसा बहुत कम स्थलों पर हुआ है। प्रायः सर्वत्र पूर्वनिर्दिष्ट क्रम ही पूरे भाष्य में स्वीकृत है।

१-१० अध्यायों का विस्तृत भाषानुवाद अथवा भाष्यसार प्रस्तुत है, अतः भाष्यनिष्कर्ष की आवश्यकता नहीं थी, किन्तु पाठकों को भाष्य के विशिष्ट स्थलों की जानकारी देने के लिये अतिसंक्षेप में उसे यहाँ भी दिया जा रहा है। इसके लिये भाष्यनिष्कर्ष को लिखने की पद्धति में थोड़ा परिवर्तन करना पड़ा है। यहाँ पहले अध्याय के भाष्य का विस्तृत भाषानुवाद प्रकाशित है और आगे २-१० अध्यायों का भाष्यसार। विस्तृत भाषानुवाद में तो भाष्य की सारी बातें आ ही गई हैं और भाष्यसार में भी मन्त्रों के विनियोग के साथ दयानन्दीय भाष्य के खण्डनपरक अंश का अर्थ और मन्त्र का आध्यात्मिक अर्थ स्पष्ट कर दिया गया है। अतः भाष्यनिष्कर्ष में इन पर पुनः विचार कर द्विरुक्ति करने का कोई लाभ नहीं है। इसीलिये प्रस्तुत भाष्यनिष्कर्ष में भाष्य के उन विशेष प्रतिपाद्य विषयों पर ही ध्यान केन्द्रित किया गया है, जिनका परिचय प्राप्त करने से भाष्यसार के अतिसंक्षिप्त होने के कारण सुबुद्ध हिन्दी पाठक वंचित रह जाते।

शुक्ल यजुर्वेद के ११ से ३९ वें अध्याय तक के प्रतिपाद्य विषयों की सूचना तत्तत् खण्ड के भाष्यनिष्कर्ष में दी गई है। हम यह जानते ही हैं कि इस संहिता का ४० वाँ अध्याय ईशावास्योपनिषद् के नाम से प्रसिद्ध है। प्रथम अध्याय के भाष्य (पृ० १२-१३) में अतिसंक्षेप में पूरी संहिता के प्रतिपाद्य विषयों को सूचित कर दिया गया है। अन्यत्र भी भाष्य में इन विषयों की सूचना दी गई है।

तदनुसार परिशोधित क्रम से प्रथम और द्वितीय अध्याय में दर्शपूर्णमास याग की पद्धति वर्णित है। यह प्रकरण दूसरे अध्याय के २८ वें मन्त्र में पूरा हो जाता है। इसके बाद २९-३४ मन्त्रों में पिण्डपितृयज्ञ[1] का अनुष्ठान निर्दिष्ट है। तृतीय अध्याय में अन्वाधान, अग्निहोत्रीय अग्नि का उपस्थापन तथा चातुर्मास्य याग का वर्णन है। चौथे अध्याय से लेकर आठवें अध्याय की ३२ वीं कण्डिका तक के मन्त्रों में अग्निष्टोम याग का विधान है। प्रथमतः चौथे अध्याय में सोम का क्रय करने के मन्त्र हैं। पाँचवें अध्याय में ज्योतिष्टोम का प्रतिपादन है। यहाँ सोमप्रधान आतिथ्येष्टि से लेकर यूपनिर्माण तक के मन्त्र हैं। छठे अध्याय में पशुप्रधान अग्नीषोमीय यूप के संस्कार से लेकर सोमाभिषव विधि तक के मन्त्र हैं। सातवें अध्याय में ग्रहग्रहण निर्दिष्ट है। यहाँ उपांशुग्रह से लेकर प्रातःसवन और माध्यन्दिनसवन तक की पद्धति को सम्पन्न कराने वाले एवं दक्षिणादान की विधि को बताने वाले मन्त्र हैं। आठवें अध्याय में तृतीय सायंसवनगत आदित्य ग्रहों के ग्रहण की विधि निर्दिष्ट है। इस अध्याय के ३२ वें मन्त्र तक यह प्रकरण चलता है। इसके आगे के मन्त्रों में षोडशी ग्रह, द्वादशाह विधि, अतिग्राह्य ग्रह, गवामयन, महाव्रत, विश्वकर्म, अदाभ्य ग्रह, सोमांशुहवन, [2]घर्मभेद प्रायश्चित्त आदि का प्रतिपादन है। ये सब विषय भी एक प्रकार से अग्निष्टोम याग से ही संबद्ध हैं। नवें अध्याय की ३४ वीं कण्डिका तक वाजपेय याग का वर्णन है। इस अध्याय के ३५ वें मन्त्र से राजसूय याग का प्रकरण प्रारम्भ होता है और दसवें अध्याय में भी ३० वीं कण्डिका तक राजसूय याग से सम्बद्ध अभिषेक आदि के मन्त्र हैं। इस अध्याय के आगे के चार मन्त्रों (३१-३४) में [3]चरक सौत्रामणी प्रतिपादित है।

ये दस अध्याय अलग-अलग चार भागों में प्रकाशित हुए हैं। पहले भाग में पहला, दूसरे में दूसरा और तीसरा, तीसरे में ४-६ अध्याय और चौथे में शेष चार अध्याय प्रकाशित हुए हैं। इन सबकी पृष्ठसंख्या भिन्न-भिन्न है। यहाँ हम क्रमशः इनका विवरण दे रहे हैं। आवश्यकता के अनुसार दी गई पृष्ठसंख्या उसी भाग की समझनी चाहिये।

प्रथम अध्याय

यहाँ प्रारम्भ में ही बताया गया है कि उव्वट, सायण, महीधर आदि आचार्यों ने ब्राह्मण और सूत्र ग्रन्थों के प्रमाण से तथा परम्परा से प्राप्त अर्थज्ञान की पद्धति से मन्त्रों की व्याख्या की है, किन्तु नास्तिक अथवा अर्धनास्तिक भारतीय तथा पाश्चात्त्य विद्वानों ने अनेक दुस्तर्कों की उद्भावना कर वेदार्थ को व्याकुल कर दिया है। उसका अपाकरण कर वेदार्थ की निर्मलता के लिये हमारा यह प्रयत्न है। भूमिका भाग में इस विषय को विस्तार से देखा जा सकता है। मन्त्रब्राह्मणात्मक वेद की नित्यता भी वहाँ सिद्ध कर दी गई है। यहाँ भाष्यकार ने बताया है कि "स्वाध्यायोऽध्येतव्यः" इस श्रुति-वाक्य में ऋषि, छन्द, देवता तथा विनियोग के साथ अर्थज्ञानपूर्वक अपनी शाखा का अध्ययन विहित है। चारों वेदों की सहस्राधिक शाखाएँ हैं। इन सबका अध्ययन एक व्यक्ति के लिये सम्भव नहीं है। अतः कुलपरम्परा से प्राप्त अपनी शाखा का अध्ययन प्रथमतः अपेक्षित है।

---

१. साकमेध पर्व के अन्तर्गत भी पितृयज्ञ से संबद्ध मन्त्र (३।५१-५४) उपदिष्ट हैं और ३५ वें अध्याय में पितृमेध याग वर्णित है।

२. घर्मभेद प्रयुक्त प्रायश्चित्ताहुतियों का विधान ३९ अध्याय में अधिक विस्तार से मिलता है।

३. सौत्रामणी याग का विस्तार १९-२१ अध्यायों में है।

यजुर्वेद के शुक्ल और कृष्ण विभाग कैसे हो गये, इसका विवेचन करते हुए यहाँ बताया गया है कि वाजसनेय याज्ञवल्क्य ने सूर्य की उपासना के उपरान्त प्राप्त शुक्ल यजुर्वेद को जिन १५ ऋषियों को पढ़ाया, उनके नाम इस प्रकार हैं –कण्व, मध्यन्दिन, शापेय, स्वापायनीय, कापाल, पौण्ड्रवत्स, आवटिक, परमावटिक, पाराशर्य, वैधेय, वैनेय, औधेय, गालव, वैजव और कात्यायनीय (पृ० ४)। मध्यन्दिन नाम के महर्षि के द्वारा प्राप्त यजुर्वेद ही माध्यन्दिन शाखा के नाम से प्रसिद्ध है। इस शाखा के अध्येता माध्यन्दिन कहलाते हैं। इस विवरण से स्पष्ट हो जाता है कि प्रस्तुत संहिता, जिस पर वेदार्थपारिजातभाष्य लिखा गया है, माध्यन्दिन संहिता के नाम से प्रसिद्ध है। वाजसनेय पद से तो सभी पन्द्रह शाखाओं की संहिताएँ अभिहित होंगी। आज इन पन्द्रह शाखाओं में से माध्यन्दिन के अतिरिक्त काण्व शाखा की संहिता ही मिलती है। शेष शाखाओं की संहिताएँ कालप्रभाव से विलीन हो गईं। इस प्रकार माध्यन्दिन शाखा के अनुयायियों के लिये 'स्वाध्याय' पद से यही संहिता प्रथमतः गृहीत होगी। शतपथ ब्राह्मण और कात्यायन सूत्र इस शाखा के अन्य प्रधान ग्रन्थ हैं। प्रस्तुत भाष्य में प्रधानतः इन्हीं की सहायता से मन्त्रार्थ की व्याख्या और विनियोग प्रदर्शित हैं।

अध्ययन विधि की सविस्तर व्याख्या करने के बाद यहाँ वेद के कर्मकाण्ड और ज्ञानकाण्ड की अपरा और परा विद्या के रूप में व्याख्या की गई है तथा बताया गया है कि अन्ततः सारे वेद का महातात्पर्य ब्रह्म के प्रतिपादन में ही है। इस दृष्टि से संहिता में ब्रह्म का प्रतिपादन ही पहले होना चाहिये था, किन्तु बुद्धि की शुद्धि के बिना ब्रह्मज्ञान असम्भव है, अतः तदर्थ पहले यहाँ कर्मकाण्ड का ही उपदेश किया गया है। विषय, प्रयोजन, अधिकारी और सम्बन्ध नामक चार अनुबन्धों का निरूपण करने के उपरान्त यहाँ कर्मकाण्ड की व्याख्या के प्रसंग में नित्य, नैमित्तिक, काम्य और प्रतिषिद्ध के भेद से चतुर्विध कर्मों का तथा प्रत्यवाय का स्वरूप प्रदर्शित है।

इतना विवेचन कर लेने के उपरान्त इस संहिता में दर्शपूर्णमास याग का ही प्रथमतः विधान क्यों किया गया, इस विषय को स्पष्ट करते हुए बताया गया है कि सारे वैदिक अनुष्ठान अग्निहोत्र से, इष्टि से अथवा सोम से संबद्ध हैं। अतः इनको सारे वैदिक अनुष्ठानों की प्रकृति कहा गया है, क्योंकि यहाँ इन यागों की पूरी विधि वर्णित है। विकृति यागों के अनुष्ठान में यहाँ वर्णित विधि की सहायता लेनी पड़ती है। इन तीन प्रकृति यागों में भी सर्वतो निरपेक्ष दर्शपूर्णमास याग है। अतः प्रस्तुत संहिता में सर्वप्रथम इसी का विवेचन है। कर्मकाण्ड के अनुष्ठान में यजुर्वेद की ही प्रधानता मानी गई है, मन्त्र आदि का सामान्य लक्षण जैमिनीय मीमांसा सूत्र में प्रतिपादित है, इत्यादि विषयों के विवेचन के बाद मन्त्रों की दृष्टार्थकता को बताते हुए यहाँ मन्त्र-ब्राह्मणात्मक माध्यन्दिन शाखा की वंशब्राह्मणोक्त परम्परा का स्मरण कराया गया है।

छन्दों के ज्ञान के प्रसंग में यहाँ सायण का और कात्यायनीय सर्वानुक्रमणी का मत प्रदर्शित है और तब विस्तार से इस संहिता की प्रथम कण्डिका के छन्दों का तथा पूरे विनियोग का स्वरूप निर्दिष्ट है। विनियोग में पलाश की शाखा को देवता बताया गया है। स्थावर शाखा में यह कैसे सम्भव होगा ? इसका समाधान करते हुए कहा गया है कि शाखा की अधिष्ठात्री देवता परमेश्वर का ही अंश है, अतः उसमें यजमान की कामना की पूर्ति करने की सामर्थ्य विद्यमान है।

इस संक्षिप्त विचार के साथ यहाँ मन्त्रार्थ प्रारम्भ होता है। इस पूरे अध्याय के मन्त्रों से दर्शपूर्णमास के अनुष्ठान का जो स्वरूप बनता है, उसकी प्रक्रिया यहाँ तीन स्थलों पर (पृ० १७-१९, १५५-१६०, २८५-२९४) दी गई है, जिसको हिन्दी भाषानुवाद की सहायता से समझा जा सकता है। प्रथम मन्त्र का अर्थ बताने के बाद यहाँ स्वामी दयानन्द तथा उनके अनुयायी पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु के मत का विस्तार से खण्डन किया गया है (पृ० २५-५४)।

इस प्रसंग में [4]याग और होम की कात्यायन-संमत परिभाषा दी गई है, यास्कीय निरुक्त के भाष्यकार दुर्ग, स्कन्द आदि के मत प्रदर्शित हैं और सर्वानुक्रमणीकार द्वारा प्रदर्शित देवतावाद के समर्थन के प्रसंग में बताया गया है कि निरुक्त, बृहद्देवता एवं सर्वानुक्रमणी के आधार पर ही वैदिक देवतावाद प्रतिष्ठित है।

पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु ने [5]स्वामी दयानन्द के भाष्य का विद्वत्तापूर्ण टिप्पणियों के साथ सम्पादन किया है। उक्त संस्करण को पृ० २३ तक की टिप्पणियों में अनेक विषयों की चर्चा उन्होंने की है। यहाँ निरुक्त, निरुक्त के भाष्यकार दुर्ग और स्कन्द, सर्वानुक्रमणी, तैत्तिरीय संहिता, बृहद्देवता, गोपथ ब्राह्मण, छान्दोग्य मन्त्रभाष्य, महाभारत, वायुपुराण भट्ट भास्कर भाष्य आदि ग्रन्थों को उद्धृत करते हुए स्वामी दयानन्द के विचारों का समर्थन किया गया है और व्याकरण-प्रक्रिया के अन्तर्गत प्राचीन भाष्यकारों की व्युत्पत्ति को गलत बताने की चेष्टा की गई है। वाक्यार्थबोध का प्रकार, सभी मन्त्रों के त्रिविध अर्थ, स्वामी दयानन्द द्वारा प्रदर्शित आध्यात्मिक, अधियज्ञ और अधिदैव अर्थ भी प्रस्तुत किये गये हैं। इन सब विचारों का यहाँ (पृ० ३५-५४) सप्रमाण खण्डन कर दिया गया है। इनकी व्याकरण-प्रक्रिया का खण्डन आगे भी (पृ० १०८-१०९) मिलता है।

प्रसंगवश यहाँ (पृ० ४१) बताया गया है कि निरुक्तकार ने भी आध्यात्मिक, याज्ञिक और ऐतिहासिक पक्ष को लेकर कुछ मन्त्रों की व्याख्या की है, किन्तु पूर्व और उत्तर मीमांसा को दृष्टि से पूरे वेद में धर्म और ब्रह्म का ही प्रतिपादन है। धर्म मनुष्य के अभ्युदय का साधन है। निष्काम भावना से किया गया धर्म बुद्धि को शुद्ध करता है और इसका भी पर्यवसान अन्ततः ब्रह्मसाक्षात्कार में होता है। यहाँ मन्त्रार्थ की प्रक्रिया पर भी विचार किया गया है और बताया गया है कि स्वामी दयानन्द की व्याख्या इन सिद्धान्तों का अनुसरण नहीं करती, अतः वह अप्रमाण है। उनके द्वारा प्रदर्शित स्वरप्रक्रिया की भी यहाँ (पृ० ४४-४८) समीक्षा दी गई है। अन्त में (पृ० ५५-६०) दिया गया प्रथम मन्त्र के भाष्य का हिन्दी सारांश उनके लिये बहुत उपयोगी है, जिनका संस्कृत भाषा पर पूरा अधिकार नहीं है।

पृ० ६१ पर पवित्र[6] पद का अर्थ बताया गया है और पृ० ७१ पर कर्तव्य के निर्धारण में सहायक स्वामी दयानन्द द्वारा निर्दिष्ट—१. वेदविद्या, २. प्रत्यक्ष आदि प्रमाण, ३. सृष्टिक्रम, ४. विद्वानों की संगति, ५. सुविचार और ६. आत्मशुद्धि नामक छः साधनों की समीक्षा की गई है। नवें मन्त्र को व्याख्या करते समय (पृ० ८९) पुनः स्मरण कराया गया है कि सायण का अर्थ श्रुति-सूत्रसंमत होने से वह हमारे लिये प्रामाणिक है। इसके विपरीत दयानन्दीय अर्थ श्रुति-सूत्रविरोधी होने से अप्रामाणिक है। यहाँ यह भी स्पष्ट किया गया है कि मन्त्रों के श्रुति-सूत्र अविरोधी अनेक अर्थ किये जा सकते हैं। उदाहरण स्वरूप यहाँ कुछ मन्त्रों के इस प्रकार के अर्थ भाष्यकार द्वारा किये भी गये हैं।

नवें मन्त्र की व्याख्या में स्वामी दयानन्द ने अपने अर्थ के समर्थन में शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत किया है, किन्तु यहाँ (पृ० ९४) और अन्यत्र (पृ० १६५, १७४, १७६, १७९, २०७-२०८, २२२, २२६, २३२, २३७, २६५) भी आगे अनेक स्थलों पर शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत कर यह स्पष्ट कर दिया है कि इन शतपथ बचनों में स्वामी दयानन्द

---

४. "तिष्ठद्धोमा वषट्कारप्रदाना याज्यापुरोनुवाक्यावन्तो यजतयः, उपविष्टहोमाः स्वाहाकारप्रदाना जुहोतयः" (पृ० ३०)। सात्वतसंहिता के भाष्यकार ने याग और होम का अन्तर इस प्रकार बताया है—"यागो बिम्बादिषु भगवदर्चनम्, होमो वह्निसन्तर्पणम्" (पृ० १९-२०)। इस प्रकार निगम और आगम की परिभाषा स्पष्ट ही भिन्न है।

५. रामलाल कपूर ट्रस्ट प्रकाशन, प्रथम भाग, संवत् २०४१ वि०। यहाँ पृ० १-२० तक पहले संस्कृत में तथा बाद में २४ से ३५ पृष्ठ तक हिन्दी में इन सब विषयों पर विचार किया गया है।

६. "द्वौ कुशौ कुशत्रयं वा पवित्रमुच्यते" (पृ० ६१)।

द्वारा दिये गये अर्थ की गन्ध भी नहीं मिलती। स्वामी दयानन्द प्रभुसंमित ब्राह्मण भाग को न तो वेद मानते हैं और न उसकी अपौरुषेयता को ही स्वीकार करते हैं। ब्राह्मण भाग को वे मात्र मन्त्र भाग का व्याख्यान मानते हैं। वे यह नहीं मानते कि ब्राह्मण भाग में मन्त्रों का विनियोग भी प्रदर्शित है। इसीलिये उनके द्वारा किये गये अर्थ में नाना प्रकार की विसंगतियों ने घर कर किया है।

दसवें मन्त्र की व्याख्या के प्रसंग में अन्तर्याग की, मानस पूजा की विधि को बताते हुए भूशुद्धि, भूतशुद्धि आदि का स्वरूप निर्दशित है और कहा गया है कि इस मानस पूजा से साधक ब्राह्मी तनू को प्राप्त करता है, जिसका कि उल्लेख मनुस्मृति (२।२८) आदि में किया गया है। आगम-तन्त्रशास्त्र में "देवो भूत्वा यजेद् देवान्" इस वाक्य से इसकी प्रक्रिया को स्पष्ट किया गया है और "इदमहमनृतात् सत्यमुपैमि" (१।५) [७]प्रस्तुत संहिता के इस मन्त्र में भी यही सिद्धान्त प्रतिपादित है।

१८ वें मन्त्र की व्याख्या में स्वामी दयानन्द ने वायुविद्या, शिल्पविद्या आदि का उल्लेख कर वेद में विमानविद्या के होने का उल्लेख किया है। यह सब शब्दों की कल्पनामात्र, शब्दजालमात्र है। योगसूत्रकार भगवान् पतंजलि ने इसको विकल्प की संज्ञा दी है—"शब्दज्ञानानुपाती वस्तुशून्यो विकल्पः" (१।९)। पूरे वेदभाष्य में इस तरह के आधुनिक विज्ञान द्वारा आविर्भूत विद्युत् आदि की खोज इस विकल्प का अच्छा उदाहरण है। पाश्चात्य जगत् के आविष्कारों को तथा अपने यहाँ पुराण, इतिहास, समरांगणसूत्रधार आदि में वर्णित नाना प्रकार के यानों के वर्णन को देख कर वेदों में इसको खोज लेने की ललक कोरा एक नाटक है, हास्यास्पद प्रयत्न है।

पात्रीनिर्णेजन, निनयन आदि विशिष्ट वैदिक पारिभाषिक शब्द हैं। इनका स्वरूप यहाँ पृ० २०९-२१० पर प्रदर्शित है। प्रसंगवश इसी तरह से यहाँ पूरे भाष्य में अन्य भी अनेक विशिष्ट पदों का स्वरूप प्रदर्शित है, जिनका कि उल्लेख भाष्यनिष्कर्ष की टिप्पणियों में भी कर दिया गया है।

स्वामी दयानन्द के मत का खण्डन करते समय यहाँ (पृ० २३७) एक विशेष बात यह बताई गई है कि उन्होंने भूमिका में मन्त्रों के पाठ के विषय में कहा है कि ये केवल अभ्यास के लिये हैं, किन्तु उसके विपरीत यहाँ वे कहते हैं कि मन्त्रों के पाठ के बिना फल की प्राप्ति नहीं होती। लोक-व्यवहार में तो इसके विपरीत ही देखने को मिलता है कि बिना ही वेदपाठ के अनेक लोग सुखसमृद्धि से सम्पन्न देखे गये हैं। वायु, जल आदि की शुद्धि भी वे मन्त्रपाठ और हवन आदि के बिना ही कर लेते हैं।

२८ वें मन्त्र के भाष्य में बताया गया है कि कुछ मन्त्र निदान वाले होते हैं। अर्थात् उनके साथ कोई कथा जुड़ी हुई रहती है। ऐसे मन्त्रों की व्याख्या करने से पहले उससे संबद्ध कथानक को उपस्थापित करना आवश्यक रहता है और इसका ज्ञान ब्राह्मण ग्रन्थों से ही संभव हो सकता है। इस तरह की निदान कथाओं का उल्लेख यहाँ तथा अन्य स्थलों पर भी पूरे भाष्य में शतपथ ब्राह्मण आदि की सहायता से यथास्थान किया गया है। यहीं (पृ० २४८) स्वामी दयानन्द के इस अनोखेपन का उल्लेख किया गया है कि वे शतपथ ब्राह्मण का उल्लेख तो प्रायः प्रत्येक मन्त्र में करते हैं, किन्तु मन्त्र की व्याख्या उसके विपरीत ही रहती है। यह एक आश्चर्य की ही बात है। स्वामी दयानन्द के मत के खण्डन के प्रसंग में भाष्यकार ने कुमारिल भट्ट के श्लोकवार्त्तिक—"प्रत्यक्षेणानुमित्या वा यस्तूपायो न बुद्ध्यते। एनं विदन्ति वेदेन तस्माद् वेदस्य वेदता॥" (पृ० २५६) इस श्लोक को अनेक स्थलों पर स्मरण किया है। इसका अभिप्राय यह है कि प्रत्यक्ष अथवा अनुमान प्रमाण से भी जिसका ज्ञान नहीं होता, ऐसे अत्यन्त परोक्ष पदार्थ का भी

---

७. "देवो भूत्वा यजेद् देवान्" शीर्षक निबन्ध में हमने बृहदारण्यक उपनिषद् और शतपथ ब्राह्मण को मात्र उद्धृत किया है, किन्तु यहाँ हम देखते हैं कि यह सिद्धान्त संहिता में ही प्रतिपादित हो चुका था।

ज्ञान वेद की सहायता से किया जाता है। यही वेद की वेदता है। अर्थात् प्रत्यक्ष और अनुमान से अज्ञात धर्म-ब्रह्म, स्वर्ग-नरक आदि का ज्ञान वेद से ही हो सकता है। स्वामी दयानन्द ने तो वेद-मन्त्रों के ऐसे ही अर्थ किये हैं, जिनका कि ज्ञान प्रत्यक्ष और अनुमान प्रमाण के द्वारा भी हो सकता है।

द्वितीय-तृतीय अध्याय

जैसा कि पहले अध्याय के प्रारम्भ में बताया गया है, इस दूसरे अध्याय के प्रारम्भ के २८ मन्त्रों में भी दर्शपूर्णमास का प्रतिपादन है। २८ वें मन्त्र में यजमान "य एवास्मि सोऽस्मि" कहता है। इसका अभिप्राय यह है कि जैसा मैं पहले था, वैसा ही पुनः बन जाता हूँ, अर्थात् अनुष्ठान करते समय मैंने अनृत से सत्य भाव को प्राप्त किया था, मनुष्य भाव को छोड़कर देव भाव को स्वीकार किया था, अब अनुष्ठान की समाप्ति पर मैं पुनः पुराने मनुष्य भाव को ही प्राप्त कर रहा हूँ। "देवो भूत्वा यजेद् देवान्" इस आगमिक सिद्धान्त का प्रस्तुत वैदिक प्रकरण ही प्रेरणा-स्रोत है।

भाष्यकार ने प्रसंगवश यहाँ अनेक उत्तम मनोहारी श्लोकों को उद्धृत किया है। उनका रसास्वादन भाष्यसार की सहायता से किया जा सकता है, क्योंकि इस खण्ड के भाष्यसार में ऐसे सभी श्लोकों का स्पष्ट भाषान्तर कर दिया गया है (पृ० १२ आदि पर देखिये)। पृ० ३ पर 'कश्चित्तु' पद से ब्रह्मदत्त जिज्ञासु अभिप्रेत हैं। 'केचिन्मन्यन्ते' (पृ० १०) यह मत शतपथ ब्राह्मण के भाष्य में देखा जा सकता है। वेदभाष्यकार और शतपथ ब्राह्मण के भी व्याख्याता आचार्य सायण का मत उनके नाम का उल्लेख करते हुए दिया गया है (पृ० १४, १६ आदि देखिये)। सायण के काण्व संहिता के भाष्य का भी यत्र तत्र उल्लेख मिलता है।

द्वितीय अध्याय के अनेक मन्त्रों का व्याख्यान स्वामी दयानन्द की व्याख्या से प्रारम्भ होता है। ऐसा उन मन्त्रों के प्रसंग में किया गया है, जिनकी व्याख्या स्वामी दयानन्द शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से करने का उल्लेख करते हैं। ऐसे स्थलों पर शतपथ ब्राह्मण के उस प्रसंग को विस्तार से उद्धृत कर यह दिखाने का प्रयत्न किया गया है कि शतपथ ब्राह्मण के इन वचनों में स्वामी दयानन्द के व्याख्यान की गन्ध भी नहीं है। अनेक मन्त्रों की व्याख्या में स्वामी दयानन्द शतपथ के स्थलों का मात्र उल्लेख करते हैं, किन्तु उन स्थलों पर निर्दिष्ट मन्त्र का व्याख्यान मिलता ही नहीं। इस तरह के मन्त्रों के भाष्य में दयानन्दीय मत और शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत कर इनके मत का खण्डन करने के उपरान्त ही श्रुतिसूत्रसंमत सिद्धान्त पक्ष का प्रदर्शन करते हुए मन्त्रार्थ दिया गया है और अन्त में आध्यात्मिक अर्थ बताया गया है। ऐसा पृ० १८, २२, २७, ३०, ३४, ३८, ४५, ५४, ६०, ६६, ७०, ७५, ७८, ८२, ८६, १०२, १०५ पर देखा जा सकता है। ऐसे स्थलों पर विस्तार से सप्रमाण यह बता दिया गया है कि दयानन्दीय अर्थ शतपथ ब्राह्मण संमत है ही नहीं। यहाँ स्पष्ट कर दिया गया है कि कात्यायन श्रौतसूत्र और उव्वट, सायण, महीधर आदि के भाष्य शतपथ ब्राह्मण का ही अनुसरण करते हैं और प्रस्तुत भाष्य का सिद्धान्तपक्षीय व्याख्यान भी इन सबके साथ विभिन्न आचार्यों के द्वारा निर्मित याज्ञिक पद्धतियों का भी अनुवर्तन करता है (पृ० ७६, ८८, ९३)। स्वामी दयानन्द ने २७ वें मन्त्र का दो तरह का व्याख्यान किया है। ये दोनों ही व्याख्यान शतपथ श्रुति और कात्यायन श्रौतसूत्र के विपरीत हैं, अत एव उपेक्षणीय हैं (पृ० ९४)।

कश्चित्तु (पृ० २५-२६), अपरस्तु (पृ० ३३), आधुनिकस्तु (पृ० ४२, ४८, ५१, ५४, ५८), अन्ये तु (पृ० ८५) इत्यादि शब्दों से संभवत यहाँ स्वामी गंगेशानन्द जी के द्वारा विरचित विज्ञानभाष्य गृहीत है। यहाँ के कुछ अंशों के साथ अपनी संमति जताने पर भी भाष्यकार ने अनपेक्षित स्थलों का खण्डन किया है।

पृ० ७२ पर नामसंकीर्तन का महत्त्व बताने वाले तीन श्लोक उद्धृत हैं। नामजप करने वाले भक्तों के लिये ये अतीव उपयोगी हैं। इसी तरह से पृ० ९२ पर "ध्येयः सदा सवितृमण्डलमध्यवर्ती" इत्यादि श्लोक में भगवान्

सूर्यनारायण का ध्यान अतीव मनोहारी है। स्वामी जी ने ही इसे अन्यत्र स्कन्दपुराण का श्लोक बता कर उद्धृत किया है। इसी तरह के नारायण स्तुति के अन्य श्लोक पांचरात्र वैष्णवागम की सात्वत संहिता (२५।११९-१२२) में मिलते हैं।

यहाँ २८ वें मन्त्र का आध्यात्मिक अर्थ नहीं दिया गया है। ऐसा अन्यत्र भी पूरे भाष्य के कुछ स्थलों पर हुआ है। ऐसे स्थलों पर कहीं-कहीं तो मन्त्रार्थ मात्र से ही आध्यात्मिक अर्थ भी स्पष्ट हो जाता है, अर्थात् इस तरह के कुछ मन्त्र कर्मकाण्डपरक न होकर आध्यात्मिक अर्थ का ही व्याख्यान करते हैं। अन्य स्थलों पर ऐसा कैसे हो गया, इसके कारण की खोज हमें करनी होगी।

आगे के छः मन्त्रों में पितृयज्ञ की विधि वर्णित है। पितृयज्ञ मे पितरों के निमित्त दी गई हवि का वाहक अग्नि कव्यवाहन कहलाता है। यहाँ (पृ० १०८) स्पष्ट कर दिया गया है कि पिण्डदान आदि मृत पितरों के निमित्त ही किये जाते हैं, जीवित माता-पिता आदि के लिये नहीं। आगे ३५ वें अध्याय में पितृमेध का विधान है। उसका विवरण ३१-३९ अध्यायों के भाष्यनिष्कर्ष (पृ० ७-८) में दिया जा चुका है। यह अनुष्ठान क्रव्याद[८] नामक अग्नि में किया जाता है।

पिण्डपितृयज्ञ, कव्यवाहन, मेक्षण आदि शब्दों का प्रयोग यहाँ हुआ है। कव्यवाहन शब्द का अर्थ भाष्य में ही दिया गया है कि कवि, अर्थात् क्रान्तदर्शी पितरों के निमित्त दी जाने वाली हवि कव्य कहलाती है। इस कव्य नामक हवि को पितरों के पास पहुँचाने वाला पावक (अग्नि) कव्यवाहन कहलाता है। पिण्डपितृयज्ञ का परिचय डॉ० मनोहर लाल द्विवेदी के ग्रन्थ से (पृ० १२६-१३०) प्राप्त किया जा सकता है। यहाँ (पृ० १०४) भी शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से इसको स्पष्ट किया गया है। मेक्षण पद का अर्थ भी वहीं देखा जा सकता है।

तृतीय अध्याय में अग्न्याधान, अग्निहोत्र होम एवं उपस्थान और लघूपस्थान संबन्धी मन्त्र उपदिष्ट हैं। वैश्वदेवाख्य चातुर्मास्य कर्म के वैश्वदेव, वरुणप्रघास, साकमेध और शुनासीरीय नामक चार पर्वों का विधान भी यहाँ मिलता है। साकमेध पर्व के अन्तर्गत पितृयज्ञ से संबद्ध मन्त्र (३।५१-५४) भी यहाँ उपदिष्ट हैं। यहाँ अन्तिम मन्त्र का स्वामी करपात्री जी महाराज द्वारा रचित भाष्य उपलब्ध न हो सका, अतः उसके स्थान पर पण्डित पट्टाभिराम शास्त्री जी के परामर्श के अनुसार उव्वट-महीधर का भाष्य हमें देना पड़ा है।

हमने अभी बताया है कि द्वितीय अध्याय में कश्चित्तु, अपरस्तु, आधुनिकस्तु, अन्ये तु कह कर संभवतः स्वामी गंगेशानन्द जी के विज्ञानभाष्य का स्मरण किया गया है। इस अध्याय में प्रायः प्रत्येक मन्त्र में स्वामी दयानन्द जी के मत के साथ इनके मत का भी खण्डन किया गया है। इसके लिये उक्त शब्दों के अतिरिक्त केचित्तु, यत्तु, यदपि, यदपि च, अन्यस्तु, विज्ञानभाष्याभिमानिनस्तु (पृ० १४०), अपर आह, यत्तु कश्चित्, यत्तु केनचित्, यत्तु केनचिदुच्यते, यच्च, यत्त्वत्र कश्चित्—इत्यादि पदों का भी प्रयोग किया गया है। तृतीय अध्याय के भाष्य की यह एक विशेषता मानी जा सकती है। स्वामी गंगेशानन्द जी का विज्ञानभाष्य छप चुका है, बहुत प्रयत्न करने पर भी वह हमें उपलब्ध न हो सका, अतः उस भाष्य का परिचय देने में अभी हम असमर्थ हैं। तृतीय अध्याय के भाष्य को देखने से ऐसा प्रतीत होता है कि यहाँ अन्य आचार्यों के व्याख्यानों का भी उल्लेख कर खण्डन किया गया है। विज्ञानभाष्य को देखे बिना इस सम्बन्ध में अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।

---

८. विधानपारिजात के प्रमाण से दिये गये २७ प्रकार की अग्नि के नामों और उनके स्थानों की तथा नवग्रहों की नौ प्रकार की अग्नियों की जानकारी इसी खण्ड के पृ० १३३-१३४ से प्राप्त की जा सकती है।

प्रथम मन्त्र (पृ० ११०-११४) में ही इस भाष्य के सिद्धान्त पक्ष को उद्धृत कर उसकी विस्तृत समीक्षा की गई है कि कुछ विद्वान् आत्मयाजी की दृष्टि से इस मन्त्र में ब्रह्म का उपदेश मानते हैं, किन्तु स्वामी करपात्री जी महाराज का कहना है कि आत्मयाजी ब्रह्मात्मदर्शी विद्वान् मन्त्र और ब्राह्मणों की अन्यथा व्याख्या नहीं करते। जिन मन्त्रों और ब्राह्मणों का कर्मकाण्डपरक विनियोग स्पष्ट है, उनमें हम निर्गुण, निर्विशेष, अद्वैत ब्रह्म का प्रतिपादन नहीं मान सकते। ब्राह्मण ग्रन्थों के द्वारा, मीमांसा शास्त्र में उपदिष्ट लिंग आदि षड्विध प्रमाणों के द्वारा और कात्यायन आदि के श्रौतसूत्रों के द्वारा जिन मन्त्रों का विनियोग जहाँ किया गया है, वही मुख्यार्थ माना जाता है। इसके विपरीत यदि कोई अर्थ किया जाता है, तो उसे गौणार्थ ही माना जायगा।

स्वामी गंगेशानन्द पूरे अध्याय के मन्त्रों की कृष्णपरक व्याख्या करते हैं। प्रथम मन्त्र की व्याख्या में ही वे कहते हैं कि इस मन्त्र में कृष्ण और अर्जुन का संवाद है। किन्तु हमें यह ध्यान रखना है कि बिना किसी प्रसंग के गौणार्थ करने में अनेक क्लिष्ट कल्पनाएँ करनी पड़ती हैं और बिना प्रमाण के विभक्ति इत्यादि का विपर्यास भी करना पड़ता है, जो कि यथाश्रुत अर्थ की उपपत्ति हो जाने पर कभी मान्य नहीं हो सकता। मन्त्रार्थ के उपबृंहण के लिये रामायण, महाभारत, पुराण आदि की रचना हुई है। इसके विपरीत श्रीमद्भागवत के उपबृंहण के लिये मन्त्रों की व्याख्या करना कथमपि उचित नहीं माना जा सकता।

पाँचवें मन्त्र की इन्होंने भगवान् श्रीकृष्ण द्वारा अपने विद्यागुरु सन्दीपनि को गुरुदक्षिणा में उनके मृत पुत्र को ले आने की कथा के रूप में व्याख्या की है। इस पर प्रस्तुत भाष्यकार का कहना है कि यद्यपि यह अर्थ दयानन्द की व्याख्या की तरह से ही नानाविध कल्पनाओं से भरा हुआ है, तो भी भक्तिभाव से परिपूर्ण सगुणोपासना का प्रतिपादक है। यहाँ भगवत्कथा का उल्लेख होने से यह हमारे लिये सह्य हो सकता है। इस तरह की जबर्दस्ती से मन्त्रों के अनेक अर्थ किये भी जा सकते हैं, किन्तु इस प्रकार के अर्थों को यहाँ अविचारित रमणीय तथा वागाडम्बर मात्र (पृ० १२०) और कल्पनामात्र (पृ० २०१) बताया गया है।

स्वामी गंगेशानन्द जी के अर्थ का यत्किंचित् समर्थन पृ० १३१ पर भी मिलता है। पृ० १४७ पर बताया गया है कि यह व्याख्यान स्वामी दयानन्द जी की व्याख्या की अपेक्षा अतीव सुन्दर है, किन्तु सिद्धान्त की दृष्टि से विचार करने पर यह गौणार्थ ही माना जायगा। आगे (पृ० १६८) इस तरह के अर्थ की उपपत्ति बन जाने पर भी उसे क्लिष्टकल्पनाबहुल, अर्थात् क्लिष्ट कल्पनाओं से भरा हुआ बताया गया है। ३४ वें मन्त्र की व्याख्या (पृ० १८९) में कहा गया है कि कृष्ण के द्वारा गोवर्धन पर्वत को उठा लेने पर उनकी सामर्थ्य को जान कर क्षमा प्रार्थना के लिये आये इन्द्र को वे उपदेश कर रहे है। इस प्रसंग में (पृ० १९०) भाष्यकार का कहना है कि प्राचीन आचार्य श्रुति, सूत्र आदि का अनुसरण करते हुए ही कहीं-कहीं विभक्ति-व्यत्यय आदि का सहारा लेते हैं। उन्हीं की पद्धति को यथेच्छ स्वीकार कर स्वामी दयानन्द मन्त्रों का मनमाना अर्थ करने लगे। कुछ आचार्यों ने अपने-अपने मत के अनुसार मन्त्रों की व्याख्या की है। यह उच्छृङ्खलता यहाँ तक पहुँच गई कि 'अहमन्नादः' इत्यादि श्रुतिवचनों से अहमद के नाद की, अर्थात् कुरान की आयतों की भी प्रामाणिकता सिद्ध की जाने लगी।

५० वें मन्त्र की व्याख्या (पृ० २२०) में पुनः बताया गया है कि यहाँ किया गया अर्थ यद्यपि सुन्दर है, तथापि यज्ञ आदि कर्मों में विनियुक्त मन्त्रों की अन्यशेषता के कारण वे प्रमाणान्तर से असिद्ध अर्थ को सिद्ध करने में समर्थ नहीं हो सकते, क्योंकि ऐसे स्थलों पर उनका अपना अर्थ प्रधान नहीं रह जाता। यही अर्थ होगा, इसका निर्धारण हम नहीं कर सकते, क्योंकि किसी नियामक के अभाव में उसका दूसरा अर्थ भी दिया जा सकता है। यहाँ भाष्यकार ने अपने आध्यात्मिक अर्थ के ऊपर भी आक्षेप किया है और फिर उसका समाधान भी दिया है कि 'सर्वे वेदाः' इत्यादि

श्रुतियाँ सभी वैदिक मन्त्रों का अध्यात्म के प्रतिपादन में विनियोग निश्चित करती हैं। इस स्थिति में विनियोग के अविरुद्ध आध्यात्मिक अर्थ किया ही जा सकता है।

स्वामी करपात्री जी महाराज ने द्वितीय और तृतीय अध्याय के भाष्य में स्वामी दयानन्द तथा उनके अनुयायियों के द्वारा उद्भावित व्याकरणविषयक आपत्तियों पर अनेक स्थलों पर विचार किया है। पृ० ३ पर 'कृष्ण' पद पर, पृ० ११० पर 'अतिथि' और 'इन्द्रिय' शब्द पर, पृ० १३१ पर 'व्यख्यन्' शब्द पर, पृ० १५२ पर 'आहुवध्यै' शब्द पर, पृ० १५८ पर 'अह्रयः' पद पर, पृ० १६९-१७० पर 'दिवे दिवे' आदि पदों पर, पृ० १७६ पर 'अन्तम' शब्द पर, पृ० १८१ पर 'सोमानम्' शब्द पर, पृ० १८३-१८४ पर 'अररुषः' शब्द पर, पृ० १८६ पर 'अघशंसः' पद पर, पृ० १९२ पर 'दूडभ, रथ' आदि शब्दों पर, पृ० २०३-२०४ पर 'शंयु' शब्द पर और पृ० २०७-२०८ पर 'करम्भ' आदि शब्दों पर निघण्टु, निरुक्त, प्रातिशाख्य इत्यादि आर्ष ग्रन्थों के, पदमंजरी, न्यास, ऋक्संहिता-सायणभाष्य आदि के तथा निरुक्त के व्याख्याकार दुर्गाचार्य, वेदभाष्यकार भट्ट भास्कर, उव्वट, सायण-माधव, महीधर आदि के प्रमाण से विस्तार से विद्वन्मनोरंजक पद्धति से अच्छा विचार किया है। यहाँ अनेक स्थलों पर अनेक अन्य वैदिक पदों की स्वतन्त्र व्युत्पत्तियाँ भी दी गई हैं। इससे भाष्यकार के व्याकरण और स्वरप्रक्रिया विषयक गम्भीर ज्ञान का परिचय प्राप्त होता है।

तृतीय अध्याय के भाष्य में अन्य भी अनेक विषयों पर शास्त्रीय विचार प्रस्तुत किये गये हैं। छठे मन्त्र के भाष्य (पृ० १२४-१२९) में पृथ्वीभ्रमण विषयक दयानन्दीय सिद्धान्त की समीक्षा की गई है। इस विषय में भूमिका, भाग दो में भी पर्याप्त विचार किया गया है (पृ० १२८७-१३००)। पृ० १३३-१३४ पर [९]आगमों एवं पुराणों में वर्णित विविध अग्नियों के नामों और स्थानों का विधानपारिजात नामक ग्रन्थ के आधार पर परिचय दिया गया है। वैदिक वाङ्मय में तीन अथवा पाँच अग्नियाँ विशेष रूप से वर्णित हैं, किन्तु यहाँ २७ प्रकार की अग्नियों के नाम और धाम (कार्य) दिखाये गये हैं। नवें मन्त्र के भाष्य (पृ० १३७-१४४) में अग्निहोत्र के स्वरूप पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि इस विषय पर शतपथ ब्राह्मण (२।३।१।१-३३) में विस्तार से विचार किया गया है। इसी प्रसंग में पृ० १४२ पर याज्ञवल्क्य-संमत पाकयज्ञ की प्रक्रिया भी व्याख्यात है। १३ वें मन्त्र की व्याख्या में काण्व शाखा के शतपथ ब्राह्मण का पक्ष प्रस्तुत किया गया है।

मन्त्रों की व्याख्या करते हुए यहाँ अनेक स्थलों पर (पृ० १३७, १५५, १६९, १८३) सायण का और उव्वट-महीधर (पृ० १५७) का पक्ष भी प्रस्तुत किया गया है। पृ० १६१ पर चित्रावसु शब्द का व्याख्यान 'अन्यस्तु' कह कर दिया गया है। पृ० १७५ पर मीमांसा शास्त्र के पदविषयक सिद्धान्त की समीक्षा की गई है। २८ वें मन्त्र में (पृ० १८०) प्रसंगवश निरुक्त (६।१०) में की गई इस मन्त्र की व्याख्या पर विचार किया गया है और पृ० २३० पर भी निरुक्त में दी गई रुद्र पद की निरुक्ति को उद्धृत किया गया है। ३५ वें मन्त्र में गायत्री मन्त्र के काण्व और माध्यन्दिन संहिताओं के पाठ की समीक्षा की गई है और यहीं (पृ० १९१) भण्डासुर को भूंज डालने वाली भगवती त्रिपुरा की वन्दना की गई है।

४३ वें मन्त्र के भाष्य (पृ० २०४-२०५) में चातुर्मास्य कर्म के वैश्वदेव, वरुणप्रघास, साकमेध और शुनासीरीय नामक चार पर्वों का तथा दक्षिणा और उत्तरा नामक वेदियों का परिचय दिया गया है। पृ० २०७-२०८ पर प्रघास, करम्भ, मद आदि शब्दों की अशुद्ध व्युत्पत्तियों का उल्लेख कर इन पदों के सही अर्थों का बोध कराया गया है। पृ० २२७ पर 'अम्बिका' पद के और पृ० २३८-२३९ पर 'जमदग्नि' पद के अर्थ पर विचार किया गया है।

---

९. ईशानशिवगुरुदेवपद्धति, त्रिवेन्द्रम् संस्करण (१।१४।६-१४) देखिये।

अम्बिका के विशेषण के रूप में प्रयुक्त स्वसृ पद का अर्थ पत्नी है, भगिनी नहीं, इसको भी यहाँ स्पष्ट किया गया है। पृ० २४०-२४२ पर कालविभाग की विस्तार से चर्चा है और बताया गया है कि ब्रह्मा, विष्णु आदि की आयु के विषय में [10]आनन्दकन्द आदि आयुर्वेद और तन्त्रशास्त्र के ग्रन्थों में विचार अवश्य किया गया है, किन्तु प्रस्तुत मन्त्र में उनकी चर्चा कथमपि नहीं मानी जा सकती।

इस अध्याय के प्रथम मन्त्र में तथा अन्यत्र (पृ० १३१, १५२, १५८, १७६, १८१, १८३-१८४, १९८, २०३, २३०) भी दयानन्दीय मत की समक्षा में उनके व्याकरण-विषयक निष्कर्षों की ओर उनके समर्थन में दी गई पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु की टिप्पणियों की समीक्षा की गई है। स्वामी दयानन्द का भाष्य शतपथ ब्राह्मण के विपरीत ही अर्थ प्रस्तुत करता है, इसकी भी अनेक स्थलों पर चर्चा है। आठवें मन्त्र में त्रिंशद्धाम पद के अर्थ की समीक्षा है। नवें मन्त्र में दयानन्दीय अर्थ की समीक्षा कर शतपथ के प्रमाण से वस्तुस्थिति को स्पष्ट किया गया है।

१५ वें मन्त्र में अध्वर और यज्ञ शब्द के इनके द्वारा किये गये अर्थ की समीक्षा की गई है। ४७ वें मन्त्र की व्याख्या में बताया गया है कि स्वामी दयानन्द इस मन्त्र में उत्क्षेपण आदि कर्मों का वर्णन बताते हैं, किन्तु उनका यह कथन सही नहीं है, क्योंकि यह तो वरुणप्रघास नामक अनुष्ठान का मन्त्र है। इसी तरह से ६२ वें मन्त्र में स्वामी दयानन्द के द्वारा 'जमदग्नि' पद की व्याख्या के प्रसंग में उपस्थापित प्रमाणों की विस्तार से सप्रमाण समीक्षा की गई है।

चतुर्थ व पंचम अध्याय

चतुर्थ अध्याय से प्रारम्भ कर [11]अष्टम अध्याय की ३२ वीं कण्डिका तक अग्निष्टोम याग के मन्त्र हैं। इनमें से चतुर्थ अध्याय में यजमान के संस्कार के साथ सोम के क्रय करने तक के मन्त्र हैं। भाष्यकार ने प्रथम मन्त्र के प्रारम्भ में सोम याग की प्रक्रिया को दिखाया है। इस याग को सम्पन्न करने की दो पद्धतियाँ हैं। एक तो यह कि जो सोम याग करना चाहता है, वह वसन्त ऋतु में अग्न्याधान के बाद पहले सोम याग करे और तब दर्शपूर्णमास का अनुष्ठान करे। दूसरा पक्ष यह है कि अग्न्याधान के बाद पहले दर्शपूर्णमास का अनुष्ठान करे, तदुपरान्त सोम याग सम्पन्न करे। आजकल सोमलता उपलब्ध नहीं होती, अतः उसके स्थान पर पूतीका लता में ही सोमलता के सारे संस्कार किये जाते हैं। यद्यपि यह यज्ञ एक दिन में ही पूरा हो जाता है, तो भी अपने अंगभूत अनुष्ठानों के साथ इसके पूरा होने में पाँच दिन लगते हैं। सोलह ऋत्विजों के द्वारा यह अनुष्ठान सम्पन्न किया जाता है।

अध्वर्यु, प्रतिप्रस्थाता, नेष्टा और उन्नेता नामक चार ऋत्विक् अध्वर्युगण के अन्तर्गत आते हैं। ब्रह्मा, ब्राह्मणाच्छंसी, आग्नीध्र और पोता का ब्रह्मगण में; होता, मैत्रावरुण, अच्छावाक और ग्रावस्तुत् का होतृगण में और उद्गाता, प्रस्तोता, प्रतिहर्ता एवं सुब्रह्मण्य का उद्गातृगण में समावेश माना जाता है। गाय के रूप में जितनी दक्षिणा दी जाती है, उनका समान रूप से चार भाग कर दिया जाता है और एक-एक गण को एक-एक भाग दिया जाता है। इस एक भाग को पुनः विभक्त कर दिया जाता है। इनमें से अध्वर्यु का आधा भाग प्रतिप्रस्थाता, का तीसरा भाग नेष्टा का और चतुर्थ भाग

---

१०. आयुर्वेद और तन्त्रशास्त्र से संबद्ध 'आनन्दकन्द' नामक ग्रन्थ तंजोर सरस्वती महल सिरीज संख्या १५ में सन् १९५२ में प्रकाशित हुआ है। इसी नाम का एक चम्पू ग्रन्थ भी सरस्वती भवन ग्रन्थमाला, वाराणसी संख्या ३६ में सन् १९३१ में प्रकाशित है।

११. यहाँ मन्त्रार्थ में गलती से "चौथे अध्याय में ३२ वीं कण्डिका तक" लिख दिया गया है।

उन्नेता का होता है। अन्य तीनों गणों में भी यही क्रम लागू होता है। इसीलिये इनको क्रमशः अर्धिनः, तृतीयिनः और पादिनः कहते हैं। कात्यायनयज्ञपद्धति विमर्श (पृ० १२-१३) में इस विषय को उदाहरण के साथ समझाया गया है।

इस यज्ञ के अनुष्ठान में तीनों वेदों का सहयोग रहता है। अग्निहोत्र का अनुष्ठान केवल यजुर्वेद से किया जाता है। दर्शपूर्णमास आदि इष्टियों का अनुष्ठान कुछ लोग ऋग्वेद और यजुर्वेद से तथा अन्य केवल यजुर्वेद से करते हैं। पशुयाग का अनुष्ठान सभी कोई ऋग्वेद और यजुर्वेद से करते हैं। सोम याग तथा अन्य इसी तरह के अनुष्ठान वेदत्रय-साध्य हैं। याजुष कर्म के अनुष्ठान के लिये अध्वर्युगण, हौत्र के अनुष्ठान में होतृगण, साम के अनुष्ठान में उद्गातृगण और तीनों गणों के द्वारा अनुष्ठीयमान कर्मों का पर्यवेक्षण करने के लिये ब्रह्मगण का नियोजन किया जाता है।

इतना सब बता देने के बाद अग्निष्टोम, उक्थ्य, षोडशी, अतिरात्र और ज्योतिष्टोम का स्वरूप बता कर प्रस्तुत भाष्य में कहा गया है कि त्रिवृत्, पंचदश, सप्तदश और एकविंश नामक चार स्तोम 'ज्योतिः' पद से अभिहित होते हैं। आगे बताया गया है कि सोम याग अन्य सभी यागों की प्रकृति है। इसकी प्रक्रिया का निरूपण करते हुए यहाँ (पृ० २) महावीरसंभरण, व्रतभक्षण, प्रवर्ग्यानुष्ठान, सुत्यादिवसीय अनुष्ठान, महाभिषव आदि का निरूपण कर बताया गया है कि यज्ञशालानिर्माण आदि की प्रक्रिया शतपथ ब्राह्मण के तृतीय काण्ड के प्रथम अध्याय में विस्तार से कही गई है।

शतपथ ब्राह्मण में निर्दिष्ट विनियोग ही कात्यायन श्रौतसूत्र में निर्दिष्ट है। माध्यन्दिन संहिता के चतुर्थ अध्याय से षष्ठ अध्याय तक के मन्त्रों का विनियोग शतपथ ब्राह्मण के तृतीय काण्ड में तथा कात्यायन श्रौतसूत्र के ७-९ अध्यायों में वर्णित है। चतुर्थ अध्याय के भाष्य में मन्त्रार्थ, आध्यात्मिक अर्थ, दयानन्दमतखण्डन और अन्त में शतपथ ब्राह्मण को प्रायः उद्धृत किया गया है। पंचम अध्याय में मन्त्रार्थ के साथ शतपथ अथवा शतपथ के बाद मन्त्रार्थ को देकर आध्यात्मिक अर्थ के बाद ही दयानन्दीय मत की समीक्षा की गई है। शतपथ को प्रारम्भ में प्रायः वहीं उद्धृत किया गया है, जहाँ कि कात्यायनीय विनियोग नहीं मिलता। छठे अध्याय का भी प्रायः यही क्रम है। दयानन्दीय मत का उल्लेख प्रायः यहाँ अन्त में ही किया गया है। कहीं कहीं शतपथ श्रुति की व्याख्या अन्त में दी गई है (पृ० १०, १९)।

इस प्रसंग में हमें यह ध्यान रखना है कि ४-६ अध्यायों वाले इस भाग में ४-५ अध्यायों की पृष्ठसंख्या (१-२१५) और छठे अध्याय की पृष्ठसंख्या (१-८२) अलग-अलग है। इसी प्रकार चौथे अध्याय के १६ वें मन्त्र के भाष्य का क्रम विपर्यस्त हो गया है। यहाँ ४५ वें पृष्ठ का दूसरा अनुच्छेद पहले अनुच्छेद के रूप में पढा जाना चाहिये।

सोमक्रय की प्रक्रिया पर यहाँ (पृ० ४८-४९, ७८-८०) विशेष प्रकाश डाला गया है। अनेक मन्त्रों की व्याख्या के प्रसंग में (पृ० १६-१७, ६४, ७२, ९३, १५२, १७१) सायण और उव्वट-महीधर के भाष्य को उद्धृत किया गया है और 'अवैयाकरणेन महीधरेण' कह कर उस पर किये गये आक्षेपों का परिहार किया गया है (पृ० ६५)। यहीं (पृ० ६७) माध्यन्दिन संहिता (४।२४) के 'छन्दोनामानाम्' पाठ के स्थान पर काण्वसंहिता में दिये गये 'छन्दोमानानाम्' पाठ की भी व्याख्या की गई है। यहाँ अनेक स्थलों पर (पृ० ११, ३९, ४२, ६७, ८८, ९०) दिखाया गया है कि शतपथ ब्राह्मण में भी हमारे सिद्धान्त-संमत अर्थ को ही समर्थन दिया गया है, दयानन्दीय अर्थ को नहीं।

स्वामी दयानन्द के मत की यहाँ विशेष समीक्षा की गई है। पृ० ५८ के (पूर्वोक्तानां चतुर्णां) प्रारम्भ से ६० वें पृष्ठ के (शतपथादिविरुद्धश्चायमर्थः) अन्त तक की यह पूरी सामग्री २२ वें मन्त्र की व्याख्या के अन्त में पृ० ६३ पर होनी चाहिये थी, क्योंकि तभी 'चतुर्णां मन्त्राणां' (४।१९-२२) पदों की सार्थकता होगी। यहाँ एक साथ चार मन्त्रों के दयानन्दीय अर्थ की आलोचना की गई है। पृ० १०५ पर कहा गया है कि पद और पदार्थ का जिसको बोध

नहीं है, वही इस तरह का अर्थ कर सकता है। अर्थ करते समय स्थान-स्थान पर लड़खड़ाते हुए भी ये महानुभाव उव्वट, सायण, महीधर जैसे प्राचीन आचार्यों की गलत समीक्षा करने में लज्जा का अनुभव नहीं करते। पृ० १२१-१२२ पर भी इसी तरह महीधर पर किये गये इनके गलत आक्षेप का समाधान किया गया है। वहाँ स्पष्ट किया गया है कि वैदिक छन्दों के निर्णय में प्रातिशाख्य अथवा पिंगल के छन्दःशास्त्र को कोई भी सहृदय विद्वान् अप्रमाण नहीं मान सकता। पृ० १२५ पर महीधर को पुनः अवैयाकरण कह कर किये गये आक्षेप का समाधान दिया गया है।

पृ० १२७ पर बताया गया है कि स्वामी दयानन्द श्रौत प्रक्रिया से पूरी तरह से अनभिज्ञ हैं। पृ० १२७-१२८ पर स्वामी दयानन्द और पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु के अलंकार संबन्धी आक्षेपों का समाधान करते हुए कहा गया है कि अलंकार शब्द का नाम सुनकर पामर जन ही आकृष्ट हो सकते हैं, विद्वज्जन नहीं। स्वामी दयानन्द और पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु का यह सारा आडम्बर केवल सामान्य लोगों को बहकाने के लिये है।

पृ० १३१ पर स्वामी दयानन्द ने पदकार के प्रमाण से महीधर के मत का खण्डन किया है। इस आक्षेप का यहाँ समाधान किया गया है और बताया गया है कि शतपथ ब्राह्मण के विपरीत होने से दयानन्दीय अर्थ ही अशुद्ध है। पृ० १४३ पर दिखाया गया है कि स्वामी दयानन्द की व्याख्या चार्वाक मत के बहुत पास है और स्वर्ग आदि लोकों के प्रसग में दिव्य भोगों की प्राप्ति के विज्ञान की बात करना व्यर्थ का घटाटोप मात्र है। 'न विधौ परः शब्दार्थः' शाबर-भाष्य के इस वचन का भी यहाँ पदे-पदे विरोध दिखाई पड़ता है।

पृ० १४९ पर इनके मत की समीक्षा करते हुये 'पठकाः पाठकाश्चैव' यह नीति श्लोक उद्धृत किया गया है और बताया गया है कि दयानन्दीय व्याख्यान में इस नीति वाक्य का ही नहीं, शतपथ वचन का भी विरोध स्पष्ट है। श्लोक का अभिप्राय यह है कि पढ़ने वाले, पढ़ाने वाले और शास्त्र-चिन्ता में लगे हुए सभी व्यक्ति मूर्ख हैं, केवल क्रियावान्, अर्थात् अभ्यास में लगा हुआ व्यक्ति ही पण्डित है, वह किसी भी बात के रहस्य को जान सकता है। इसका आशय यह है कि स्वामी दयानन्द की व्याख्या ऐसे स्थलों पर केवल वाग्जाल को फैलाने वाली है। वे उसके वास्तविक स्वरूप से अनभिज्ञ हैं।

पृ० १५५ पर महीधर के लिये 'प्रबुक्कति' क्रिया का प्रयोग किया गया है। इसके उत्तर में उनके इस आक्षेप को घट आदि कार्य के पूर्ववर्ती पंचम अन्यथासिद्ध का रेंगना मात्र कहा गया है। पृ० १६५ पर दयानन्दीय अर्थ के विषय में कहा गया है कि यहाँ का अर्थ हमारे सिद्धान्त के बहुत विपरीत नहीं है, किन्तु इसका वास्तविक अभिप्राय त्रिविक्रमा-वतार के निरूपण में ही है। पृ० १७२-१७३ में स्वामी दयानन्द २३वें मन्त्र की व्याख्या करते हुए यहाँ भू-गर्भ विद्या का उल्लेख मानते हैं, किन्तु मन्त्रगत एक वाक्य से ही जब उनका अभीष्ट सिद्ध हो सकता है, तब यहाँ चार वाक्य क्यों दिये गये, इस प्रश्न का उनके पास कोई समाधान नहीं है। सिद्धान्त पक्ष में तो यहाँ चार उपरव (गर्त) बनाये जाते हैं, अतः प्रत्येक गर्त के लिये एक-एक मन्त्र को सार्थकता सिद्ध होती है।

चौथे अध्याय में सोम संबन्धी सारी प्रक्रिया को बताने के बाद पाँचवें अध्याय में ज्योतिष्टोम का प्रकरण प्रारंभ होता है। इस अध्याय के भाष्य में पहले मन्त्रार्थ, तब शतपथ वचनों की व्याख्या एवं आध्यात्मिक अर्थ और अन्त में दयानन्दीय अर्थ दिया गया है। कहीं-कहीं शतपथ वचन को उद्धृत करने के बाद मन्त्रार्थ निर्दिष्ट है।

यहाँ प्रारंभ में महीधर भाष्य के आधार पर बताया गया है कि सोम राजा के पाँच अनुचर माने जाते हैं— १. अग्नि, २. सोम, ३. अतिथि, ४. श्येन और ५. रायस्पोषद अग्नि। इनमें से प्रथम चार क्रमशः गायत्री, त्रिष्टुप्, जगती और गायत्री छन्दों के अधिष्ठातृ देवता हैं। अन्तिम रायस्पोषद अग्नि सभी छन्दों के अधिष्ठाता माने जाते हैं। इस प्रकार प्रथम और अन्तिम अग्नि का भेद स्पष्ट है। इसी पृष्ठभूमि में यहाँ प्रस्तुत मन्त्र की और पूरे प्रकरण की व्याख्या की गई है।

दूसरे मन्त्र की व्याख्या के प्रसंग में (पृ० ११५) अग्नि-मन्थन संबन्धी छः कर्मों का निरूपण इस प्रकार किया गया है—१. शकल का वेदि पर निधान, २. उसके ऊपर दो कुशों का निधान, ३. उनके ऊपर अधरारणि का निधान, ४. उत्तरारणि में घृत का लेपन, ५. उसको अधरारणि के ऊपर रखना और तब ६. अग्नि-मन्थन। शतपथ ब्राह्मण के अनुसार इसकी पूरी प्रक्रिया कात्यायन श्रौतसूत्र में भी प्रदर्शित है।

पृ० १४९ पर पीतदारु और गुग्गुलु शब्दों के, पृ० १६६ पर लस्पूजनी शब्द के, पृ० १६८ पर उपरव शब्द के, पृ० १९१ पर तुथ शब्द के और पृ० २१२ पर वनस्पति पद के अर्थ पर विशेष विचार किया गया है। पृ० १६४ पर शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से विष्णु पद का अर्थ हविर्धान नाम का शकट किया गया है।

यहाँ १४ वें मन्त्र की व्याख्या में सायणाचार्य के काण्वसंहिता-भाष्य को उद्धृत कर बताया गया है कि प्राचीनवंश नाम की शाला में आहवनीय, गार्हपत्य और दक्षिणाग्नि नामक तीन अग्नियों के साथ ऐष्टिक वेदि स्थित रहती है। इस शाला के आगे ३६ पद की सौमिक वेदि का निर्माण किया जाता है। उस वेदि के अग्र भाग में उत्तर वेदि स्थित है। इसके मध्य भाग में हविर्धान नामक मण्डप का निर्माण किया जाता है। इसके बाद सद नाम वाली शाला निर्मित होती है। यहीं प्राचीन शाला के आगे दक्षिण और उत्तर भाग में हविर्धान नाम के दो शकट रखे जाते हैं। इन दोनों शकटों को पूर्वाभिमुख कर इनके छाजन के रूप में हविर्धान नाम का मण्डप बनाया जाता है। सावित्र होम के अनन्तर इन दोनों शकटों को गति दी जाती है। इसी पृष्ठभूमि में यहाँ काण्वशाखीय सायण भाष्य की पद्धति से और उव्वट की रीति से मन्त्र की अलग-अलग व्याख्या की गई है।

आगे (पृ० १५९) बताया गया है कि कुछ आचार्यों के मत के अनुसार उत्तरवेदि के पीछे संचरण करते समय तीन डगों को छोड़कर जिस देश में शकटों को लाया जाता है, वही हविर्धानों की मात्रा, अर्थात् रखने की जगह मानी जाती है। सिद्धान्त पक्ष में यह नियम स्वीकार नहीं है, किन्तु अपनी इच्छा के अनुसार इन्हें कहीं भी रखा जा सकता है। यह बात अवश्य है कि उन्हें बहुत दूर नहीं ले जाना चाहिये। शतपथ ब्राह्मण (३।५।३।१९) में और कात्यायन श्रौतसूत्र (८।४।५) में इसी मत को स्वीकार किया गया है।

कात्यायन श्रौतसूत्र में प्रदर्शित सारे विनियोग शतपथ ब्राह्मण का ही अनुसरण करते हैं, यह बात अनेक स्थलों पर स्पष्ट कर दी गयी है। यहाँ पृ० १८१ पर इसी विषय का स्मरण कराया गया है।

षष्ठ अध्याय

षष्ठ अध्याय की पृष्ठसंख्या अलग है, यह ऊपर बताया जा चुका है। यहाँ आरम्भ में ही बताया गया है कि सौमिक वेदिप्रधान पंचम अध्याय में आतिथ्येष्टि से लेकर यूपनिर्माण तक के मन्त्र प्रदर्शित हैं। अग्नीषोमीय पशुप्रधान षष्ठ अध्याय में यूप के संस्कार से लेकर सोमाभिषव के लिये उद्योग करने तक के मन्त्र दिये जाते हैं। इस प्रकरण के मन्त्रों की व्याख्या पहले जैसी औदुम्बर पात्र के संस्कार के प्रसंग में की गई है, वैसी ही यहाँ यूपसंस्कार के प्रकरण की भी की जाती है।

इस अध्याय में पहले कात्यायनीय विनियोग को देकर मन्त्रों की व्याख्या की गई है और दयानन्दीय मत की समीक्षा प्रायः अन्त में दी गई है। कुछ स्थलों पर कात्यायनीय विनियोग स्पष्ट उपलब्ध नहीं है। ऐसे स्थलों पर पहले शतपथ श्रुति को उद्धृत किया गया है (पृ० ३८, ६६, ६८, ७९, ८१)। शातपथी श्रुति कहीं-कहीं (पृ० १०, १९) दयानन्द के मत के बाद भी उद्धृत है।

कुछ स्थलों पर दयानन्दीय मत की विशेष समीक्षा की गई है। जैसे कि पृ० २ पर बताया गया है कि ऐसी व्याख्या किसी भी प्राचीन आचार्य ने नहीं की है। सायण आदि के व्याख्यान स्वयं अपने में स्वतन्त्र न होकर श्रुति-सूत्र मूलक हैं। इसी लिये वे उपादेय और विश्वसनीय हैं। पृ० ७ पर दयानन्दीय व्याख्या को मनोराज्यमात्र, अर्थात् मन-गढन्त माना है, क्योंकि यह पूरी तरह से केवल स्वामी दयानन्द की स्वच्छन्द कल्पनाशक्ति पर आधृत है, उसको कहीं से भी किसी शास्त्र का समर्थन नहीं मिलता। पृ० ११ पर सायण प्रोक्त पदव्युत्पत्ति का ये खण्डन करते हैं। भाष्यकार ने यहाँ संक्षेप में इसका समाधान दिया है। ७ वें मन्त्र की व्याख्या में स्वामी दयानन्द ने त्वष्टा शब्द का 'दुःख का नाश करने वाला सभापति' अर्थ किया है। यहाँ (पृ० १७-१८) शतपथ का विस्तृत उद्धरण देकर इस मत का निराकरण किया गया है। भारतीय वाङ्मय में त्वष्टा एक देवताविशेष के रूप में प्रसिद्ध हैं। पृ० ४१ पर कहा गया है कि सायण आदि के व्याख्यान श्रुतियों और सूत्र ग्रन्थों से प्रमाणित हैं। ऐसा किसी शास्त्र का समर्थन दयानन्दीय व्याख्यान को नहीं मिलता। पृ० ६० पर भी दयानन्दीय व्याख्यान के लिये पुनः कहा गया है कि इस तरह के व्याख्यान को यास्क, जैमिनि, व्यास, कात्यायन आदि आचार्यों का समर्थन नहीं मिला है।

पृ० २ पर यूप के प्रथम शकल, स्वरु और चषाल नामक तीन नेताओं का उल्लेख कर इसका अलग-अलग विनियोग दिखाया गया है। पृ० १२ पर सूचित किया गया है कि देवता मनुष्यों के मित्र हैं, इस बात को भूमिका भाग में ही सिद्ध कर दिया गया है। पृ० १४ पर अग्नीषोमीय यूप के प्रसंग में शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से यूपैकादशिनी पक्ष का निरूपण किया गया है। पृ० २२ पर जगद्गुरु आद्य शंकराचार्य की रचना दक्षिणामूर्तिस्तोत्र के प्रथम श्लोक का स्मरण किया गया है। पृ० २४ पर एकादश प्राणों का और पाँच स्मार्त भूसंस्कारों का उल्लेख है। पृ० ४६ पर काण्वसंहिता के भाष्य में सायण द्वारा प्रदर्शित विधि से गुदकाण्ड की एकादश आहुतियों का और उनके मन्त्रों का निरूपण कर कहा गया है कि ये आहुतियाँ प्रतिप्रस्थाता द्वारा दी जाती हैं। पृ० ५१-५५, ६४-६५ और ६८ पर वसतीवरी, पृ० ६४, ६८ पर एकधन, पृ० ६४ पर पान्नेजन और पृ० ६५, ६९, ७६ पर निग्राभ्या नामक जलों का उल्लेख कर इनकी व्युत्पत्तियाँ दी गई हैं और इनका स्वरूप एवं प्रयोजन भी निर्दिष्ट है। पृ० ६१ पर आख्यायिका के रूप में गन्धर्वों की विशेष प्रकृति का प्रदर्शन किया गया है।

यहाँ पहले उल्लेख किया जा चुका है कि कुछ मन्त्र निदानवान् होते हैं, अर्थात् उनमें निदान का, किसी आख्यायिका का प्रतीक रूप में उल्लेख मिलता है। ऐसे निदानवान् मन्त्रों की व्याख्या, बिना उस प्रासंगिक आख्यायिका को उद्धृत किये, संभव नहीं हो पाती। इन निदान कथाओं का उल्लेख हमें शतपथ ब्राह्मण आदि में मिलता है। ऐसा ही एक प्रसंग यहाँ ३३ वें मन्त्र में आया है और भाष्यकार ने शतपथ में वर्णित आख्यायिका का स्वरूप बताने के उपरान्त ही इस मन्त्र की व्याख्या की है।

भाष्यकार ने अनेक स्थलों पर (पृ० ३, १२, १६, २०, ४०, ४१, ५६) सायण के और उव्वट-महीधर (पृ० ३१, ३५) के भाष्यों को उद्धृत कर अपने व्याख्यान को पुष्ट किया है, उनके व्याख्यान के अनुसार अर्थान्तर को दिखाया है अथवा उनकी सहायता से दयानन्दीय अर्थ का खण्डन किया है। पृ० ३१ पर शतपथीय सायणभाष्य, काण्वसंहिता सायणभाष्य और उव्वट-महीधर के भाष्यों की समीक्षा कर बताया गया है कि शतपथ व्याख्यान में शोधक के प्रमाद से त्रुटि आ गई है। कुछ इसी तरह का प्रसंग पृ० ४० पर भी मिलता है। यहाँ सूत्रभाष्यकार आदि के द्वारा की गई विभिन्न व्याख्याओं का उल्लेख किया गया है।

आध्यात्मिक अर्थ का निरूपण करते समय ८ वें मन्त्र की व्याख्या में बताया गया है कि जैसे शेषनाग भगवान् के लिये स्वयं अपने को शय्या, सिंहासन, छत्र, पादुका आदि के रूप में प्रस्तुत कर देते हैं, उसी तरह से भक्तगण भी

अपने को सर्वतोभावेन भगवान् के प्रति समर्पित करते हैं। नवें और दसवें मन्त्र का आध्यात्मिक अर्थ एक साथ दिया गया है। अन्य कई जगहों पर भी ऐसा हुआ है कि दो या दो से अधिक मन्त्रों का आध्यात्मिक अर्थ एक साथ दे दिया गया हो। दयानन्दीय मत को उपस्थापित करते हुए भी कहीं कहीं इसी पद्धति का अनुसरण किया गया है। जैसा कि यहीं दयानन्दीय अर्थ भी दो मन्त्रों का एक साथ दिया गया है। इसी तरह से २० वें मन्त्र में भी आध्यात्मिक और दयानन्दीय अर्थ दो मन्त्रों का एक साथ दिया गया है। चतुर्थ अध्याय में तो चार मन्त्रों का (४।१९-२२) दयानन्दीय अर्थ एक साथ दिया हुआ है। २० वें मन्त्र में पुराणों और उपनिषदों का उल्लेख कर साधक के देवयान मार्ग से दिव्य लोकों में जाने की बात कही गई है। २६ वें मन्त्र में विज्ञानाधिष्ठात्री दस महाविद्याओं की और द्वादश ज्योतिर्लिंगों की भक्तों के द्वारा की जाने वाली आराधना का वर्णन है। ऊपर यह बताया ही जा चुका है कि आध्यात्मिक अर्थ और दयानन्दीय अर्थ को भाष्यसार की सहायता से जाना जा सकता है। अतः यहाँ कुछ विशेष विषयों की ही चर्चा की गई है।

छठे अध्याय में अनेक पारिभाषिक अथवा वैदिक शब्दों के अर्थ दिये गये हैं। यहाँ हम उनका पृष्ठानुक्रम से संकलन कर रहे हैं और इनका भाष्य प्रदर्शित अर्थ टिप्पणी में संगृहीत किया जा रहा है। वे शब्द ये हैं—[१२]मधु, रज्जु, व्याम, स्वरु, उपशय, पान्नेजन, चरित्र, वपा, स्तोक, ऊष्म, उपवसथ, पुरोरुच, उपांशुसवन और पवि। अन्य शब्दों के अर्थों की भी यथास्थान चर्चा आ चुकी है।

सप्तम से दशम अध्याय

सात से दस अध्याय तक के इस चौथे भाग में प्रायः सर्वत्र सर्वप्रथम मन्त्रार्थ, मन्त्रार्थ के समर्थन में शतपथ ब्राह्मण का उद्धरण और व्याख्यान, तब आध्यात्मिक अर्थ और अन्त में स्वामी दयानन्द के अर्थ की समीक्षा की गई है। इस पूरे भाष्य का प्रधान क्रम भी यही है। जहाँ कहीं इस क्रम में व्यत्यास हुआ है, उसका यथास्थान उल्लेख कर दिया गया है। सातवें अध्याय के ३४ वें मन्त्र तक प्रातःसवन के, ३५ वें मन्त्र से अध्याय की समाप्ति तक माध्यन्दिनसवन के और आठवें अध्याय में सायंसवन के मन्त्र हैं। चतुर्थ अध्याय के प्रारम्भ में ही यह बताया जा चुका है कि अष्टम अध्याय की ३२ वीं कण्डिका तक अग्निष्टोम याग का विधान है। इसी प्रसंग में छठे अध्याय में यूप-

१२. "सर्वं वा इदं मधु यदिदं किञ्चेति सर्वस्य मधुरूपत्वमुच्यते। 'इयं वै पृथिवी सर्वेषां मधु' (श० १४।५।५।१) इति मधुब्राह्मणेन सर्वं सर्वस्योपकारकत्वेन मोदकत्वान्मधूयते' (पृ० ४), 'त्रिगुणिता व्यामत्रयप्रमाणा कौशी रशना रज्जुः' (पृ० ११), 'प्रसारितभुजयोरन्तरालं व्यामः' (पृ० ११), 'यूपनिर्माणोपक्रमे कुठाराघातेन प्रथमच्छिन्नकाष्ठशकलं स्वरुपदवाच्यं भवति' (पृ० १२), 'त्रितष्टो यूप उपशय इत्युच्यते' (पृ० १२), 'पादौ निज्येते अनेनेति पान्नेजनो मुखाद्यवयवशोधनार्थो जलकलशः' (पृ० २७), 'चरित्रान् चरण-(गमन)साधन-भूतान् पादान्' (पृ० ३०), 'उदरदेशेऽवस्थितो वपाख्यो मांसविशेषः' (पृ० ३४), 'वपाया उपरि आज्याभि-घारणकाले पतिता बिन्दवः स्तोकाः' (पृ० ३५), 'ऊष्मशब्दोऽप्यन्तरिक्षपरः' (पृ० ४०), 'उपवसन्त्यासु वसतीवरीषु देवा अस्मिन् काले इत्युपवसथः, उपवासकाल इत्यर्थः' (पृ० ५२), 'पुरो याज्यानुवाक्याभ्यां पुरस्ताद् रुचिमिच्छां जनयन्ति देवताया इति पुरोरुचः' (पृ० ६५), 'यो ग्रावाऽध्वर्युणा गृहीतः स उपांशुसवनसंज्ञको भवति' (पृ० ६८), 'उपांशुग्रहार्थं सोमोऽभिषूयते येन स उपांशुसवनः पाषाणो निदानेन विवस्वत्संज्ञक आदित्य एव' (पृ० ७२), 'पविशब्दस्य वज्रेऽर्थे प्रसिद्धत्वात्''' अथवा पविवद् बलवत्त्वात् पविः सोमः' (पृ० ६९), 'स सोमस्तायमानः संजायते यत्परम्परया आहुतिभावं गच्छन् जायते पुनः पुनः संभवति, अतो यन् जायत इति यञ्जः। अतो वस्तुतो यञ्ज इति तस्य नाम, तद् यज्ञ इति परोक्षेण व्यवहरन्ति' (पृ० ८१)।

संस्कार से लेकर सोमाभिषव पर्यन्त कार्यकलाप के सम्पादक मन्त्रों का विधान किया गया है। अब सातवें अध्याय में ग्रहों के ग्रहण में विनियुक्त मन्त्रों का वर्णन है।

सोम याग में दो प्रकार के ग्रह होते हैं—धाराग्रह और अधाराग्रह। इनका लक्षण भाष्य (पृ० १) में दिया गया है। ग्रह का अर्थ यहाँ दारुमय पात्र है, जिसमें [13]सोमरस का ग्रहण किया जाता है। शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत कर यहाँ (पृ० ३) बताया गया है कि प्रातःसवन में ही माध्यन्दिनसवन और सायंसवन का भी समावेश हो सकता है, अर्थात् जैसा त्रिकाल सन्ध्या का अनुष्ठान वैकल्पिक रूप से प्रातःसन्ध्या के साथ किया जा सकता है, उसी तरह से इन तीनों सवनों का अनुष्ठान भी प्रातःसवन के साथ ही सम्पन्न हो सकता है। यह गौण पक्ष है। मुख्य पक्ष में तो काल को ही प्रधानता दी जाती है। यह सवनत्रयात्मक कर्म ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद के, अर्थात् तीनों वेदों के मन्त्रों से सम्पन्न होता है।

सोम याग सोमलता के रस से सम्पन्न होता है और सोमलता के उपलब्ध न होने से उसके स्थान पर आजकल पूतीका लता का ग्रहण किया जाता है। यह बात चतुर्थ अध्याय में ही बताई जा चुकी है। सुश्रुत आदि आयुर्वेद के ग्रन्थों के आधार पर यहाँ बताया गया है कि शुक्ल प्रतिपत् से लेकर पूर्णिमा पर्यन्त चन्द्रकला की वृद्धि के साथ इस लता के भी पत्रों की वृद्धि होती है और कृष्ण प्रतिपद् से लेकर अमावस्या पर्यन्त सोमकला के ह्रास के साथ इसके पत्ते भी एक-एक कर झड़ जाते हैं।

यहाँ स्थान-स्थान पर मन्त्रार्थ के प्रसंग में उव्वट, महीधर, सायण, भट्ट भास्कर आदि आचार्यों का, यास्क के निरुक्त का तथा अनुष्ठान की पद्धति के प्रसंग में कर्क, देवयाज्ञिक, अनन्त आदि कात्यायन श्रौतसूत्र के व्याख्याकारों का, तथा वृत्तिकार का भी मत दिया गया है। तैत्तिरीय संहिता और आपस्तम्ब श्रौतसूत्र का भी यथास्थान उल्लेख मिलता है। शतपथ ब्राह्मण की व्याख्या करते समय प्राचीन भाष्यकार हरिस्वामी का और सायण के द्वारा निर्दिशित अन्य मतों का भी उल्लेख करने से भाष्यकार कहीं चूके नहीं हैं। ऋजीष शब्द का यहाँ अनेक स्थलों पर प्रयोग हुआ है। सोमलता से रस निकाल लेने के बाद जो सिट्ठी बची रहती है, उसे ही 'ऋजीष' कहते हैं (पृ० १६८)। महार्थ-मंजरी की परिमल व्याख्या (पृ० १२३) में एक श्लोक मिलता है—

पुण्ड्रेक्षोरिव मन्त्रस्य माधुर्ये हृदयस्पृशि।
ऋजीषमानने तिष्ठत्यक्षरोच्चारलक्षणम्॥

यहाँ गन्ने के रस को चूस लेने के बाद मुँह में बची उसकी सिट्ठी के लिये यह शब्द प्रयुक्त हुआ है। हम कह सकते हैं कि किसी भी रसदार वस्तु के रस को निकाल लेने के बाद बची हुई सिट्ठी के लिये इस शब्द का प्रयोग किया जा सकता है। ऋजीष शब्द का अर्थ भस्म करना हमारी समझ में उचित नहीं है। यह लिपिकार का प्रमाद लगता है (पृ० १६५)।

छठे मन्त्र के भाष्य में उद्धृत शतपथ वचन में चरकशाखीय मत की निन्दा की गई है। इस प्रसंग में भाष्यकार ने बताया है कि मीमांसा के एक न्याय के अनुसार ऐसे वाक्यों का किसी पक्ष की निन्दा करने में तात्पर्य न होकर अपने पक्ष की प्रशंसा में उनका विनियोग किया जाता है। यहाँ के कुछ मन्त्रों का अर्थ शतपथ ब्राह्मण के विस्तृत उद्धरणों के आधार पर किया गया है। इस बात को भी यहाँ स्पष्ट कर दिया गया है कि इस प्रकरण में ग्रह शब्द से सर्वत्र सोमरस से भरे हुए पात्र गृहीत होते हैं। यहीं प्रसंगवश वाणी की परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी नामक चार अवस्थाओं की भी चर्चा है।

---

१३. "गृह्यतेऽनेनेति व्युत्पत्त्या ग्रहो दारुमयं पात्रमंशुनामकम्" (पृ० २)।

नवें मन्त्र के भाष्य में तैत्तिरीय संहिता को उद्धृत करते हुए आध्यात्मिक और आधिभौतिक के भेद से मैत्रावरुण देवता की द्विविध सत्ता की व्याख्या की गई है। १० वें मन्त्र में [१४]श्रपण शब्द का अर्थ बताया गया है। ११ वें मन्त्र में शतपथ के प्रमाण से आश्विन पात्र को यज्ञ का श्रोत्र कहा गया है। अगले मन्त्र में महीधर के पक्ष को उद्धृत कर कहा गया है कि यहाँ उन्होंने उव्वट और सायण के अर्थ को भी प्रस्तुत किया है।

इस अध्याय के १४ वें मन्त्र में संस्कृति शब्द प्रयुक्त है। आजकल यह फैशन चल पड़ा है कि प्राचीन भारतीय साहित्य में संस्कृति शब्द कहीं प्रयुक्त ही नहीं हुआ है। ऐसे महानुभावों को प्रस्तुत मन्त्र का अध्ययन करना चाहिये। १५ वें मन्त्र में शतपथीय सायण भाष्य और उव्वट भाष्य के अनुसार [१५]होत्रा शब्द का अर्थ बताया गया है। १८ वें मन्त्र में शतपथ ब्राह्मण, तैत्तिरीय संहिता और सूर्यसिद्धान्त के प्रमाण से ग्रहों की गति पर संक्षिप्त विचार किया गया है। १९-२० मन्त्रों की व्याख्या एक साथ की गई है। यहाँ सोमरस की दो धाराएँ दी जाती हैं। इसकी पद्धति यहाँ कात्यायन श्रौतसूत्र के कर्क भाष्य की पद्धति से बताई गई है। इन्हीं मन्त्रों के भाष्य में 'अन्ये' पद से किसी आचार्य के मत का उल्लेख कर उसकी समीक्षा की गई है और प्रमाणस्वरूप सायणाचार्य का मत भी प्रस्तुत किया गया है। २१ वें मन्त्र में भी शतपथ के आधार पर अन्य शाखाकारों के मत का उल्लेख है। यहीं [१६]ब्रह्मवर्चस् पद का अर्थ भी दिया गया है।

२२ वें मन्त्र में शतपथ ब्राह्मण, ताण्ड्य महाब्राह्मण और जैमिनि सूत्र के प्रमाण से ऋक्, प्रगीत आदि पदों का विश्लेषण किया गया है। २३ वें मन्त्र में शतपथ के प्रमाण से चरकाध्वर्यु शाखा का मत उद्धृत है। पृ० ७० पर विश्वानर पद की व्युत्पत्ति वैयाकरणों के लिये अवलोकनार्ह है। ३५ वें मन्त्र के भाष्य में बताया गया है कि शतपथ में बड़े समारोह के साथ इस मन्त्र का विस्तृत व्याख्यान किया गया है। कात्यायन के अनुसार ३७ से ४० संख्या तक के चार मन्त्रों की संज्ञा वाचस्तोम है। ४१ वें मन्त्र में [१७]दक्षिणाहोम पद का अर्थ दिया गया है और ४९ वें मन्त्र में शतपथ की व्याख्या के प्रसंग में हिरण्य को आयु तथा जल को [१८]वज्र बताया गया है।

शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से इस अध्याय में पाँच आख्यायिकाओं का उल्लेख है। पहली आख्यायिका (पृ० ३-४) में उपांशुग्रह की सवनत्रयात्मकता के प्रसंग में असुरों और राक्षसों की कथा बताई गई है कि उन्होंने तीनों सवनों के स्थान पर केवल प्रातःसवन को ही क्यों मान्यता दी। दूसरी आख्यायिका मित्र देवता से संबद्ध है (पृ० २९)। वृत्रासुर के वध के प्रसंग में मित्र देवता सबका मित्र होते हुए भी यज्ञ में अपना भाग पाने के लिये इस अमित्र कार्य में देवताओं का साथ देते हैं। तीसरी आख्यायिका (पृ० ३१-३२) अश्विनीकुमारों से संबद्ध है। कुरुक्षेत्र में यज्ञ करते समय देवगण मनुष्य लोक से संबद्ध होने और वैद्य होने के कारण भी अश्विनीकुमारों को हवि का अधिकारी नहीं मानते। अश्विनी-कुमारों ने देवताओं के यज्ञ को शिरोविहीन कर दिया और बाद में देवताओं के आग्रह पर यज्ञ के शिर का पुनः सन्धान किया। यहाँ बताया गया है कि प्रवर्ग्य ब्राह्मण में इस कथा को विस्तार से बताया गया है। इस कथा की चर्चा नवाध्यायी(३१-३९)भाष्यनिष्कर्ष (पृ० १३-१४) में विस्तार से की जा चुकी है। इसी प्रसंग में यहाँ

---

१४. "श्रपणं च द्रव्यान्तरसंसर्गः" (पृ० २८)।

१५. "उव्वटादिरीत्या होत्राशब्देन होत्रिकयाज्याच्छन्दोऽभिमानिन्यो देवता विवक्षिताः। शतपथीयसायणभाष्यरीत्या तु मैत्रावरुणो ब्राह्मणाच्छंसी पोता नेष्टा आग्नीध्रश्च होत्रापदव्यपदेश्याः" (पृ० ४५)।

१६. "वृत्तस्याध्ययनस्य समृद्धिर्ब्रह्मवर्चसं भवति" (पृ० ६०)।

१७. 'दक्षिणाप्रयोजको होमो दक्षिणाहोम" (पृ० १०५)।

१८. "आयुर्हि हिरण्यमिति प्रसिद्धम्।....वज्रो वा आपः" (पृ० ११५)।

(पृ० ३२) यह भी बताया गया है कि अथर्ववेदीय दध्यङ् ऋषि ने इनको मधुविद्या का उपदेश किया था। पृ० ३४-३५ पर शण्डामर्क की आख्यायिका दी गई है। ये दोनों असुरगुरु शुक्राचार्य के शिष्य और पुत्र थे। ये असुरों और राक्षसों की सहायता किया करते थे। देवताओं ने इनको कैसे फंसाया, यही यहाँ वर्णित है। प्रसंगवश यहाँ (पृ० ३६) मन्त्र-शास्त्र की चर्चा आई है। शण्ड नामक असुरपुरोहित के प्रति प्रयुक्त आभिचारिक यजुर्मन्त्र का उल्लेख पृ० ३४ पर भी मिलता है। आगे पृ० ९४ पर सुकन्या के पिता शर्याति की आख्यायिका दी गई है।

दयानन्दीय अर्थ की प्रायः सभी बातें भाष्यसार में आ गई हैं। शतपथ ब्राह्मण का संकेत करते हुए भी ये उसके विपरीत ही अर्थ करते हैं (पृ० ११), यह बात भी अनेकों स्थलों पर कही जा चुकी है। श्रुति-स्मृति-पद्धति का विरोध भी इनके लिये कोई विशेष बात नहीं है। यहाँ कुछ विशेष बातें इस प्रकार हैं कि १६ वें मन्त्र की व्याख्या में ये निरुक्त के दो उद्धरणों को अपने अर्थ के समर्थन में प्रस्तुत करते हैं, किन्तु भाष्यकार ने यहाँ स्पष्ट कर दिया है कि ये वचन उनके अर्थ का समर्थन किसी प्रकार भी नहीं करते। २५ वें मन्त्र में यम और नियम को अभिन्न मान लिया गया है। योगशास्त्र और संक्षेपशारीरक को उद्धृत करते हुए यहाँ उनके अर्थ की असत्यता सिद्ध कर दी गई है। ४३ वें मन्त्र में 'सुपथा' पद का अर्थ 'योग मार्ग' किया गया है, जो कि उचित नहीं है। शास्त्रों में दक्षिणायन और उत्तरायण, इन दो मार्गों का ही उल्लेख मिलता है। योगशास्त्र का अनुयायी भी इन्हीं मार्गों का अनुसरण करता है। अतः योगशास्त्र का योगमार्ग के रूप में अलग से उल्लेख शास्त्रसंमत नहीं माना जा सकता। इस अध्याय के अन्तिम मन्त्र की व्याख्या में स्वामी दयानन्द मनुस्मृति का सहारा लेते हैं। इस पर भाष्यकार का कहना है कि यह बाढ में बहते हुए आदमी के लिये कुशा अथवा काश का सहारा लेने के समान है, अर्थात् यह वचन भी उनके मत को सिद्ध नहीं कर सकता। उव्वट, सायण, महीधर आदि के व्याख्यान तो श्रुति, सूत्र, पद्धति और परम्परा के भी अनुकूल हैं।

हम यह पहले ही बता चुके हैं कि २-३ अध्यायों के भाष्यसार में तो उद्धृत सुभाषित वचनों का भी भाषानुवाद कर दिया गया था, किन्तु आगे ऐसा नहीं किया गया। प्रस्तुत भाग की भी यही स्थिति है।

अष्टम अध्याय

सातवें अध्याय में उपांशु ग्रह आदि से संबद्ध प्रातःसवन और माध्यन्दिनसवन के दक्षिणादान पर्यन्त मन्त्र उपदिष्ट हुए हैं। अब आठवें अध्याय में आदित्य आदि देवताओं के ग्रहों का निरूपण किया जा रहा है। ये ग्रह तृतीय सवन से संबद्ध हैं।

द्वितीय मन्त्र के भाष्य में बृहती छन्द का लक्षण दिया गया है। यहाँ शतपथ ब्राह्मण और काण्व संहिता के सायण कृत भाष्यों की व्याख्यान-पद्धति प्रदर्शित है और शतपथ के प्रमाण से बताया गया है कि प्रातःसवन के वसुगण, माध्यन्दिनसवन के रुद्रगण और सायंसवन के देवता आदित्यगण हैं। यहीं प्रातःसवन और माध्यन्दिनसवन को अमिश्र तथा सायंसवन को मिश्र बता कर उसका कारण दिया गया है। तृतीय मन्त्र की व्याख्या में भगवान् सूर्य के लिये कहा गया है कि ये उदय, ताप, पाक और प्रकाश के द्वारा प्राणियों पर सदा अनुग्रह करते रहते हैं। काण्व संहिता के सायण भाष्य में तुरीय पद का तृतीय अर्थ किया गया है। तदनुसार भी मन्त्र की व्याख्या की गई है। चतुर्थ मन्त्र की शतपथीय सायण भाष्य के अनुसार व्याख्या की गई है और बताया गया है कि शतपथ ब्राह्मण में 'केचित्' पद से तैत्तिरीय शाखा का ग्रहण किया गया है। यह बता कर प्रसंगवश यहाँ मीमांसा शास्त्र के 'नहि निन्दा' न्याय को स्मरण किया गया है। पाँचवें मन्त्र में [१९]दशापवित्र शब्द का अर्थ दिया गया है।

---

१९. "दशाभिः स्वाञ्चलैः, पवित्रेण पावनार्थेन वस्त्रेण" (पृ० १३१)। अर्थात् सोमरस को छानने का वस्त्र।

छठे मन्त्र में बताया गया है कि मनस् शब्द से इस मन्त्र में अध्यवसायात्मिका बुद्धि गृहीत है। नवें मन्त्र के भाष्य में शतपथ ब्राह्मण (४।४।२।८-९) का व्याख्यान करते समय प्रसंगवश बताया गया है कि [२०]पित्र्य धन में स्त्रियों का तथा षड्विध स्त्रीधन में दायादों का अधिकार नहीं है। ११ वें मन्त्र में वृत्तिकार के मत से [२१]हारियोजन पद का अर्थ दिया गया है। १२ वें मन्त्र में अवघ्राण (सूंघना) को ही भक्षण बताया गया है। अगले मन्त्र में शाकल शब्द का अर्थ आजकल प्रचलित अर्थ शाकला दिया गया है। १७ वें मन्त्र में नौ निधियों का उल्लेख है। इनके नाम अमरकोश के क्षेपक में इस प्रकार मिलते हैं—

महापद्मश्च पद्मश्च शङ्खो मकरकच्छपौ।
मुकुन्दकुन्दनीलाश्च खर्वश्च निधयो नव ॥ (१।१।७१)

२५ वें मन्त्र में शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत करते हुए अवभृथ से संबद्ध दो पक्षों का उल्लेख किया गया है। एक पक्ष में छः तथा दूसरे में दस आहुतियाँ विहित हैं। [२२]अवभृथ शब्द का इस प्रकरण में निर्दिष्ट अर्थ सायण के प्रमाण से २७ वें मन्त्र में देखा जा सकता है।

यह बताया जा चुका है कि आठवें अध्याय की ३२ वीं कण्डिका तक अग्निष्टोम याग का विधान है। इस तरह यहाँ अग्निष्टोम का प्रकरण समाप्त हो जाता है और आगे ३३ वें मन्त्र से षोडशी ग्रह का विधान चलता है। इसका ग्रहण १६ स्तोत्रों के पाठ के साथ किया जाता है, इसलिये इसे षोडशी कहते हैं। पृष्ठ्य याग के चौथे दिन षोडशी ग्रह का ग्रहण किया जाता है। प्रातःसवन में आग्रयण ग्रह के ग्रहण के बाद आग्नेय अतिग्राह्य को लेकर खादिर काष्ठ के चतुष्कोण उलूखल में इस ग्रह का ग्रहण किया जाता है। ग्रहण करते समय यहाँ ३३ वीं और ३४ वीं कण्डिका के मन्त्रों का पाठ किया जाता है। अतिग्राह्य ग्रह तो एक ही है, तो भी श्रौतसूत्र में इसके लिये बहुवचन का प्रयोग इसलिये किया गया है कि विश्वजित् याग से यह संबद्ध है और विश्वजित् याग में तीन अतिग्राह्य ग्रहों का ग्रहण विहित है। ३४ वीं और ३५ वीं कण्डिका के मन्त्रों से षोडशी ग्रह का भी ग्रहण किया जाता है। ३६ वें मन्त्र में षोडशी ग्रह की पर ब्रह्म के रूप में स्तुति की जाती है। यह षोडशी षोडशकलात्मक लिंगशरीर से उपहित है। इन १६ कलाओं के नाम प्रश्नोपनिषद् (६।४) में इस प्रकार दिये गये हैं—१. प्राण, २. श्रद्धा, ३. आकाश, ४, वायु, ५. ज्योति, ६. आपः, ७. पृथिवी, ८. इन्द्रियम्, ९. मनः, १०. अन्नम्, ११. वीर्यम्, १२. तपः, १३. मन्त्राः, १४. कर्म, १५. लोकाः, १६. नाम। ३७ वीं कण्डिका के मन्त्रों से षोडशी ग्रहगत सोम का भक्षण किया जाता है और इसके साथ ही षोडशी ग्रह का प्रकरण पूरा हो जाता है।

३८ वीं कण्डिका से द्वादशाह के मन्त्र विहित हैं। अतिरात्र के बाद छः दिन तक पृष्ठ्य संज्ञक क्रतु चलता है। इनमें प्रथम क्रतु अग्निष्टोमसंस्थ और चतुर्थ षोडशीसंस्थ है। द्वितीय, तृतीय, पंचम और षष्ठ दिनों में सम्पन्न होने वाले अनुष्ठान उक्थसंस्थ कहलाते हैं। छः दिन तक चलने वाले पृष्ठ्य सत्र में प्रथम दिन वैकंकत पात्रों में अतिग्राह्य संज्ञक ग्रहों का ग्रहण ३८-४० कण्डिकागत मन्त्रों के उच्चारण के साथ किया जाता है। [२३]अतिग्राह्य पद की व्युत्पत्ति भी

---

२०. "प्रसङ्गात् स्त्रीणां पित्र्यस्य धनस्य वा षड्विधस्य स्त्रीधनस्य दायस्यानीश्वरत्वोपवर्णनम्" (पृ० १४०)।

२१. "द्रोणकलशे आग्रयणाद् यो रसो गृहीतः, स एव हारियोजनसंज्ञको भवतीति वृत्तिकारः" (पृ० १४४)। "छन्दांसि वै हारियोजनः" (पृ० १४५)।

२२. अवाचीनानि पात्राणि जलमध्ये भ्रियन्ते यस्मिन् यज्ञविशेषे सोऽवभृथ इति काण्वभाष्ये सायणाचार्यः" (पृ० १७१)।

२३. "इतरग्रहानतिक्रम्य दुष्प्रापं फलं गृह्यत एभिरित्यतिग्राह्याः" (पृ० १८६)।

यहाँ दी गई है। कण्डिकाओं के उत्तर शेष भाग से उन ग्रहों का भक्षण किया जाता है। इसी के साथ द्वादशाह का विधान पूरा हो जाता है।

गवामयन, गर्गत्रिराज, महाव्रत आदि से संबद्ध आगे के मन्त्रों का विनियोग भाष्यसार में बता दिया गया है। ५० वें मन्त्र की व्याख्या में प्रातःसवन के अग्नि, माध्यन्दिनसवन के इन्द्र और सायंसवन के देवता विश्वेदेव बताये गये हैं। ५२ वें मन्त्र के भाष्य में [२४]कूबरी और [२५]सत्र पद का अर्थ दिया गया है। अगले मन्त्र का अर्थ निरुक्त की पद्धति के अतिरिक्त सायण और महीधर की पद्धति से भी किया गया है। आगे के ५४-५९ मन्त्रों में मिट्टी के बने घर्मपात्र के सोमाभिषव की विभिन्न अवस्थाओं में टूट जाने पर उसके प्रायश्चित्त के निमित्त सोम की विभिन्न स्थितियों को नामित किया गया है और उन्हीं नामों से प्रायश्चित्ताहुति देने का विधान निर्दिष्ट है। इस विषय की चर्चा [२६]आगे भी मिलती है। घर्मभेद की स्थिति में प्रायश्चित्त के निमित्त आहुतियों का विधान होने से शतपथ के इस प्रकरण को प्रायश्चित्त ब्राह्मण नाम दिया गया है। सोमयागीय कर्मों की त्रुटियों का इससे परिमार्जन किया जाता है।

६० वें मन्त्र में कात्यायन श्रौतसूत्र के व्याख्याकार देवयाज्ञिक का मत उद्धृत है। ६२ वें मन्त्र में बताया गया है कि यह प्रायश्चित्त ब्रह्मा के द्वारा किया जाता है। मन्त्रों का वाचन और आज्य का संस्कार भी वही करता है। यज्ञीय यूप पर काक के बैठ जाने पर भी प्रायश्चित्त प्रयुक्त आहुति देनी पड़ती है। इस अध्याय में अन्तिम ६३ वीं कण्डिका में इसके लिये मन्त्र पठित है। यहाँ विशेष बात यह बताई गई है कि सोमयाग में उद्गाता और पशुयाग में ब्रह्मा के द्वारा यह आहुति दी जानी चाहिये।

इस अध्याय के मन्त्रभाष्य में तैत्तिरीय संहिता, आपस्तम्ब श्रौतसूत्र आदि ग्रन्थों के अतिरिक्त सत्याषाढ श्रौतसूत्र और कात्यायन श्रौतसूत्र के देवयाज्ञिक कृत भाष्य का विशेष रूप से उल्लेख हुआ है।

शतपथ ब्राह्मण (पृ० १२३) में आदित्यों के द्वारा उपदिष्ट दो देवताओं वाले मन्त्रों का प्रयोजन क्या है, इससे संबद्ध आख्यायिका वर्णित है। पृ० १३१ पर सवनत्रय से संबद्ध तथा पृ० १३८ पर वायु और प्राण सम्बन्धी आख्यायिका मिलती है। पृ० १४५ पर देवताओं के द्वारा सन्तर्पित छन्दों का इतिहास दिया गया है। पृ० १७३-१७४ में अनुबन्ध्या गौ से सम्बन्ध रखने वाली तथा प्रजापति और सन्ध्या से सम्बन्ध रखने वाली आख्यायिका देखी जा सकती है। पृ० १८० पर षोडशी ग्रह सम्बन्धी इतिहास वर्णित है। आध्यात्मिक अर्थ के प्रसंग में यहाँ (पृ० १३३) पुरंजनोपाख्यान निर्दिष्ट है। यह कथा श्रीमद्भागवत (४।२५–२९ अ०) में देखी जा सकती है। प्रसंगवश उद्धत सुभाषितों का भाष्यसार में अर्थ नहीं दिया गया। इस कमी की ओर हम पहले भी इंगित कर चुके हैं, जब कि २–३ अध्यायों के भाष्यसार में यह त्रुटि नहीं थी।

दयानन्दीय अर्थ के प्रसंग में विशेष बात इतनी ही है कि उनके सम्प्रदाय के अनुयायी पं० ब्रह्मदत्त जिज्ञासु ने भी इनकी त्रुटियों का यत्र तत्र उल्लेख किया है (पृ० १२९, २२०)। पृ० १४९ में बताया गया है कि मनुष्य की शास्त्रोक्त प्रायश्चित्त के बिना अपने पापों को भी दूर करने की सामर्थ्य नहीं है, तो वह दूसरे के पापों को कैसे दूर करेगा। पृ० १५३ पर स्वामी दयानन्द के साथ किसी अन्य विद्वान् के मत को भी उद्धृत कर उसका खण्डन किया गया है। पृ० १७३

---

२४. "कूबरी ईषाधारिणी विष्कम्भिका" (पृ० २०७)।

२५. "ब्राह्मणेषु सूत्रेषु च प्रसिद्धं सत्रमनेकयजमानकर्तृकम्" (पृ० २०८)।

२६. आगे ३९ वें अध्याय के १-६ मन्त्रों में घर्मभेद प्रयुक्त प्रायश्चित्ताहुतियों का विधान है।

पर अवभृथ शब्द के अर्थ की आलोचना करते हुए बताया गया है कि यज्ञीय पदों का जो अर्थ श्रौतसूत्र और ब्राह्मण ग्रन्थों में दिया गया है, वही हमारे लिये मान्य हो सकता है। पृ० १८३ पर दिखाया गया है कि वेद में व्यक्ति-विशेष की चर्चा नहीं मानी जा सकती। ऐसा मानने पर वेदों पर अनित्यता की आपत्ति आ जायगी। पृ० १८५ पर दिखाया गया है कि श्रुति के अनुसार वाजपेय और राजसूय यज्ञों का अनुष्ठाता ही सम्राट् अथवा राजा माना जा सकता है। पृ० १८७ पर स्वामी दयानन्द ने सर्वत्र देव शब्द का प्रयोग मनुष्य के लिये किया है, जो कि उचित नहीं है, इस बात का उल्लेख करते हुए यहाँ स्मरण दिलाया गया है कि देव एक अलग योनि है, इस बात को प्रबल प्रमाणों के आधार पर भूमिका भाग में (पृ० ६२६-६७५) स्थापित किया जा चुका है। पृ० १९४ पर बड़े आश्चर्य के साथ इस बात का उल्लेख किया गया है कि स्वामी दयानन्द श्रुति और सूत्रों को ही नहीं, लोकप्रसिद्धि को भी लांघ कर मन्त्रार्थ करते हैं, जो कि सर्वथा अनुचित है। पृ० २१५ और २२० पर इनके द्वारा महीधर पर आरोपित भ्रान्ति का निराकरण कर दिया गया है। पृ० २१६ पर क्षीरश्री और सक्तुश्री शब्दों के अशुद्ध अर्थ को सूचित किया गया है। पृ० २२२ पर 'घर्म' शब्द के सम्बन्ध में और ३४ आहुतियों के सम्बन्ध में इनकी भ्रान्तियों को शतपथ के प्रमाण से दिखाया गया है।

नवम अध्याय

नवें अध्याय की ३४ वीं कण्डिका तक वाजपेय याग से संबद्ध मन्त्र उपदिष्ट हैं। इनका विनियोग भाष्यसार में दिया तो गया है, किन्तु अनेक स्थलों पर आवश्यक पदों का अर्थ छोड़ दिया गया है। इसके कारण विनियोजक वाक्य अधूरे रह जाते हैं। इस कमी की पूर्ति हमने विषयानुक्रमणी बनाते समय की है। अन्य कुछ विनियोगों का खुलासा यहाँ किया जा रहा है। द्वितीय कण्डिका के भाष्य में बताया गया है कि प्रातःसवन में आग्रयण ग्रह के ग्रहण के बाद तीन अतिग्राह्य ग्रहों को पूर्ववत् ग्रहण कर उसी पद्धति से षोडशी ग्रह का भी ग्रहण करे। इस कण्डिका के तीन मन्त्रों से और ३-४ कण्डिकाओं के दो मन्त्रों से पाँच वाजपेयिक ग्रहों का यहाँ ग्रहण किया जाता है। चौथे मन्त्र के उव्वट, सायण और महीधर कृत अर्थों का अलग-अलग उल्लेख किया गया है। पंचम मन्त्र की व्याख्या में बताया गया है कि वज्र ही स्फ्य, रथ और यूप का स्वरूप धारण कर त्रिधा विभक्त हो जाता है। छठे मन्त्र में [27]कल्लोल और ककुद्मान् शब्दों का तथा नवें मन्त्र में [28]प्रष्टि शब्द का अर्थ दर्शनीय है। इसी तरह पृ० २४५ पर [29]स्कम्भन और पृ० २४६ पर [30]क्षिपणि शब्द का अर्थ दिया गया है।

१५ वें मन्त्र की व्याख्या में सायण और उव्वट की व्याख्या उद्धृत है। २० वीं कण्डिका के भाष्य में पृ० २५५ की पहली पंक्ति में 'आयुर्यज्ञेन' के स्थान पर 'आपये स्वाहा' यह पढा जाना चाहिये। २१ वें मन्त्र की व्याख्या में [31]प्राण, अरत्नि, कौश और अर्धोरुक शब्दों का अर्थ अवलोकनीय है। अजा के विषय में भाष्य में अनेक स्थलों पर इस विषय का उल्लेख किया गया है कि वह वर्ष में दो-तीन बार दो या तीन बच्चे देती है। यहाँ

---

२७. "ककुदिति वृषभस्योन्नतः स्कन्धप्रदेशः, तत्सामान्यादुदकसंघातोऽप्युन्नततमः ककुच्छब्देनोच्यते। बहुभिरुदकनिचयैः संयुक्तो महाप्राग्भार उदकसंघातवानूर्मिः कल्लोलः ककुद्मान्" (पृ० २३४)।

२८. "प्रष्टिर्नाम पादत्रयोपेतो भोजनपात्रादेराधारः" (पृ० २३८)।

२९. "स्कम्भनं नाम वेगेनाक्रमणं मार्गान् पृष्ठतः कृत्वा पुरो धावनम्" (पृ० २४५)।

३०. "क्षिप्यते प्रेर्यतेऽनयेति क्षिपणिः कशा" (पृ० २४६-२४७)।

३१. "प्राणो मुखनासिकाप्रभवो वायुः पञ्चवृत्तिकः" (पृ० २५७), "चतुर्विंशत्यङ्गुलोऽरत्निः" (पृ० २५८), "कृमिकोशविकारभूतं वासः कौशम्,...यद्वा कौशं कुशमयं चण्डातकमर्धोरुकं नृत्तोपयिकत्वेनाच्छादनीयमुरु-कञ्चुकमर्धोरुकं वासः" (पृ० २५९)।

(पृ० २६३) भी यह बात उल्लिखित है। २३ वें मन्त्र के भाष्य में आपस्तम्ब श्रौतसूत्र वर्णित अन्नों का तथा महाभाष्य वर्णित सप्तदशविध अन्नों का उल्लेख किया गया है। भाष्यकार ने स्पष्ट रूप से १७ प्रकार के अन्नों के नाम भी दे दिये हैं (पृ० २६५)। चार (३१-३४) उज्जिति संज्ञक मन्त्रों के साथ यह वाजपेय प्रकरण समाप्त होता है।

३५ वीं कण्डिका से राजसूय यज्ञ का प्रकरण चलता है। यहाँ (पृ० २८१-२८४) भाष्यकार ने मन्त्रों की व्याख्या करने से पहले आपस्तम्ब श्रौतसूत्र के 'स्वाराज्यकाम' और 'राजा' पदों पर अनेक ग्रन्थों की सहायता से विचार प्रस्तुत किया है। ग्रन्थों के नाम भाष्यसार में गिना दिये गये हैं। पूरा विचार कर लेने के उपरान्त भाष्य में स्पष्ट कर दिया गया है कि प्रस्तुत प्रकरण का राजपद केवल क्षत्रिय राजा के लिये ही प्रयुक्त होता है। मीमांसा शास्त्र में रुचि रखने वाले जिज्ञासुओं के लिये यह प्रसंग विशेष रूप से अवधेय है।

राजसूय यज्ञ की प्रक्रिया को बताते हुए यहाँ कहा गया है कि फाल्गुन की पहली दशमी के दिन अनुमति के लिये अष्टाकपाल पुरोडाश देनी चाहिये। अनुमति पौर्णमासी की अधिष्ठात्री देवता मानी जाती है। तण्डुल अथवा अन्य हविष्य द्रव्यों को पीसते समय शिला के नीचे कृष्णाजिन पर जो उसका अंश गिर गया है, उसे खादिर स्रुव में रख कर दक्षिणाग्नि से जलती लकड़ी लेकर दक्षिण दिशा में जाकर अपने आप फटी हुई जमीन पर अथवा ऊषर भूमि पर उल्मुक को रख कर उस अंश की आहुति देनी चाहिये। इस प्रसंग में दो प्रकार की भूमि वर्णित है—एक तो व्रीहि, गोधूम आदि सस्यों से सम्पन्न और दूसरी ऊषर। इसमें पहली भूमि अनुमति और दूसरी निर्ऋति कहलाती है। निर्ऋति अनिष्टकारिणी मानी जाती है। यह दरिद्रता का ही दूसरा नाम है। इस लिये इसकी शान्ति के लिये सबसे पहले आहुति दी जाती है। बाद में किसी दिन ३६ वीं कण्डिका में प्रदर्शित विधि से पंचवातीय होम किया जाता है।

यहाँ शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत कर बताया गया है कि राजसूय यज्ञ का अनुष्ठान क्षत्रिय ही करता है। जिसने वाजपेय याग नहीं किया, ऐसा राजन्य ही इसका अधिकारी माना गया है। सामान्य राज्य की अपेक्षा साम्राज्य अधिक वरेण्य है, अतः साम्राज्य को देने वाले राजसूय यज्ञ का अनुष्ठाता वाजपेय याग का अनुष्ठान नहीं करता। इस राजसूय यज्ञ में इष्टि, पशु, सोम, दर्वीहोम जैसे शताधिक कर्म संयुक्त हैं। प्रस्तुत स्थल पर (पृ० २८५) इष्टियों और पशुओं के विधायक वाक्यों का उल्लेख कर सात सोम यागों का एवं पंचवातीय आदि दर्वीहोमों का उल्लेख किया गया है और [३२]पूर्णाहुति शब्द का अर्थ निर्दिष्ट है।

३६ वीं कण्डिका में बताया गया है कि इस कण्डिका के पाँच मन्त्रों से पंचधा विभक्त आहवनीय अग्नि को एकत्र कर उसमें पाँच आहुतियाँ दी जाती हैं। ३७ वीं कण्डिका बताती है कि इससे दक्षिणाग्नि से उल्मुक लेकर उसमें अपामार्ग के तण्डुल की आहुति दी जाती है। ३८ वीं कण्डिका में भी स्रुवा में स्थित अपामार्ग तण्डुलों की आहुति का मन्त्र है। यह आहुति भी उल्मुक में ही दी जाती है। इसके लिये उल्मुक को लेकर पहले पूर्व अथवा उत्तर दिशा में जाना पड़ता है।

यहाँ शतपथ ब्राह्मण में बताया गया है कि केवल पंचवातीय होम का ही नहीं, इस अपामार्ग तण्डुल के होम का भी विनियोग दूसरों के द्वारा प्रयुक्त अभिचार कर्म से अपनी रक्षा के लिये किया जाता है। इस रक्षाकर्म के लिये यहाँ [३३]प्रतिसर शब्द प्रयुक्त है। पूरे भारतीय वाङ्मय में, बौद्ध तन्त्र और काव्य ग्रन्थों में भी यह शब्द इसी अर्थ में प्रयुक्त मिलता है और आज भी विवाह आदि शुभ अवसरों पर बाँधा जाने वाला कंगन इसी का प्रतीक है। इस प्रतिसर

---

३२. "आज्यपूर्णया जुह्वा हूयत इति पूर्णाहुतिः" (पृ० २८५)।

३३. आगे ३७ संख्या की टिप्पणी देखिये।

कर्म का प्रयोग अश्वों की रक्षा के लिये भी किया जाता है। अपामार्ग की मंजरियों के लिये शतपथ में सूचना दी गई है कि इसकी मंजरियों का मुख नीचे की ओर रहता है। इस लिये ये यजमान के प्रति अभिचार करने वाले व्यक्ति को उलट कर उसे शीघ्र नष्ट कर देती हैं।

३९ वीं कण्डिका में बताया गया है कि सविता आदि देवसू हवियों में अन्तिम 'वरुणाय धर्मपतये' मन्त्र से वरुण को चरु समर्पित कर स्रुवा को सव्य पाणि में रख कर दक्षिण हस्त से यजमान के दक्षिण बाहु को पकड़ कर 'सविता त्वा' इत्यादि मन्त्रों का उच्चारण करते हुए अध्वर्यु यथास्थान यजमान का और उसके माता-पिता का नाम उच्चारित करता है। इसकी विधि भी यहाँ बताई गई है। प्रस्तुत मन्त्र में 'वाक्' शब्द प्रयुक्त है। भाष्यकार ने परा, पश्यन्ती, मध्यमा और वैखरी रूप अथवा नाम, उपसर्ग, निपात और आख्यात रूप वाणी का उल्लेख कर बताया है कि इस चतुर्विध वाणी का, जो कि वेद आदि विविध वाङ्मय के रूप में सर्वत्र व्याप्त है, आधिपत्य उस यजमान को प्राप्त हो जाय, इसके लिये यहाँ प्रार्थना की गई है। सविता आदि आठ देवताओं के निमित्त अर्पित किये जाने वाले विविध चरुओं की सूचना शतपथ ब्राह्मण को उद्धृत कर यहाँ दी गई है। प्रसंगवश इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि श्रौतसूत्र सर्वत्र शतपथ आदि ब्राह्मण ग्रन्थों का अनुसरण करते हैं। ४० वें मन्त्र के भाष्य में कुरु-पंचालों के राजा खदिरवर्मा के नाम का उल्लेख है।

२२ वें मन्त्र में उद्धृत शतपथ में बृहस्पति की आख्यायिका दी गई है। वाजपेय याग में बृहस्पतिसदृश यजमान भी अभिषिक्त होने पर भूमि का अवदारण न करने लगे, इस लिये दीक्षित यजमान को पृथ्वी के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करने को कहा गया है। शतपथ ब्राह्मण के वचनों की व्याख्या करते समय यहाँ अनेक स्थलों पर सायण का उल्लेख किया गया है।

दूसरे मन्त्र के आध्यात्मिक अर्थ के प्रसंग में आन्तर वरिवस्या का प्रतिपादक एक सुन्दर श्लोक उद्धृत है। यहाँ सत्सौख्य को ही अनेक प्रकार के विषयोपभोगों के साथ चित्पात्र में रख कर अपने परिवार देवताओं के साथ उपस्थित देवी को समर्पित किया गया है। २३ वें मन्त्र में 'अग्नीषोमात्मकं जगत्' इस श्रुति को उद्धृत करते हुए कहा गया है कि यहाँ कठोर और तीक्ष्ण पदार्थों में अग्नि का और कोमल पदार्थों में सोम का निवास माना गया है।

दयानन्दीय अर्थ में अनेक बार निर्दिष्ट सामान्य आक्षेपों के अतिरिक्त यहाँ के पाँचवें मन्त्र में भट्टपाद कुमारिल के उस प्रसिद्ध श्लोक को उद्धृत किया गया है, जो कि वेद के वेदत्व को उजागर करता है। नवें मन्त्र में बताया गया है कि वाजिन् शब्द का इनके द्वारा किया गया अर्थ श्रुति, स्मृति, पुराण आदि में कहीं भी नहीं मिलता। १९ वें मन्त्र में भी वाजिन् पद के अर्थ पर ही आक्षेप किया गया है। २१ वें मन्त्र में बताया गया है कि स्वामी दयानन्द का भावार्थ कहीं भी मन्त्रार्थ से संबद्ध नहीं है। इसी लिये हमने उसके खण्डन में कभी रुचि नहीं दिखाई है। २३ वें मन्त्र में व्याकरण प्रक्रिया संबन्धी पं. ब्रह्मदत्त जिज्ञासु के मत का खण्डन किया गया है। २९ वें मन्त्र में उनकी उक्ति को 'पूतिकूष्माण्डायित' गया कहा है। ३४ वें मन्त्र की व्याख्या में स्वामी दयानन्द ने चार पुरुषार्थों की अनोखी व्याख्या की है। इसको यहाँ बालजनप्रतारण कहा गया है। ३६ वें मन्त्र में पुनः याद दिलाई गई है कि शब्दों के श्रुतिसूत्रसंमत अर्थ ही हमें ग्राह्य हो सकते हैं। आर्ष ग्रन्थों में अप्रयुक्त अर्थों में शब्द का प्रयोग कैसे मान्य हो सकता है? अन्तिम ४० वें मन्त्र में बताया गया है कि सविता, अग्नि, सोम, रुद्र, मित्र, वरुण आदि विभिन्न देवताओं के नाम हैं। इनकी मनुष्यपरक व्याख्या नास्तिकता का ही प्रचार कर सकती है।

दशम अध्याय

ऊपर नवें अध्याय में वाजपेय और राजसूय संबन्धी विधियों को दिखाया गया है। अब दसवें अध्याय में राजसूय यज्ञ में अभिषेक के लिये जलादान आदि कर्मों का तथा सौत्रामणी याग संबन्धी कुछ पद्धतियों का विधान बताया जा रहा है। सबसे पहले यहाँ राजा के अभिषेक के लिये विविध जलों का उपादान वर्णित है। आतप वर्षा (धूप के रहते पानी का बरसना) कभी-कभी ही होती है। अतः ऐसे जल का संग्रह पहले से कर लेना चाहिये, जिससे कि भविष्य में होने वाले अभिषेक के अवसर पर उनका उपयोग हो सके। अन्य जलों को उसी समय जाकर लाया जाता है। उदुम्बर (गूलर) की लकड़ी से बने पात्रों में इनको रखा जाता है। सर्वप्रथम सरस्वती नदी के जल को लाया जाता है।

शतपथ ब्राह्मण के पंचम काण्ड के तृतीय प्रपाठक के चतुर्थ ब्राह्मण में अभिषेक के लिये १७ प्रकार के जलों के संभरण का विधान वर्णित है। आतपवर्ष्य जल का ग्रहण यूप की उत्तर दिशा से किया जाता है। अन्य जलों का ग्रहण, जहाँ वे उपलब्ध हों, वहाँ से किया जाता है। १७ प्रकार के जलों को ग्रहण करसे के लिये सभी पात्र औदुम्बर काष्ठ के बने हुए ही होने चाहिये।

इस अध्याय की प्रथम चार कण्डिकाओं में सत्रह मन्त्र हैं। 'वृष्ण ऊर्मिरसि' इत्यादि तीन कण्डिकाओं के प्रथम स्वाहान्त मन्त्र से चतुर्गृहीत घृत की आहुतियाँ दी जाती हैं तथा अन्तिम स्वाहारहित मन्त्रों से जलों का संभरण किया जाता है। मन्त्रगत 'अमुष्मै' पद के स्थान पर यजमान के चतुर्थ्यन्त नाम का उच्चारण किया जाता है।

प्रथम कण्डिका से **१. सरस्वती** नदी के जल का संभरण किया जाता है। कल्लोल जल के ग्रहण की विधि को बताते हुए यहाँ कहा गया है कि अध्वर्यु स्वयं जल में प्रविष्ट होकर किसी पशु या पुरुष को अपने साथ ले जाय। जल में प्रविष्ट पशु या पुरुष के दोनों तरफ उठती हुई लहरों के जल को अलग-अलग लिया जाता है। इसको **२ कल्लोल** जल कहते हैं। नदी के बहते हुए जल को **३. स्यन्दमान** कहा जाता है। काण्वसंहिता के भाष्य में सायण का कहना है कि कुल्या (नहरों) आदि के रूप में बहता हुआ जल राष्ट्र को नाना प्रकार से समृद्ध बनाता है। नदी आदि का बहता हुआ जल कभी किनारे पर उलटा बहने लगता है। इसको **४. प्रतिलोम** जल कहा जाता है। नदी का ही जल कभी-कभी मुख्य धारा को छोड़ कर अलग से बहने लगता है। इसको **५. अपसली** जल कहा जाता है। समुद्र में ऊँची उठती हुई लहरों के जल को **६. सूद्य** कहते हैं। नदी आदि के जल में कभी-कभी भँवर पड़ जाती है। इस जल को **७. निवेष्य** कहते हैं। बहता हुआ नदी का जल किसी ह्रद में पड़ कर स्थिर हो जाता है। सूर्य की किरणों से यह गरम भी हो जाता है। इसे **८. प्रत्यातप** जल कहते हैं। **९. आतपवर्ष्य** जल का लक्षण ऊपर बताया जा चुका है। इसी तरह से तालाब के जल को **१०. सरस्य** और कूप के जल को **११. कूप्य** कहा जाता है। **१२. प्रुष्व** जल ओस की बूँदों से बनता है। यहाँ **१३. मधु** (शहद) और गाय के **१४. उल्व्य** (गर्भवेष्टन) जल का भी ग्रहण किया जाता है तथा **१५. दुग्ध** और **१६. घृत** का भी। अन्तिम जल के रूप में **१७. मरीचियों** का ग्रहण किया जाता है।

सूर्य की किरणों से गरम हुए इस मरीचि जल को पूर्वगृहीत सभी प्रकार के जलों में मिला दिया जाता है। इनमें से प्रथम सारस्वत जल और अन्तिम मरीचि जल के निमित्त आहुति नहीं दी जाती। इस प्रकार अलग अलग पात्रों में संगृहीत इन सभी जलों को किसी औदुम्बर पात्र में इकट्ठा कर लिया जाता है।

शतपथ ब्राह्मण में इन सत्रह प्रकार के जलों के निमित्त दी गई आहुति की प्रजापति से तुलना की गई है। उसका क्रम इस प्रकार है—इनमें से प्रथम सारस्वत जल के और अन्तिम मरीचितप्त जल के निमित्त आहुति का विधान नहीं है। ऊर्मि जल के पूर्व और अपर दो विभाग किये जाते हैं। इन दोनों के निमित्त अलग-अलग आहुति

विहित है। इस तरह से आहुतियों की संख्या १६ हो जाती है। दो बिना आहुति के जल, सोलह आहुतियाँ और सोलह जल मिल कर ३४ होते हैं। इस प्रकार ३४ देवतात्मक प्रजापति से इनकी तुलना संभव हो जाती है। सारस्वत जल और मरीचि जल के निमित्त आहुतियाँ क्यों नहीं दी जाती, इसका स्पष्टीकरण भी यहाँ (पृ० ३०६-३०७) शतपथ के प्रमाण से दिया गया है। यहाँ संभृत १७ प्रकार के जलों से यजमान का अभिषेक किया जाता है। इसकी प्रक्रिया आगे बताई गई है।

१-४ मन्त्रों में १७ प्रकार के जलों का तथा तन्निमित्तक आहुतियों का विधान कर अब पाँचवें मन्त्र में बताया जा रहा है कि मरुत्वतीय ग्रहों के ग्रहण के बाद और माहेन्द्र ग्रह के ग्रहण के पूर्व मैत्रावरुण धिष्ण्य के आगे [३४]पालाश, औदुम्बर, नैयग्रोध (वाट) और आश्वत्थ पात्रों को तूष्णीं (चुपचाप) रखा जाता है। इनके आगे व्याघ्रचर्म बिछाया जाता है और इसी कण्डिका के आगे के छः मन्त्रों से सकृद्गृहीत आज्य की पार्थसंज्ञक छः आहुतियाँ दी जाती हैं। यहाँ शतपथ ब्राह्मण में इन आहुतियों के लिये कहा गया है कि पहले के अग्निवाचक नामों से हवन करने से राजा की भूलोक में प्रतिष्ठा बढ़ती है तथा आगे के आदित्यवाचक नामों से उसके लिये स्वर्ग की प्राप्ति भी सुनिश्चित हो जाती है। राजा पृथु से ये आहुतियाँ संबद्ध हैं, इस बात का भी उल्लेख शतपथ में ही है। छठे मन्त्र से दो कुशपवित्रों का निर्माण कर उनमें हिरण्य (सुवर्ण) बाँधा जाता है। सातवें मन्त्र से कुशापवित्र द्वारा अभिषेकार्थ लाये गये जलों को पवित्र कर पूर्व में रखे गये चतुर्विध पात्रों में भर दिया जाता है।

इतना कर लेने के बाद यजमान को ताप्यं वस्त्र पहनाया जाता है। ताप्यं पद का अर्थ आचार्यों ने क्षौम, वल्कल अथवा घृताक्त वस्त्र किया है। भाष्य में कहा गया है कि इस ताप्यं वस्त्र पर सुई से यज्ञीय पात्र स्रुक्, स्रुवा आदि को काढा जाता है। ताप्यं वस्त्र के ऊपर [३५]पाण्ड्व, अर्थात् रक्तश्वेत कम्बल यजमान को ओढाया जाता है। गले में महाकंचुक पहिना कर उष्णीष धारण कराया जाता है। शतपथ ब्राह्मण में बड़े विस्तार से इन सारी विधियों का वर्णन किया गया है और कात्यायन श्रौतसूत्र में भी उसी के अनुसार सारी पद्धति निर्दिष्ट है। अतः शतपथ को तो प्रमाण मानना और कात्यायन श्रौतसूत्र की उपेक्षा करना कथमपि न्यायसंगत नहीं माना जा सकता, जैसा कि स्वामी दयानन्द ने किया है।

वस्त्र आदि धारण कराने के बाद यजमान के हाथ में तीन बाण दिये जाते हैं। यह विधि ८ वें मन्त्र के वाचन के साथ सम्पन्न होती है। तब नवीं कण्डिका के सात आविद् मन्त्रों का यजमान से पाठ कराया जाता है। इस मन्त्र में पृथिवी को ही देवमाता अदिति बताया गया है। उव्वट की व्याख्या का यहाँ अलग से उल्लेख किया गया है। १० वें मन्त्र से केशव (नपुंसक) के मुँह में लोहायस का निधान किया जाता है। यहाँ सायण की व्याख्या का उल्लेख किया गया है और शतपथ के प्रमाण से केशव, लोहायस और दन्दशूक की तुलना की गई है। आगे की १०-१४ कण्डिकाओं में रथन्तर, बृहत्, वैरूप, वैराज और शाक्वर-रैवत सामों का एवं त्रिवृत्, पंचदश, सप्तदश, एकविंश और त्रयस्त्रिंश स्तोमों का स्वरूप काण्वसंहिता के सायण-भाष्य में उद्धृत साम ब्राह्मण के प्रमाण से बताया गया है।

१५ वीं कण्डिका से यजमान व्याघ्रचर्म पर आरोहण तथा यजमान के पैरों के नीचे और सिर पर सौवर्ण परिमण्डल निधान किया जाता है। सायण का मत भी यहाँ प्रदर्शित है। शतपथ के वचन की व्याख्या करते हुए यहाँ [३६]नौ प्राणों के

---

३४. पृ० ३१२ और ३१४ पर पालाश, औदुम्बर, नैयग्रोध (वाट) और आश्वत्थ पात्रों की चर्चा है, अतः पृ० ३०८ पर भी चार ही पात्रों का उल्लेख माना जायगा। नैयग्रोध और वाट पर्यायवाची शब्द हैं।

३५. पृ० ३१६ पर 'पाण्ड्व' पद के स्थान पर 'पाण्डव' पद छप गया है।

३६. "श्रोत्र-त्वक्-चक्षू-रसन-घ्राणा मनोबुद्धी प्राणापानौ चेतीमे नव प्राणाः" (पृ० ३२८)।

नाम गिनाये गये हैं और ओज का अर्थ मनोबल दिया गया है। १६ वें मन्त्र का उच्चारण करते हुए यजमान अपनी भुजाओं को ऊपर उठाता है। पक्षान्तर में अध्वर्यु उसकी भुजाओं को अपने हाथ से उठाता है। इस कण्डिका के यहाँ द्विविध अर्थ किये गये हैं। १७-१८ मन्त्रों से यजमान के सामने खड़ा पुरोहित अथवा अध्वर्यु पूर्वाभिमुख ऊर्ध्व बाहु सरुक्म व्याघ्रचर्म पर खड़े यजमान का पूर्वस्थापित चतुर्विध पात्रों में से पालाश पात्र के जल से अभिषेक करता है।

१९ वें मन्त्र का उच्चारण करते हुए यजमान कृष्णमृग के विषाण (सींग) की कण्डूयनी से शरीर पर डाले गये अभिषेक के जल को अपने सारे शरीर पर फैलाता है। इस मन्त्र के भी द्विविध अर्थ प्रदर्शित हैं। सायण और उव्वट की व्याख्याएँ भी प्रदर्शित हैं। अग्नि के लिये यहाँ बताया गया है कि वह पौर्णमास्य, आमावास्य, चातुर्मास्य आदि पर्वों के कारण वह पर्ववान् कहलाता है। २० वें मन्त्र में बताया गया है कि यजमान राजा के पिता-पुत्र के संबन्धों का अन्वाख्यान करते समय अध्वर्यु शालाद्वार्य अग्नि में सकृद्गृहीत आज्य की आहुति देता है। शतपथ ब्राह्मण में इसका यह विधान बताया है कि अवशिष्ट पात्रों का जल पालाश पात्र में भर दिया जाता है और उस पालाश पात्र को राजा अपने प्रियतम पुत्र को दे देता है। उसी समय इस मन्त्र का उच्चारण किया जाता है।

इसके बाद वाजपेय याग के सारे विधानों का अनुष्ठान यहाँ भी किया जाता है। जैसे कि रथग्राहण स्थान से 'इन्द्रस्य वज्रोऽसि' मन्त्र से शाला के दक्षिण भाग में शकट के ऊपर स्थापित रथ को भूमि पर उतार कर दक्षिण वेदि के मध्य भाग में लाकर 'मित्रावरुणयोः' मन्त्र से रथ में चार घोड़ों को जोता जाता है। 'अव्यथायै त्वा' मन्त्र से यजमान चात्वाल देश में स्थित रथ पर चढ़ता है। वह उस रथ की स्तुति करता है। अब सारथि उस रथ को आहवनीय के उत्तर में स्थापित गायों के बीच ले जाकर खड़ा कर देता है। वहाँ यजमान एक गाय का धनुष्कोटि से स्पर्श करता है। यह सारा विधान २१ वें मन्त्र की सहायता से किया जाता है। शतपथ ब्राह्मण में इसकी विस्तार से व्याख्या की गई है। यहाँ बताया गया है कि 'अर्जुन' इन्द्र का गुह्य नाम है। यहाँ इस पद से यजमान का ग्रहण किया जाता है। इस मन्त्र में उपदिष्ट विधि का अनुष्ठान करने से यजमान इन्द्र के समान पराक्रम और ऐश्वर्य से सम्पन्न हो जाता है।

इसके बाद रथारूढ यजमान वहाँ खड़ी सैकड़ों-हजारों गायों को अपनी जाति के बन्धु-बान्धवों, भाइयों और गोस्वामी को समर्पित कर यूप को पूर्व दिशा से प्रदक्षिणा कर अन्तःपात्य स्थान में रथ को खड़ा कर देता है। ऐसा करते समय वह २२ वें मन्त्र से इन्द्र की स्तुति करता है। तब २३ वीं कण्डिका के चार मन्त्रों से अध्वर्यु सकृद्गृहीत आज्य की रथविमोचयीया नाम की चार आहुतियाँ देता है और इसी कण्डिका के उत्तरार्ध से रथारूढ यजमान पृथिवी का दर्शन कर उससे पादप्रक्षेप के लिये क्षमाप्रार्थना करता है। तब सोपानत्क यजमान २४ वें मन्त्र का पाठ करता हुआ रथ से उतरता है। यह 'हंसः शुचिषद्' मन्त्र वैदिक वाङ्मय में अति प्रसिद्ध है। ऋग्वेद में ही नहीं, उपनिषदों में भी यह मन्त्र मिलता है। यहाँ परमात्मा की सर्वात्मकता प्रतिपादित है। २५ वें मन्त्र से रथवाहण स्थान पर दाहिने पहिये के रास्ते पर शतमान सौवर्ण वर्तुल मणि बाँधी जाती है। शतमान मणि सौ रत्ती की बनती है। इसके बाद उदुम्बर (गूलर) वृक्ष की टहनी गाड़ी जाती है। अध्वर्यु व्याघ्रचर्म पर पूर्व स्थापित मैत्रावरुणी पयस्या के पास आकर यजमान के ऊर्ध्व बाहुओं को यथास्थान कर देता है और २६ वें मन्त्र से वाजपेय याग की पद्धति से व्याघ्र-चर्म के पास खादिर आसन्दी रखी जाती है। आसन्दी के निर्माण की विधि वाजपेय प्रकरण में बता दी गई है। अब आसन्दी पर बहुमूल्य वस्त्र बिछा कर उस पर यजमान को बैठाया जाता है। २७ वें मन्त्र का पाठ करते हुए अध्वर्यु यजमान के हृदय का स्पर्श करता है।

२८ वें मन्त्र का वाचन करते हुए यजमान के हाथ में द्यूत के साधन सौवर्ण पाँच पासों को दिया जाता है और अध्वर्यु आदि ऋत्विक्गण यज्ञीय वृक्ष की छड़ी से यजमान की पीठ पर धीरे-धीरे आघात करते हैं। यह द्यूत

कृत, त्रेता, द्वापर और कलि नाम का होता है। विशौजा शब्द में छान्दस समास होने से इसे एक ही पद माना गया है। इसी लिये पदकार यहाँ अवग्रह नहीं करते, इसको एक ही पद जानते हैं। कात्यायन श्रौतसूत्र में इसका दूसरा विनियोग भी बताया गया है। तदनुसार आसन्दो पर बैठा हुआ यजमान उसके कल्याण के लिये भूमि पर बैठे हुए अध्वर्यु आदि चार ऋत्विजों को 'ब्रह्मन्' पद से संबोधित करते हुए आह्वान करता है। आह्वान का क्रम भाष्य में बताया गया है। इसके बाद वे सब मिल कर राजा के हाथ में स्फ्य प्रदान करते हैं। शतपथ की व्याख्या करते हुए यहाँ बताया गया है कि सुवर्ण निर्मित कपर्दक (कौड़ी) अथवा विभीतक (बहेड़ा) को अक्ष कहा जाता है। इनमें से चार अक्ष (पासे) कृत संज्ञा वाले और पाँचवाँ कलि कहलाता है।

इतना सब कर लेने के बाद २९ वें मन्त्र से द्यूत खेलने की जगह पर सुवर्ण खण्ड को रख कर उसके ऊपर चतुर्गृहीत आज्य (घृत की आहुति दी जाती है और तब राजा द्यूतभूमि पर अपने हाथ में दिये पासों को फेंकता हैं। शतपथ वाक्य की व्याख्या करते हुए आपस्तम्ब के प्रमाण से इस द्यूत कर्म को इष्टि-पशु-सोमयागात्मक राजसूय याग का अंग माना गया है। राजसूय प्रकरण के अन्तिम ३० वें मन्त्र का विनियोग बताते समय कात्यायन श्रौतसूत्र को उद्धृत कर कहा गया है कि पितामह शब्द का प्रयोग पिता आदि अपने दस पूर्वपुरुषों के लिये किया गया है। यजमान के सोमपा पितरों की दस पीढियों को कालक्रम से गणना कर उनके निमित्त ऋत्विक्‌गण तथा अन्य ब्राह्मण मिल कर वाजपेय याग के सौत्य दिवस में 'विभुरसि' इत्यादि मन्त्रों से प्रसर्पण, अर्थात् धिष्ण्योपस्थान करते हैं अथवा 'सवित्रा प्रसवित्रा' अनुवाक का पाठ करते हुए सौ ब्राह्मण प्रसर्पण करते हैं। इस पक्ष में पितरों की गणना नहीं की जाती, क्योंकि भक्षण काल में दस सोमयाजियों के रूप में इन पूर्वपुरुषों के नामों की स्मृति के अभाव में उनकी उपस्थिति असंभव है। इस द्वितीय पक्ष को ही यहाँ वरीयता दी गई है और शतपथ ब्राह्मण में भी इसी पक्ष को श्रेष्ठ माना गया है। त्वष्टा देव को यहाँ रूप का अधिष्ठाता बताया गया है और प्रसगवश काण्व शाखा के मन्त्र का प्रमाण दिया गया है। इस मन्त्र में दस देवताओं के निमित्त दस आहुतियाँ दी जाती हैं। इन आहुतियों का नाम संसृप है। भाष्य (पृ० ३६२) में इन आहुतियों के क्रम को स्पष्ट रूप से समझाया गया है। इन आहुतियों को देने के बाद यजमान को दस वास्तविक कमलों की अथवा सौवर्ण पुण्डरीकों को माला बना कर पहनाई जाती है। इस मालाधारण को ही यहाँ दीक्षा कहा गया है। इसके लिये अन्य किसी विधिविधान की अपेक्षा नहीं है। शतपथ ब्राह्मण के भाष्य में सायण ने भी यही कहा है। इसके साथ ही राजसूय याग का यह प्रकरण पूरा हो जाता है।

चरक सौत्रामणी

१०वें अध्याय की ३१-३४ कण्डिकाओं में राजसूय याग से संबद्ध चरक सौत्रामणी के मन्त्र उपदिष्ट हैं। राजसूय के अन्त में की जाने वाली सौत्रामणी चरक सौत्रामणी कहलाती है। क्षौम वस्त्र में भिगोये व्रीहियों को बाँध कर रख देने पर कुछ में अंकुर निकल आते हैं और कुछ में अभी अंकुर नहीं निकले रहते। जिनमें अंकुर न निकले हों, ऐसे व्रीहियों की चार मुट्ठी लेकर उनका भात पकाया जाता है और उसमें अंकुरित व्रीहियों को पीस कर मिला दिया जाता है। इस कार्य को करते समय ही 'अश्विभ्यां पच्यस्व' मन्त्र का पाठ किया जाता है। साथ ही मन्त्र के उत्तरार्ध से वपामार्जनान्त कर्म कर लेने के बाद दर्भ की सहायता से किसी पात्र में सुरा को छाना जाता है। इसो को परिस्रुत् कहा जाता है। यहाँ बहुत संक्षेप में इस विषय का निरूपण हुआ है। इसका विस्तार आगे किया गया है। अगले मन्त्र से उस परिस्रुत् सुरा में बदरी फल के चूर्ण को मिला कर उसे प्रत्येक देवता के लिये वैकंकत पात्र में भरा जाता है। आगे के दो मन्त्र (३३-३४) सुराग्रहों के ग्रहण के याज्या और अनुवाक्या में विनियुक्त हैं। इनमें प्रथम अनुयाज्या और द्वितीय याज्या मन्त्र है।

पृ० ३०९ पर शतपथ के प्रमाण से पार्थ हवियों का विश्लेषण करते समय मनुष्यों के प्रथम अभिषिक्त राजा वैन्यपुत्र पृथु की कथा वर्णित है। पृ० ३२६ पर नमुचि का आख्यान दिया गया है। इन्द्र ने सीसे की सहायता से नमुचि पर प्रहार किया था। इसी प्रहार के कारण सीसा नरम पड़ गया और सार भाग के निकल जाने के कारण उसकी कीमत घट गई। यहाँ भाष्यकार ने दूरबीक्षण आदि में प्रयुक्त होने पर यह बहुमूल्य कैसे हो जाता है? इस शंका का समाधान करते हुए कहा है कि यह उसके परिष्कार को पद्धति का माहात्म्य है। पृ० ३३९-३४० में राजसूय यज्ञ में अभिषिच्यमान वरुण का बल कैसे नष्ट हो गया और इन्द्र की सहायता से वह उसे किस प्रकार पुनः प्राप्त कर सका, इसका आख्यान वर्णित है। यहाँ शतपथ में बताया गया है कि 'अर्जुन' इन्द्र का अतिप्रिय नाम है। यह प्रसंग हमें महाभारत की कथा की याद दिलाता है। पृ० ३४६ पर बताया गया है कि अभिषिक्त राजा को देख कर पृथिवी डरने लगती है। उसे भयमुक्त करने के लिये राजा को प्रस्तुत मन्त्र की सहायता से पृथिवी की माता के रूप में स्तुति करनी चाहिये। पृ० ३६२ पर वरुण की कथा का पुनः उल्लेख है और पृ० ३६९ पर नमुचि का उपाख्यान वर्णित है कि उसने कैसे इन्द्र के बल का अपहरण कर लिया और अश्विनीकुमारों ने उसकी किस प्रकार रक्षा की।

स्वामी दयानन्द १० वें अध्याय के पहले मन्त्र में स्थित मित्रावरुण शब्द का अर्थ प्राण और अपान करते हैं। स्पष्ट है कि वे यहाँ मित्रावरुण को देवता न मानने के उद्देश्य से ऐसा कर रहे हैं, किन्तु भाष्यकार ने उनके अर्थ की असंगति पर यहाँ हृद्य प्रकाश डाला है। वेद का लोकायतीकरण, श्रुतिसूत्रविरोध जैसे दयानन्द भाष्य पर किये जाने वाले आक्षेपों का यहाँ (पृ० ३१८-३१९) पुनः स्मरण कराया गया है और वेद की अनधिगतार्थ-बोधकता का भी उल्लेख किया गया है। कात्यायन श्रौतसूत्र की रचना शतपथ ब्राह्मण के आधार पर ही हुई है। तब भी स्वामी दयानन्द शतपथ के समर्थन और कात्यायन श्रौतसूत्र के खण्डन में लगे रहते हैं। १० वें मन्त्र के उनके भाष्य को केवल प्रलापमात्र ही नहीं, केवल मूर्खजनप्रतारक ही नहीं, किन्तु अपने आपको भी धोखे में रखने जैसा बताया है। पृ० ३२६-३२७ पर बताया गया है कि रथन्तर, बृहत् आदि सामों का और त्रिवृत्, पंचदश आदि स्तोमों का लक्षण ताण्ड्य महाब्राह्मण में निर्दिष्ट है। इनका स्वामी दयानन्द को ज्ञान ही नहीं है। चार्वाक जैसा दृष्टिकोण होने से इनके यहाँ ऊर्ध्वलोक की भी कोई स्थिति नहीं है। 'दशहस्ता हरीतकी' न्याय इन पर पूरी तरह से लागू होता है। १९ वें मन्त्र में ये विमान, नौका आदि के निर्माण की विधि बताते हैं, किन्तु मन्त्र में अथवा उनके भाष्य में भी कहे शब्दों के आधार पर कोई भी इनके निर्माण में समर्थ नहीं हो सकता। २३ वें मन्त्र में आये स्वाहा पदों का ये अलग-अलग अर्थ करते हैं, किन्तु ऐसा करते समय वे कोई प्रमाण नहीं देते। २६ वें मन्त्र में भी शतपथ के अनुसार आसन्दी को संबोधित किया गया है। ये आसन्दी का अर्थ रानी करते हैं, किन्तु इसमें कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं करते। ३२ वें मन्त्र की व्याख्या में इन पर कल्पनाबाहुल्य का आक्षेप किया गया है। ३३ वें मन्त्र में इन पर वेद के लोकायतीकरण का आक्षेप पुनः दोहराया गया है और कहा गया है कि प्रत्यक्ष और अनुमान से असिद्ध अर्थ को बताने में ही वेद की सार्थकता है। इस अध्याय के अन्तिम मन्त्र की व्याख्या में इन पर पूर्वापरविरोध का आक्षेप किया गया है और कहा गया है कि बिना प्रयोजन के मुख्यार्थ के त्याग में कोई प्रमाण नहीं है। फिर स्वामी दयानन्द वेद से जिस अर्थ का प्रतिपादन करना चाहते हैं, वह तो लौकिक नीतिशास्त्र आदि से ही ज्ञात हो जाता है, तब इन विषयों के प्रतिपादन में वेद की प्रवृत्ति कैसे मानी जा सकती है।

आध्यात्मिक अर्थ करते समय सर्वत्र उपनिषद्, भगवद्गीता, ब्रह्मसूत्र, मनुस्मृति, वाल्मीकि रामायण, महाभारत, पातंजल योगसूत्र, विष्णुपुराण, श्रीमद्भागवत, शिवपुराण, दुर्गासप्तशती आदि ग्रन्थों के अतिरिक्त धर्मशास्त्र के अनेक ग्रन्थों को और कोश ग्रन्थों को भी उद्धृत किया गया है। निघण्टु-निरुक्त और व्याकरण प्रक्रिया का भी इसमें सहारा

लिया गया है। इस विषय की चर्चा ११-१५ अध्यायों के भाष्यनिष्कर्ष में भी की जा चुकी है। यहाँ बार-बार (पृ० २६०, २९६, ३१५) भक्त के लिये "अमृतस्य पुत्राः" (१०।१३।१) इस ऋग्वेदीय मन्त्र को उद्धृत किया गया है, आचार्य की महिमा गाई गई है (पृ० ३२८) और सारे शिवभक्तों को बान्धव और तीनों भुवनों को स्वदेश बताया गया है (पृ० ३६१)। जीव और परमेश्वर का साजात्य, सरूप, सादेश्य, सायुज्य संबन्ध भी दर्शाया गया है (पृ० ३६६)।

विकंकत वृक्ष की व्युत्पत्ति बताते समय अमरकोश की रामाश्रमी टीका में 'कठेर इति भाषायाम्' दिया गया है। मध्यप्रदेश के एक विद्वान् ने बताया है कि वहाँ कठेर नाम का वृक्ष आज भी उपलब्ध है। 'शब्दकल्पद्रुम' में मिलता है कि यह बदरीसदृश सूक्ष्म फल वाला वृक्ष है। भाषा में यह 'बंइच' के नाम से जाना जाता है। बंगला विश्वकोश के हिन्दी संस्करण में इसका परिचय इस प्रकार दिया गया है—बदरीसदृश सूक्ष्म फल वाला वृक्ष, एक प्रकार का जंगली पेड़। इसे कंटाई, किंकिणी और कंज भी कहते हैं। इस वृक्ष के पत्ते छोटे-छोटे और डालियों में कांटे होते हैं। इसके फल पकने पर मीठे और अधपके खट-मीठे होते हैं। यज्ञ के लिये स्रुवा इसकी लकड़ी से ही बनाया जाता है। अमरकोश में इसके पर्यायवाची शब्दों में 'स्रुवावृक्षः' भी दिया गया है।

७.३ के भाष्य में "वाग्देवी जुषाणा सोमस्य तृप्यतु" मन्त्र उद्धृत है। इसका स्थाननिर्देश यहाँ सही नहीं है। वस्तुतः यह वचन आठवें अध्याय के ३७ वें मन्त्र का अंश है।

इस प्रकार प्रस्तुत भाष्यनिष्कर्ष में हमने प्रथम अध्याय से लेकर ३९ वें अध्याय तक के भाष्य में निर्दिष्ट अनेक विशेष विषयों पर प्रकाश डालने का प्रयत्न किया है। कुछ छूटे हुए विषयों को हम यहाँ एक साथ प्रस्तुत करना चाहते हैं। चतुर्थ अध्याय के पयोव्रतग्रहण के प्रकरण में (११-१६) हमें आत्मयजन की छवि देखने को मिलती है। प्रथम और द्वितीय अध्याय के वचनों को उद्धृत कर ऊपर हमने बताया है कि यजमान अनुष्ठान के प्रारम्भ में कैसे मनुष्यभाव से देवभाव को तथा अनुष्ठान की समाप्ति पर पुनः मनुष्य भाव को प्राप्त कर लेता है। ठीक उसी तरह की प्रक्रिया पयोव्रत ग्रहण की भी प्रतीत होती है। बृहदारण्यक उपनिषद् में भी बताया गया है कि देवगण उससे दूर हो जाते हैं, जो देवताओं को अपने से भिन्न मानता है। इसका अभिप्राय यही है कि आत्मयाजी को सर्वप्रथम अपने संकल्प को दृढ़ करना चाहिये कि मैं स्वयं देवभाव से सम्पन्न हूँ। ऋग्वेद (१०।१३।१) में मानव को अमृत का पुत्र बताया है। इस विषय की चर्चा अभी हमने ऊपर की है।

सातवें अध्याय के ४५ वें मन्त्र के 'चन्द्रदक्षिणा' पद की व्याख्या करते समय शतपथ ब्राह्मण के "आत्रेयाय हिरण्यं ददाति" वाक्य को उद्धृत कर अत्रि ऋषि की चर्चा की गई है। यहाँ बताया गया है कि अत्रि गोत्र के ब्राह्मण को चन्द्र (सुवर्ण) की दक्षिणा दी जानी चाहिये। इस प्रसंग में हमें रघुवंश का यह श्लोक याद आता है—"अथ नयनसमुत्थं ज्योतिरत्रेरिव द्यौः" (२।७५)। यहाँ चन्द्र को अत्रि ऋषि के नयनों की ज्योति से उत्पन्न बताया गया है। टीकाकार मल्लिनाथ ने इस प्रसंग में हरिवंश को उद्धृत किया है। निघण्टु में हिरण्य के पर्यायों में चन्द्र का भी उल्लेख है। नायन (नेत्रगत) रश्मियों की और हिरण्य की तैजसता प्रसिद्ध ही है। हमें ऐसा लगता है कि चन्द्र, आत्रेय इत्यादि पद यहाँ इस पौराणिक कथा का संकेत दे रहे हैं।

दसवें अध्याय के पचीसवें मन्त्र के भाष्य (पृ० ३४८) में शतपथ ब्राह्मण के प्रमाण से बताया गया है कि रथ से उतरते समय यजमान के साथ सारथि को नहीं उतरना चाहिये, क्योंकि अनुष्ठान का फल यजमान को ही मिलेगा, सारथि को नहीं। पंचचितिक चयन याग की प्रक्रिया ११-१८ अध्यायों में वर्णित है। यहाँ अनेक स्थानों पर (११।१, १३।४१

इत्यादि) पाँच पशुओं का विधान है। इस विधान की प्रक्रिया बंगाल की काली उपासना में प्रचलित पंचमुण्डी आसन की प्रक्रिया से मिलती-जुलती है। इस प्रकरण की तुलनात्मक समीक्षा अपेक्षित है।

११ वें अध्याय के ही ६६ वें मन्त्र (पृ० ८९) के भाष्य में तथा अन्यत्र भी अनेक स्थानों पर मन्त्र और तन्त्र शब्दों का एक साथ प्रयोग मिलता है। ऐसा लगता है कि ऐसे स्थलों पर मन्त्र में संक्षेप में कर्मकाण्डपरक पद्धति की मात्र सूचना रहती है और उसकी विस्तार से व्याख्या करना ही, उसकी प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से समझाना ही तन्त्र की विषयवस्तु है।

१२ वें अध्याय के तीसरे मन्त्र के भाष्य (पृ० ११८) में षडुद्याम शिक्य की छः दिशाओं से तुलना की गई है। बौद्ध विद्वान् वसुबन्धु के—"षट्केन युगपद् योगात् परमाणोः षडंशता" (विंशिका १२) इस वाक्य में भी छः दिशाओं के रूप में इन्हीं का उल्लेख है।

१३ वें अध्याय के नवें मन्त्र के भाष्य (पृ० २६०) में प्रतिसर शब्द का अर्थ "राक्षसों का नाश करने वाले अग्निदेवताक मन्त्र" किया गया है। यह शब्द अतिव्यापक है और इसके अर्थ में भी परिवर्तन हो गया है। बौद्ध तन्त्रों में भी इसका विधान मिलता है। वहाँ प्रतिसरा[३७] को रक्षा की देवी मान कर उसकी स्तुति की गई है। प्रतिसरा-स्तोत्र, प्रतिसराकल्पधारिणी, प्रतिसरास्तुति, महाप्रतिसरास्तोत्र, महाप्रतिसराधारिणी आदि स्तोत्र और धारणियाँ बौद्ध साहित्य में उपलब्ध हैं। इसी प्रसंग में यह भी अवधेय है कि वैदिक वसोर्धारा को भी वसुधारा देवी का रूप यहाँ दे दिया गया है। ईशानशिवगुरुदेवपद्धति (भा० २, पृ० ११३-११९) में भी इसका विधान देखा जा सकता है।

२८ वें अध्याय के १६ वें मन्त्र का अंश है—"सग्धि सपीतिमन्या"। यहाँ सग्धि और सपीति शब्द प्रयुक्त हैं। भाष्यकारों ने इन शब्दों का जो अर्थ दिया है, प्रायः उसी अर्थ में विज्ञानभैरव के एक श्लोक में जग्धि और पान शब्द प्रयुक्त हुए हैं (श्लो० ७१)। इतना अवश्य हुआ है कि इनके साथ वहाँ कौलिक प्रक्रिया भी जुड़ गई है। इसी श्लोक में उल्लास और रस शब्द भी प्रयुक्त हैं और विष्णुपुराण (१।६।१६) में रसोल्लास आदि आठ सिद्धियों का उल्लेख है। सहजसिद्धि के रूप में इनका यहाँ वर्णन है और टिप्पणीकार ने स्कन्दपुराण के प्रमाण से इन आठ सिद्धियों का लक्षण बताया है। परस्पर अनुस्यूत न होते हुए भी इनमें हमें एक अनोखी क्रमबद्धता दिखाई पड़ती है।

---

३७. प्रतिसर शब्द की चर्चा पहले (पृ० ३८) आ चुकी है। प्रतिसरा अथवा प्रतिसर शब्द का प्रयोग काव्य, नाटक आदि में भी मिलता है। भास के प्रतिज्ञायौगन्धरायण में यौगन्धरायण प्रतिहारी से कहता है—"त्वर्यतां लेखः **प्रतिसरा** च" (पृ० ८, मोतीलाल बनारसीदास, प्रथम संस्करण)। भाषान्तरकार डॉ० सुषमा पाण्डेय ने यहाँ टिप्पणी की है कि कुछ विशिष्ट पदार्थों को अभिमन्त्रित कर उनसे युक्त रक्षासूत्र को प्रतिसरा कहते हैं। युद्ध या यात्रा के समय सौभाग्यवती स्त्रियों द्वारा या उनका स्पर्श करा कर ब्राह्मणों द्वारा यह पहनाया जाता था। यह घोड़े, हाथी या पैदल सेना के लिये पृथक्-पृथक् होता था। इस संबन्ध में बृहत्संहिता का ४३ वाँ अध्याय देखना चाहिये। घोड़ों की प्रतिसरा के लिये वहाँ कहा है—

प्रतिसरया तुरगाणां भल्लातकशालिकुष्ठसिद्धार्थाः।
कण्ठेषु निबध्नीयाः .... ॥

विवाह के अवसर पर बाँधे जाने वाले कौतुकसूत्र के अर्थ में इस शब्द का प्रयोग भारवि के किरातार्जुनीय महाकाव्य में मिलता है—"विन्यस्तमङ्गलमहौषधिरीश्वरायाः स्रस्तोरग**प्रतिसरेण** करेण पाणिः" (५।३३)।

इस प्रकार यथामति हमने इस महान् भाष्य के निष्कर्षों को अतिसंक्षेप में प्रस्तुत करने का यह लघु प्रयास किया है। यह प्रयास उसी प्रकार का है, जिसकी कि चर्चा रघुवंश के प्रारम्भ में महाकवि कालिदास ने की है, क्योंकि इस प्रस्तुति का प्रमुख आधार यह महनीय भाष्य ही रहा है। इस गरिमामय भाष्य की अतिविस्तृत भूमिका का भाषानुवाद करने तथा प्रथम और अन्तिम अध्यायों को छोड़ शेष पूरे भाष्य का सविधि सम्पादन करने में स्वामी करपात्री जी महाराज और इस कार्य के लिये प्रेरित करने वाले पुरीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य श्री निरंजनदेव तीर्थ जी महाराज के प्रति श्रद्धा और श्रेष्ठिप्रवर श्री हनुमानप्रसाद जी धानुका की इस ग्रन्थ को शीघ्र प्रकाशित करा देने की आतुरता ने हमें प्रवृत्त किया था। इस कार्य को पूरा होते देख आज हमें परम सन्तोष की अनुभूति हो रही है। हमारी इस अनुभूति में श्रेष्ठिप्रवर श्री धानुका जी का भी समान भाग है। काल की विकरालता से ये चिन्तित अवश्य रहे हैं, किन्तु विपरीत परिस्थितियों में भी पूरे धैर्य और दृढ निश्चय के साथ इस शुभ कार्य को शीघ्र पूरा करा देने का इनका अध्यवसाय सराहनीय रहा है।

भाष्य का सम्पादन करते समय हमने प्रेस की सुविधा की दृष्टि से पूरी प्रेसकापी में यथास्थान अनुच्छेदों और पदच्छेदों का संयोजन तथा अन्य आवश्यक संशोधन किये हैं। श्रुति, स्मृति, रामायण, महाभारत, श्रीमद्भागवत, शिवपुराण आदि के उद्धरणों का स्थलनिर्देश अनेक स्थानों पर नहीं हो पाया था। इस कार्य को पूरा करने का भरसक प्रयत्न किया गया है, तो भी कुछ वचनों का स्थलनिर्देश हम नहीं कर पाये हैं। इसके लिये हम क्षमाप्रार्थी हैं। कात्यायन श्रौतसूत्र के वचनों का स्थलनिर्देश पद्मभूषण पं० पट्टाभिराम शास्त्री जी के दिल्ली से प्रकाशित संस्करण के अनुसार हुआ है। शतपथ ब्राह्मण और सायण भाष्य, पाणिनि अष्टाध्यायी, भगवद्गीता, मनुस्मृति और उपनिषदों के सभी निर्दिष्ट स्थलों का एक बार पुनः परीक्षण कर उनमें भी यथास्थान संशोधन किया गया है। पूरे प्रयत्न के बाद भी संस्करण में कुछ त्रुटियाँ रह ही गई हैं। भाष्यनिष्कर्ष में इनमें से कुछ के परिमार्जन का प्रयत्न किया गया है। स्वाभाविक रूप से अभी अन्य त्रुटियाँ भी बची रह गई होंगी। विद्वानों से निवेदन है कि वे इस ओर हमारा ध्यान आकृष्ट करायेंगे, जिससे कि भविष्य में उनका परिशोधन किया जा सके।

स्वामी करपात्री जी महाराज ने अपने सहायक विद्वानों की सूचना स्वयं भाष्य के प्रारम्भ में दे दी है। अन्यविध सहायकों की नामावली प्रकाशकीय वक्तव्य में दी गई है। इस भाष्य के परिशुद्ध संस्करण के लिये हमारे ज्येष्ठभ्रातृकल्प पं० श्री जनार्दन शास्त्री पाण्डेय जी ने पूरा सहयोग दिया है। इनके प्रति हम अपना आभार प्रकट करते हैं। हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्कृत विभाग के प्रवाचक और वेदविद्या की सेवा के लिये काशी में ही नहीं, पूरे देश में प्रख्यात विद्वत्कुल के सदस्य डॉ० श्रीकिशोर मिश्र जी ने हमारे विशेष आग्रह पर ४-१० अध्यायों का भाष्यसार लिखा। इसके लिये हम उनकी सर्वविध उन्नति की कामना करते हैं। भगवान् ज्ञानगुरु विश्वेश्वर से प्रार्थना है कि वे इसी प्रकार दत्तचित्त हो वेदविद्या की रक्षा और उन्नति के लिये निरन्तर क्रियाशील रहें। मुद्रण कार्य में सर्वविध सुविधा प्रदान कराने और इस बीच आये विघ्नों को दूर करने में श्री धानुका जी के सुयोग्य मुनीम श्री गिरिराजप्रसाद जी अग्रवाल का अपूर्व सहयोग रहा है। केशव मुद्रणालय के मालिक श्री मोहनलाल जी ने पूरे मनोयोग से इस कार्य को पूरा करने का संकल्प न लिया होता, तो अभी इस महनीय भाष्य के प्रकाशन में और भी विलम्ब होता। भाष्य के मुद्रण का कार्य तारा प्रेस, रत्ना प्रेस और आनन्द मुद्रणालय में भी थोड़ा-बहुत हुआ था। हम इन सबके प्रति अपनी शुभ कामना प्रकट करते हैं॥

फाल्गुन पूर्णिमा, संवत् २०४९ वाराणसी।

विद्वद्वशंवद
व्रजवल्लभ द्विवेदी

विषय-सूची

सप्तम अध्याय

अष्टम अध्याय

कण्डिका संख्या — पृष्ठ संख्या

कण्डिका संख्या | पृष्ठ संख्या

राजसूय याग

दशम अध्याय

कण्डिका संख्या | पृष्ठ संख्या

राजसूयगत चरक सौत्रामणी के मन्त्र

●

सप्तमोऽध्यायः

पूर्वोक्ते षष्ठेऽध्याये यूपसंस्कारादिसोमाभिषवपर्यन्ता मन्त्रा व्याख्याताः। अथ सप्तमेऽध्याये ग्रहग्रहणमन्त्रा व्याख्यायन्ते। 'उपा७शुं च गृह्णाति वाचस्पतये देवो देवेभ्यो मधुमतीरिति' (का० श्रौ० ९।४।२०)। सूत्रेऽत्र मन्त्रत्रयस्य प्रतीकोपादानात् निग्राभवाचनानन्तरं त्रिभिर्मन्त्रैः प्रतिमन्त्रमेकैकेन मन्त्रेणोपांशुसंज्ञकं ग्रहं गृह्णीयाद् एकैकेन मन्त्रेण प्रतिवर्गं तृतीयांशं गृह्णीयात्। अष्टकृत्वः प्रहृत्य वाचस्पतय इति, एकादशकृत्वः प्रहृत्य देव इति, द्वादशकृत्वः प्रहृत्य मध्विति। अयमुपांशुग्रहोऽन्तर्यामग्रहश्चाग्रे वक्ष्यमाणोऽधाराग्रहः। ऐन्द्रवायवग्रहस्तु धाराग्रहः। सोमयागे हि द्विप्रकारो ग्रहः—अधाराग्रहः, धाराग्रहश्च। तत्र दशापवित्रेऽभिषुतान् सोमान्निक्षिप्य तत्र जले प्रक्षिप्ते ततो या धारा सोमरसस्य प्रवहति, तया धारया येषां ग्रहणं ते धाराग्रहाः, यस्य तु धारामन्तरा अंशून्निक्षिप्य तत्रैव जलक्षेपणं सोऽधाराग्रहः। इमौ चोपांश्वन्तर्यामग्रहौ अधाराग्रहौ। अतोऽत्रांशूनामेव ग्रहणं न रसस्य। प्राणदैवत्या विराट्। नववैराजत्रयोदशैर्नष्टरूपस्येतिलक्षणान्नष्टरूपा विराट्। प्रथमोऽष्टार्णस्तेनैकोना। पूर्वोत्तरार्धयोरुपांशुग्रहस्य प्रथमद्वितीयग्रहयोः क्रमेण विनियोगः।

वाचस्पतये पवस्व वृष्णो अ७शुभ्यां गभस्तिपूतः।
देवो देवेभ्यः पवस्व येषां भागोऽसि ॥ १ ॥

मन्त्रार्थस्तु—हे सोम, पतये पालकदेवार्थं वाचो वाचा, विभक्तिव्यत्ययः, मन्त्रेण वाचःसम्बन्धिना मन्त्रेण वा, पवस्व शुद्धो भव। कीदृशस्त्वम्? वृष्णो वर्षितुस्तव सम्बन्धिभ्यामंशुभ्यां पूतः। तौ हि तत्र क्षिप्येते। तथा गभस्तिपूतः 'पाणी वै गभस्ती' (श० ४।१।१।९)। अध्वर्योर्गभस्तिभ्यां पाणिभ्यां च पूतः। समासगतः पूतशब्दो विच्छिद्यांशुभ्यामित्यनेनापि योज्यः। उव्वटाचार्यस्तु 'प्राणो वै वाचस्पतिः' (श० ४।१।१।९) इति श्रुत्यनुसारेण हे सोम, वाचस्पतये प्राणाय त्वं पवस्व। पवनं देवतार्था प्रवृत्तिरित्याह। 'पव गतौ' इति धातोः। यस्त्वं वृष्णोऽभीष्टवर्षणशीलस्य सोमस्यांशुभ्यामध्वर्योश्च गभस्तिभ्यां पूत इत्याह। द्वितीयं गृह्णाति हे सोम, देवः सन् देवेभ्योऽर्थाय पवस्व प्रवृत्तिं कुरु। नह्यदेवो देवांस्तर्पयितुमलम्। केषां देवानाम्? येषां त्वं भागोऽसि, तेभ्यो देवेभ्यो दीप्यमानः सन् पवस्वेत्यर्थः। शतपथे 'प्राणो ह वा अस्योपा७शुर्व्यान उपा७शुसवन उदान एवान्तर्यामः' (श० ४।१।१।१)। तत्रादौ प्रातःसवनीयाः षोडश ग्रहाः। तत्रायमुपांशुग्रहः। अस्य सोमयागस्य सकलस्य

मन्त्रार्थ— हे सोम! सम्पूर्ण कामनाओं को पूरा करने वाले तुम हमारे हाथों से पवित्र हुए प्राणों की प्रीति के लिये इस पात्र में बैठो। हे सोमदेवता स्वरूप! तुम देवताओं की प्रीति के निमित्त इस पात्र में बैठो और देवताओं के भाग बनो ॥ १ ॥

भाष्यसार—पूर्वोक्त छठे अध्याय में यूपसंस्कार से प्रारम्भ करके सोमाभिषव तक के मन्त्रों की व्याख्या की गई है। सातवें अध्याय में ग्रह-ग्रहण के मन्त्रों की व्याख्या की जा रही है। कात्यायन श्रौतसूत्र (९।४।२१-२५) में वर्णित याज्ञिक

वा लोकस्यादौ गृह्यमाण उपांशुग्रहः प्राणः प्राणत्वेन प्रसिद्धः, 'प्राणो वा एष यदुपांशुः' (तै० सं० ६।४।५) इति श्रुतेः । उपांशुसहचारिण उपांशुसवनस्याऽन्तर्यामस्य च व्यानोदानतामाह—'व्यान उपांशुसवन उदानोऽन्तर्यामः' इति । कात्यायनोऽपि—'उपांशुसवनं पाणिना प्रमृज्योदञ्चं व्यानाय त्वेति संस्पृष्टमुपविष्टयोरभिषुण्वन्ति चत्वारः पर्युपवेशनसामर्थ्यात्' (का० श्रौ० ९।४।३७), तथा (का० श्रौ० ९।५।१) । उपांशुसवनाख्ये पाषाणे लग्नमृजीषादिकं हस्तेनाधः पातयित्वा उदङ्मुखमुपांशुपात्रलग्नमेव तं सादयेत्, व्यानाय त्वेति मुखं चास्य येनाभिषवः कृतः, उपांशुग्रहं हुत्वाऽधिषवणफलकसमीपेऽध्वर्युयजमानयोरुपवेशनानन्तरमध्वर्युप्रतिप्रस्थातृनेष्टृन्नेतारः सोमाभिषवं कुर्वन्ति, 'अधिषवणे पर्युपविशन्ति' (का० श्रौ० ९।४।१) इत्यत्र परित उपविशन्तीति चतसृषु दिक्षूपवेशनविधानसामर्थ्यात् ।

'अथ यस्मादुपाꣳशुर्नाम । अꣳशुर्वै नाम ग्रहः स प्रजापतिस्तस्यैष प्राणस्तद्यदस्यैष प्राणस्तस्मादुपाꣳशुर्नाम' (श० ४।१।१।२) उपांशोः प्राणत्वं प्रश्नपूर्वकमुपांशुव्युत्पत्त्यापि समर्थयते—अथ यस्मादिति । गृह्यतेऽनेनेति व्युत्पत्त्या ग्रहो दारुमयं पात्रमंशुनामकम् । तस्य यज्ञसाधनत्वेन तस्मिन् यज्ञत्वोपचाराद् यज्ञस्य च 'यज्ञो वै प्रजापतिः' (तै० ब्रा० १।३।१०) इति श्रुत्या प्रजापतित्वात् स ग्रहः प्रजापतिः । तस्य प्रजापतिरूपस्य ग्रहस्य प्राणवतश्चरति तेनैष सोमरसः प्राणः । तत्सोमरसात्मकं द्रव्यं यस्मादस्यांशुग्रहात्मकप्रजापतेरेष उक्तोपपादनः प्राणस्तस्मादुपगतोऽशुमिति विगृह्य (पा० सू० १।४।७९) इति स्थलीयेन 'अत्यादयः क्रान्ताद्यर्थे द्वितीयया' इति वार्त्तिकेन द्वितीयासमासः । यद्वा अंशुं गृह्णातीति विहितः सोमग्रहोंऽशुः । स चानिरुक्तया प्राजापत्यया गृह्यत इति प्रजापत्यात्मकः । तं प्राणरूपेणोपगतो ग्रह उपांशुग्रहः । 'तं बहिष्पवित्राद् गृह्णाति पराञ्चमेवास्मिन्नेतत् प्राणं दधाति सोऽस्यायं पराङेव प्राणो निरर्दति तमꣳशुभिः पावयति पूतो सदिति षड्भिः पावयति षड्वा ऋतव ऋतुभिरेवैनमेतत् पावयति' (श० ४।१।१।३) । सोमात्मकस्य प्राणस्य गुणविशिष्टं ग्रहणं विधत्ते—तं बहिष्पवित्राद् गृह्णातीति । तं प्रकृतं प्राणात्मकं सोमरसं पवित्राद् दशापवित्राद् बहिः पृथक् पवित्रमन्तरेण गृह्णाति । अविधानादर्थसिद्धः पवित्रविरहो नान्तरिक्षे चिनोतीतिवन्नित्यप्राप्तोऽनूद्यते । पवित्रविरहस्य प्रयोजनमाह पराञ्चमेवास्मिन्नेतत् प्राणं दधातीति । एतदिति निधानक्रियाया विशेषणम् । तस्याश्चाख्याताभिधेयां भावनां प्रति कर्मत्वादेतदिति तद्विशेषणे द्वितीया । अस्मिन् ग्रहाख्ये प्रजापतौ बहिः सुखसञ्चारक्षमप्राणकर्मकमेतन्निधानं करोति । एवं चास्य प्रजापतेरेतत्सृष्टतया वा तदात्मकस्य सकललोकस्य सोऽयं परिदृश्यमानः प्राणो बहिरपि निरर्दति निर्गच्छत्येव । 'अर्द गतौ याचने च' । ततश्च श्वासप्रश्वासप्रतिबन्धो न कदाचिद् भवति । पवनसाधनदशापवित्राद् बहिस्त्वे विहितं ग्रहणमपूतस्यैव स्यात्, तथा मा भूदिति पावनमंशुकरणकं विधत्ते—तमंशुभिः पावयतीति । पूतोऽसदिति । इकारलोपः (पा० सू० ३।४।९७), 'लेटोऽडाटौ' (पा० सू० ३।४।९४) इत्यडागमः । पूतो भवतीत्यर्थः । बिलस्योपरि अंशुं निधाय तत्र रसावनयनेन तं रसं शोधयेदित्यर्थः । अतीतानामंशूनां विनियोगासम्भवादर्थसिद्धमादानमिति ब्राह्मणे न पृथग्विहितम् । विस्पष्टीकरणार्थं तु सूत्रकारेण 'प्रतिप्रस्थाताꣳशून् षडादत्ते' इत्युक्तम् 'षडार्द्रानंशून् संश्लिष्टानादाय चर्मणि निधाय' इत्यापस्तम्बश्रौतसूत्रात् । अंशुभिरित्युक्तस्य बहुत्वसामान्यस्य तद्विशेषे पर्यवसानमाह—षड्भिः पावयतीति । अंशूनां विहिता षट्त्वसंख्या स्तूयत ऋतुत्वसम्पादनेन—षड्वा ऋतव इति । सोमरसकर्मकमेतत् पावनमृतुरूपैरेवांशुभिः कृतवान् भवेदित्यर्थः । आत्तानां षण्णामंशूनां मध्ये वक्ष्यमाणेषूपांशुग्रहणपर्यायेषु त्रिष्वप्येकैकस्मिन् पर्याये द्वौ द्वावंशून् ग्रहबिले निदध्यात् । तदाह कात्यायनः—'आत्तानां च द्वौ

प्रक्रिया के अनुसार 'वाचस्पतये पवस्व' इत्यादि तीन मन्त्रों के द्वारा उपांशु नामक ग्रह का ग्रहण किया जाता है। यह उपांशु

द्वावन्तर्दधाति ग्रहणभेदात्' (का० श्रौ० ९।४।२२)। 'मन्त्रलिङ्गाच्च' (का० श्रौ० ९।५।२३)। ग्रहणपर्यायाणां त्रित्वाद् वृष्णो अंशुभ्यामिति (वा० सं० ७।१) ग्रहणमन्त्रगतद्विवचनलिङ्गाच्च। अस्मिन् पक्षे पर्यायत्रयसंख्यां संकलय्य षड्भिरिति ब्राह्मणे षट्त्वं द्रष्टव्यम्। 'अंशुभ्या७ ह्येनं पावयति' इति मन्त्रव्याख्यानब्राह्मणगतां-शुद्वित्वपरामर्शादपि षड्भिरिति बहुवचनं सङ्कलनाभिप्रायमेवेति निगम्यते। एकैकस्मिन् ग्रहणपर्यायेंऽशुषट्क-विधिपरं षड्भिः पावयतीति ब्राह्मणवाक्यमिति मत्वा कात्यायनेनोक्तम्—'षड्वा श्रुतिसामर्थ्यात्' (का० श्रौ० ९।४।२४)। 'अंशुभ्याम्' (वा० सं० ७।१) इति हि मन्त्रे द्विवचने लिङ्गम्, अंशुभ्यां ह्येनं पावयतीति तद् व्याख्यानं ब्राह्मणवाक्यं च मन्त्रार्थाविष्करणमात्रपरम्, न तु द्वित्वविधिपरम्! हीति प्रसिद्धिर्मन्त्राभिप्राय-विवक्षयैव। इत्थं मन्त्रलिङ्गाद् द्वित्वम्, षड्भिरिति विधिश्रुत्या तु बहुत्वम्। श्रुतिश्च लिङ्गाद्बलीयसी। यथा 'कदाचन स्तरीरसि' (वा० सं० ३।३४) इति ऐन्द्री ऋक् 'ऐन्द्रया गार्हपत्यमुपतिष्ठते' इति कात्यायनस्याभिप्रायः।

'तदाहुः। यद७शुभिरुपा७शुं पुनाति सर्वे सोमाः पवित्रपूता अथ केनास्या७शवः पूता भवन्तीति (श० ४।१।१।४)। आत्तानामंशूनां पुनरपि सोमे योजनविधानाय याज्ञिकानां जिज्ञासामवतारयति - तदाहुरिति। तत् तस्मिन्नंशुविषये आहुर्जिज्ञासन्ते यद् यस्मात् कारणादुपांशुसोमरसः षड्भिरंशुभिः पूयते, अन्यतर्यामादिसोमास्तु दशापवित्रेण पूयन्ते, न तृतीयं पावनसाधनमस्ति। अत एतेंऽशवः केन पूयन्ते? उक्तप्रश्नस्योत्तरत्वेन समन्त्र-कमुपनिवापं विदधाति—'तानुपनिवपति यत्ते सोमादाभ्यं नाम जागृवि तस्मै ते सोम सोमाय स्वाहेति तदस्य स्वाहाकारेणैवा७शवः पूता भवन्ति सर्वं वा एष ग्रहः सर्वेषा७ हि सवनाना७ रूपम्' (श० ४।१।१।५)। षडंशूनन्तर्यामाद्यर्थे सन्निहिते सोमे यत्त इति मन्त्रेण क्षिपतीत्यर्थः। हे सोम, त्वदीयं यन्नाम शत्रुभिरदाभ्य-मतिरस्कार्यम्, जागृवि जागरूकम्, हे सोम! तस्मै सोमाय ते तादृक् सोमनामधारिणे तुभ्यमिदं सोमांशुद्रव्यं स्वाहा स्वाहुतमस्त्विति। क्षेपे च सति तैरेवान्तर्यामादिसोमैः सह प्रक्षिप्तानामंशूनामपि वसतीवरीसंसर्गोऽभिषवणे दशापवित्रेण पवनमिति संस्कारा भविष्यन्ति। तदेवाह—तदस्य स्वाहाकारेणैवांशवः पूता भवन्तीति। तत् तथा सत्यस्योपांशोरन्तर्धानार्था अंशवोऽपि स्वाहेति क्रियते यस्मिन् प्रक्षेपे तेन प्रक्षेपेण पूता भवन्तीति योजना। उपांशोरन्तर्धानाय पृथगात्तानामंशूनां सवनत्रयसम्बन्धिनि सोमे पुनः प्रक्षेपे हेतुमाह—सर्वं वा। अयं ग्रहः सकल-सोमयागात्मकः, यतः सवनत्रयरूपमिह दृश्यते। अतः सवनत्रयात्मकैतद्ग्रहसम्बन्धिनामंशूनां सवनत्रयसम्बन्धिनि सोमे योजनमुचितमिति भावः। अस्य ग्रहस्य सवनत्रयात्मकत्वमभिषवविधिब्राह्मणे स्पष्टम्। 'देवा ह वै यज्ञं तन्वानाः। ते असुरराक्षसेभ्य आसङ्गाद्बिभयाञ्चक्रुस्ते होचुः स७स्थापयाम यज्ञं यदि नोऽसुरराक्षसान्यासजेयुः स७स्थित एव नो यज्ञः स्यादिति' (श० ४।१।१।६)। उपांशुग्रहस्य सवनत्रयात्मकत्वं प्रातःसवनस्य सवन-त्रयात्मकत्वनिदर्शनेन द्रढयितुमाख्यायिकामाह - देवा इति। 'आ सायमनुष्ठीयमाने यज्ञे असुरा राक्षसा ज्ञात्वा आसक्ताः सन्तो जघ्नुः। 'ते प्रातःसवन एव सर्वं यज्ञ७ समस्थापयन्नेतस्मिन्नेव ग्रहे यजुष्टः प्रथमे शस्त्र ऋक्तस्तेन स७स्थितेनैवात ऊर्ध्वं यज्ञेनाचरन् स एषोऽप्येतर्हि यज्ञः सन्तिष्ठत एतस्मिन्नेव ग्रहे यजुष्टः प्रथमे स्तोत्रे सामतः प्रथमे शस्त्रे ऋक्तस्तेन स७स्थितेनैवात ऊर्ध्वं यज्ञेन चरति' (श० ४।१।१।७)। प्रातःसवनत्रयात्मकं यज्ञं समस्थापयन्। ऋग्यजुःसाममन्त्रैर्हि सवनत्रयात्मकं कर्म सम्पद्यते। अतः प्रातःसवने उपांशुग्रहगतयजुर्मन्त्रैरेव

ग्रह तथा आगे उल्लिखित किया जाने वाला अन्तर्याम ग्रह ये दोनों अधाराग्रह हैं। ऐन्द्रवायव ग्रह तो धाराग्रह है। सोमयाग में दो प्रकार के ग्रह होते हैं—अधाराग्रह तथा धाराग्रह। शतपथ ब्राह्मण में याज्ञिक विनियोग के अनुकूल मन्त्रार्थ उपदिष्ट है।

यजुष्ट्वाविशेषात् सवनान्तरवर्तियजुःसाध्यमपि कर्म सम्पन्नम् । एवं प्रथमस्तोत्रशस्त्रगताभ्यामृक्सामाभ्यामिति संग्रहेण संस्थिते एव तु द्वितीयतृतीयसवने पुर्नविस्तारेणान्वतिष्ठन्निति । अत इदानीमपि तथा, अतो यथा प्रातः-सवनस्य सवनत्रयात्मकत्वमेवमुपांशुग्रहस्यापि । 'स वा अष्टौ कृत्वोऽभिपुणोति । अष्टाक्षरा वै गायत्री गायत्रं प्रातः-सवनं प्रातःसवनमेवैतत् क्रियते' (श० ४।१।१।८) । स प्रहरति त्रिभिरभिषुणोतीति विहिताभिषवपर्यायत्रयमध्ये प्रथमपर्याये प्रहारसंख्याविशेषं विधत्ते—स वा अष्टौ कृत्वोऽभिषुणोतीति । सोमे गाव्णा अष्टकृत्वः प्रहारं करोतीत्यर्थः । संख्यासामान्येन प्रहारस्य गायत्र्यात्मकत्वात् तदात्मप्रातःसवनरूपमेतत्कर्म सम्पन्नमित्यर्थः ।

'स गृह्णाति । वाचस्पतये पवस्वेति प्राणो वै वाचस्पतिः प्राण एष ग्रहस्तस्मादाह वाचस्पतये पवस्वेति वृष्णो अꣳशुभ्यां गभस्तिपूत इति····पाणी वै गभस्ती पाणिभ्याꣳ ह्येनं पावयति' (श० ४।१।१।९) । बर्हिष्पवित्राद् गृह्णातीति विहितं ग्रहणं स गृह्णातीत्यनूद्य मन्त्रं विनियुज्य व्याचष्टे—स गृह्णातीत्यादिना गभस्तिपूत इत्यन्तेन मन्त्रेण । वैशब्दः प्रसिद्धौ । 'एष एव बृहस्पतिर्वाग्वै बृहती तस्या एष पतिः' (बृ० उ० १।३।२०) इति बृहस्पति-निर्वचने वागात्मिकां बृहतीं प्रति प्राणस्य पतित्वाभिधानाद् वाचस्पतित्वं प्राणस्य प्रसिद्धम् । उपांशुपात्रे गतस्य सोमरसस्य च प्राणत्वं प्रागुक्तमेव—'प्राणो ह वास्य' (४।१।१।१) इति । हे सोमरस, त्वं वाचस्पतित्वाय प्राणत्वाय पूतो भवेत्यर्थ इति सायणाचार्यः । वर्षति सोममिति वृषा सोमः, तस्यांशुभ्याम् । अत्र पात्रधारणे पाण्योः करणत्वम्, तद्द्वारान्तर्धानेन तु सोमांशोरिति द्वारभेदेनैकस्मिन्नपि पात्रे पाण्योरंशोश्च न विकल्पः । 'अथैकादश-कृत्वोऽभिषुणोति । एकादशाक्षरा वै त्रिष्टुप् त्रैष्टुभं माध्यन्दिनꣳ सवनं माध्यन्दिनमेवैतत्सवनं क्रियते' (श० ४।१।१।१०) । 'स गृह्णाति । देवो देवेभ्यः पवस्वेति देवो ह्येष देवेभ्यः पवते येषां भागोऽसीति तेषामु ह्येष भागः' (श० ४।१।१।११) । द्वितीयग्रहणपर्याये प्रहारसंख्याविशेषं विधत्ते—अथैकादशेति । संख्यासामान्येन प्रहारं त्रिष्टुबात्मकं माध्यन्दिनसवनमेवैतत्कर्म क्रियते । द्वितीयग्रहणपर्याये मन्त्रं विनियुञ्जानः क्रमेण तद्भागौ व्याचष्टे—स गृह्णातीति । शुक्लप्रतिपदादितिथिषु चन्द्रस्यैकैककलावृद्धौ सोमलतायाः एकैकं पत्रमुत्पद्यते । कृष्णप्रतिपदादिषु चन्द्रस्यैकैककलाह्रासे सोमलताया एकैकं पत्रं निपततीति सुश्रुतादौ प्रसिद्धम् । अतोऽयं सोमश्चन्द्रात्मकतया देवः । सा प्रसिद्धिर्हिशब्देनोच्यते—देवो हि येषां भागोऽसि तेषामु ह्येष भागः ।

